हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शनिवार • 30.05.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 302 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 4 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### अजय कोचर बने नौसेना के 48वें उप प्रमुख

**नयी दिल्ली :** ऑपरेशन सिंदूर के रणनीतिकार रहे वाइस एडमिरल अजय कोचर ने शुक्रवार को नई दिल्ली में नौसेना स्टाफ के नए वाइस चीफ का पदभार संभाल लिया। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के तहत नौसेना की महत्वपूर्ण संपत्तियों की आक्रामक फॉरवर्ड तैनाती को लागू करने में अहम भूमिका निभाई थी। वाइस एडमिरल कोचर ने वाइस एडमिरल संजय वात्स्यायन की जगह ली है, जिन्हें पश्चिमी नौसेना कमान का अगला प्रमुख नियुक्त किया गया है। वाइस एडमिरल ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद साउथ ब्लॉक में उन्हें 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया गया।

### ट्विशा शर्मा मामले में पति और सास को पांच-पांच दिन की सीबीआई रिमांड

**भोपाल :** अभिनेत्री और मॉडल ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत के मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की विशेष अदालत ने शुक्रवार को मृतका की सास (रिटायर्ड जज) गिरिबाला सिंह और पति समर्थ सिंह को न्यायाधीश शोभना भलावे के समक्ष पेश किया। जहां अदालत ने सीबीआई की मांग पर दोनों को 5-5 दिन की रिमांड पर भेज दिया है। दरअसल, सुनवाई के दौरान जांच एजेंसी के वकीलों ने मामले की कड़ियों को जोड़ने और गहन पूछताछ के लिए दोनों आरोपितों की 5-5 दिन की रिमांड मांगी, जिस पर बचाव पक्ष के वकीलों ने कोई आपत्ति नहीं जताई। अदालत ने दोनों की 5 दिन की सीबीआई रिमांड मंजूर कर ली है। समर्थ सिंह पहले से ही सीबीआई की हिरासत में था, जिसकी रिमांड अवधि अब 5 दिन और बढ़ा दी गई है।

### खड़े ट्रक से टकराया वाहन, 4 की मौत

**गुवाहाटी :** गुवाहाटी के बाहरी क्षेत्र डिमोरिया में राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को हुए एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब अरुणाचल प्रदेश सरकार का एक वाहन सड़क किनारे खड़े ट्रक से पीछे से जा टकराया। फिलहाल, इस घटना में मृतकों की पहचान नहीं हो सकी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सरकारी वाहन तेज रफ्तार में था। इसी दौरान चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सड़क किनारे खड़े खड़े ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार चारों लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य चलाकर वाहन में फंसे शवों को बाहर निकाला गया। बाद में सभी शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

### गंडक नदी में डूबीं तीन किशोरियां

**गोपालगंज :** बिहार के गोपालगंज जिले के मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र स्थित डुमरिया घाट पर एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जहाँ गंडक नदी पार करने के दौरान तीन किशोरियां पानी के तेज बहाव में बह गईं और लापता हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब तीनों लड़कियां रोजाना की तरह अपने खेतों में काम करने के लिए तैरकर नदी पार कर रही थीं। पानी की गहराई का सही अंदाजा न होने के कारण वे अचानक गहरे पानी में चली गईं और तेज धारा की चपेट में आ गईं। लापता किशोरियों की पहचान स्थानीय टंडसपुर गांव की रहने वाली लड़कियों के रूप में हुई है, जिनमें से दो चंदन यादव की और एक मजिस्टर राय की बेटी है।

## मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने की नगर विकास विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा

# जलस्रोतों से अतिक्रमण हटाने का सख्त निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड (रांची) स्थित आवासीय कार्यालय में नगर विकास एवं आवास विभाग की अद्यतन प्रगति की एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इस बैठक में विभागीय मंत्री सुदिव्य कुमार और राज्य के मुख्य सचिव अविनाश कुमार सहित कई वरीय अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम जनता को निर्धारित समय सीमा के भीतर मिलना चाहिए, क्योंकि विभाग का मूल उद्देश्य केवल भौतिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करना नहीं बल्कि नागरिकों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाना है।

बैठक में मुख्यमंत्री सोरेन ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद कड़ा रुख अख्तियार किया। उन्होंने अधिकारियों को शहरी क्षेत्रों से गुजरने वाली नदियों, तालाबों, डैमों और नालियों पर बने अवैध निर्माणों को चिन्हित कर तत्काल हटाने का आदेश दिया। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमणकारियों को लिखित नोटिस जारी किया जाए और खाली न करने की स्थिति में उनके खिलाफ प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कर अवैध संरचनाओं को ध्वस्त किया जाए। राजधानी के ऐतिहासिक कांके डैम के संरक्षण के लिए उन्होंने कैचमेंट एरिया की घेराबंदी करने और डैम में सीधे गिरने वाले गंदे नालों को तत्काल बंद करने की समयबद्ध कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिया।



### रिंग रोड पर लगेंगे सोलर पैनल, झिरी कचरा डंपयार्ड का होगा आधुनिक निस्तारण

शहरी बुनियादी ढांचे को आधुनिक बनाने के क्रम में मुख्यमंत्री ने रांची सहित राज्य के सभी रिंग रोड के किनारे अगले 15 दिनों के भीतर सोलर पैनल और स्मार्ट स्ट्रीट लाइट लगाने से संबंधित प्रस्ताव कैबिनेट से पारित कराने का निर्देश दिया। साथ ही रिंग रोड क्षेत्र में वाटर और सीवर पाइपलाइन बिछाने की बात कही। शहरों की सबसे बड़ी चुनौती कचरा प्रबंधन को लेकर उन्होंने रांची के झिरी स्थित 'लीगेसी वेस्ट' (कचरे के पहाड़ों) का आधुनिक तकनीकों के माध्यम से वैज्ञानिक निस्तारण करने पर जोर दिया और आम नागरिकों से गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करने की अपील की।

### परियोजनाओं में देरी बर्दाश्त नहीं, डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम होगा मजबूत

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दो टूक शब्दों में सचेत किया कि किसी भी शहरी विकास परियोजना में अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समयबद्धता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए 'डिजिटल मॉनिटरिंग सिस्टम' को और अधिक सशक्त किया जाएगा। मानसून से पूर्व जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान निकालने, सड़कों के किनारे लगे पेड़ों की ट्रिमिंग करने तथा शत-प्रतिशत घरों में पाइपलाइन से शुद्ध पेयजल पहुँचाने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर राजमहल, साहिबगंज और धनबाद में संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यप्रणाली का भी सीधा अवलोकन किया।



मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में तेलंगाना के उप मुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क, झारखंड कांग्रेस के प्रभारी के. राजू एवं झारखंड कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने शिष्टाचार मुलाकात की।

## जहरीली शराब पीने से 12 की मौत



एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र के पुणे जिले के हड़पसर और फुगे वाड़ी इलाके में कथित तौर पर जहरीली देसी शराब पीने से 12 लोगों की मौत हो गई जबकि कई लोगों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। सभी का इलाज जारी है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को इस घटना की जानकारी मिलते ही पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार से बात की और इस घटना को अत्यंत गंभीर बताया। साथ ही दोषियों पर कठोर से कठोर कार्रवाई करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसी को बक्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। मामले की छानबीन की जा रही है।

राज्य आबकारी विभाग के आयुक्त अतुल कानड़े ने बताया कि इस घटना में पाडुरंग फुगे, विजय प्रकाश राठौड ,राजेंद्र प्रकाश राठौड ,राजू राजपूत ,अकबर पठाण ,बाबा शेख ,आनंद देसाई और आनंद निकालजे की मौत हो गई है। जबकि सुभाष डिगीकर ,अक्षय अवसरमल का इलाज जारी है। इस घटना में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## सीबीएसई ने टाली पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया एक जून से शुरू होगा ऑनलाइन पोर्टल

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2026 की परीक्षाओं के बाद आयोजित होने वाली अंक सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया को अस्थाई रूप से स्थगित कर दिया है। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार यह डिजिटल पोर्टल शुक्रवार से शुरू होना था, परंतु तकनीकी सुदृढ़ता और व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से बोर्ड ने अब इसे 1 जून 2026 से क्रियाशील करने का निर्णय लिया है। बोर्ड प्रशासन का कहना है कि इस अतिरिक्त समय का उपयोग वेबसाइट को मजबूत करने के लिए किया जा रहा है ताकि आवेदन के दौरान विद्यार्थियों को किसी तकनीकी बाधा का सामना न करना पड़े।

इस वर्ष की व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव भी किया गया है जिसके तहत छात्र अब अपनी पूरी उत्तर पुस्तिका की सामान्य जांच की मांग नहीं कर सकेंगे। इसके स्थान पर परीक्षार्थियों को हर सवाल के हिसाब से अलग-अलग आपत्ति दर्ज करानी होगी। यदि किसी छात्र को किसी विशेष प्रश्न के प्राप्तांक पर संदेह है, तो वह केवल उसी प्रश्न को चुनकर दोबारा जांच की मांग कर सकेगा, जिसका मूल्यांकन विषय विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। यह संपूर्ण प्रक्रिया शिक्षा मंत्रालय के नए ऑनलाइन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) तंत्र के तहत संचालित होगी, जिसमें उत्तर पुस्तिकाओं की डिजिटल जांच की जाती है।

यह पुनर्मूल्यांकन सुविधा केवल उन्हीं छात्र-छात्राओं को मिलेगी जिन्होंने पहले अपनी जांची गई उत्तर पुस्तिका की डिजिटल प्रति (स्कैन कॉपी) प्राप्त की होगी। छात्र पहले अपनी कॉपी का मिलान बोर्ड की आधिकारिक अंकन योजना से करेंगे और विसंगति पाए जाने पर ही आपत्ति दर्ज कर सकेंगे। शुल्क संरचना की बात करें तो बोर्ड द्वारा पहले प्रति उत्तर पुस्तिका सत्यापन के लिए 500 और पुनर्मूल्यांकन के लिए 100 प्रति सवाल तय किया गया था, जिसे शिक्षा मंत्रालय के नए निर्देशों के बाद संशोधित किया गया है। नए नियमों के अंतर्गत अब स्कैन कॉपी के लिए 100 प्रति विषय, सत्यापन के लिए 100 प्रति विषय तथा पुनर्मूल्यांकन के लिए 25 प्रति प्रश्न का शुल्क निर्धारित किया गया है, और यदि जांच में अंक बढ़ते हैं तो यह शुल्क वापस कर दिया जाएगा।

## नीट पेपर लीक मामला

### संसदीय समिति के समक्ष पेश हुए सीबीआई निदेशक

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी)-2026 पेपर लीक मामले में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के महानिदेशक अभिषेक सिंह और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के निदेशक प्रवीण सूद शुक्रवार को संसद की सरकारी आश्वासन समिति के समक्ष पेश हुए। परीक्षा में कथित अनियमितताओं और जांच की प्रगति की समीक्षा के लिए इन अधिकारियों ने संसदीय समिति को जानकारी दी। राज्यसभा सदस्य एम. थंबीदुरई की अध्यक्षता वाली इस संसदीय समिति में अध्यक्ष सहित कुल 11 सदस्य हैं। बैठक की अध्यक्षता थंबीदुरई ने की। बैठक में शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग के सचिव भी मौजूद रहे। समिति ने नीट-यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले की जांच और अब तक की कार्रवाई पर विस्तृत जानकारी मांगी।

## निर्माणाधीन पुल का स्लैब ढहने से 6 की मौत, कई के दबे होने की आशंका

एजेंसी

**हमीरपुर :** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में बेतवा नदी पर बन रहे नए पुल की स्लैब व शटरिंग शुक्रवार तड़के आंधी और तूफान के बीच भरभराकर ढह गई। जिसके मलबे में दबकर छह मजदूरों की मौत हो गई। अभी कुल लोगों के मलबे दबे होने की आशंका है। पुलिस और प्रशासन के अफसर मौके पर पहुंच गए है। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ टीम को लगाया गया है।

जानकारी के मुताबिक जिले के ललपुरा क्षेत्र के परसनी और कंडौर के बीच बेतवा नदी पर एक नया पुल का निर्माण पिछले तीन सालों से चल रहा है। आज तड़के करीब तीन बजे सभी मजदूर निमार्णाधीन पुल के नीचे सो रहे थे। तभी तेज आंधी और तूफान के दौरान पुल की स्लैब शटरिगं भरभराकर ढह गई। हादसे के बाद कई मजदूर मलबे में दब गए। सूचना पाते ही पुलिस और सेतु निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे। राहत एवं बचाव कार्य के लिए एसडीआरएफ को लगाया गया है। अभी तक मलबे से चिल्ला बांदा निवासी लोकेन्द्र (24) पुत्र राधेश्याम निषाद, कुलदीप (21) पुत्र प्रेमचन्द्र निषाद, भूरागढ़ बांदा निवासी सावंत (30), स्वासा ललपुरा हमीरपुर निवासी सभाजीत (30), पुष्पेन्द्र सिंह (35) व अछपुरा ललपुरा निवासी राजेश पाल (41) के शव निकाले गए है। मजदूरों ने राजेश, कल्लू व अवधेश समेत अन्य मजदूरों के मलबे में दबे होने की आशंका जताई है। बचाव दल ने पुल के पिलर में फंसे तीन मजदूरों को बचा लिया गया है।

### मुख्यमंत्री योगी ने जताया शोक, मृतकों के परिजनों को पांच-पांच लाख की आर्थिक मदद की घोषणा



मुख्यमंत्री नें श्रमिकों की मौत पर गहरा शोक प्रकट किया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के आश्रितों को पांच-पांच लाख रुपये तथा घायलों को पचास-पचास हजार रुपये की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

## राबड़ी देवी को बंगला खाली करने का दोबारा नोटिस

एजेंसी

**पटना :** बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री और विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष राबड़ी देवी को पटना के 10 सर्कुलर रोड स्थित उनका सरकारी आवास खाली करने के लिए एक बार फिर से नोटिस जारी किया गया है। सूबे की सम्राट चौधरी सरकार ने इस प्रतिष्ठित बंगले को अब राज्य सरकार के नए डेयरी, मत्स्य और पशुपालन मंत्री नंद किशोर राम को आवंटित कर दिया है।

भवन निर्माण विभाग के संयुक्त सचिव सह भू-संपदा पदाधिकारी ने राबड़ी देवी के आप्त सचिव को पत्र लिखकर इस आदेश की आधिकारिक जानकारी दी है और उनसे जल्द से जल्द आवास खाली करने का अनुरोध किया है।

राज्य सरकार ने राबड़ी देवी को नेता प्रतिपक्ष के नाते पहले ही पटना के 39 हार्डिंग रोड पर एक नया बंगला आवंटित कर रखा है।



### 25 दिन में दूसरा नोटिस

विभागीय सूत्रों के अनुसार, भवन निर्माण विभाग ने करीब 25 दिन पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री को नोटिस भेजकर 10 सर्कुलर रोड स्थित आवास खाली करने को कहा था। तय समय सीमा के भीतर बंगला खाली नहीं होने के बाद विभाग को दोबारा पत्र जारी करना पड़ा है। चूंकि अब यह आवास कैबिनेट मंत्री नंद किशोर राम के नाम आवंटित हो चुका है, इसलिए विभाग इस पर त्वरित कार्रवाई चाहता है।

## सरकार का बड़ा फैसला: देश के 1 करोड़ डिलीवरी ब्वॉयज और ड्राइवरों को मिलेगा मुफ्त इंश्योरेंस और कैश सपोर्ट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** देश में तेजी से बढ़ते गिग और प्लेटफॉर्म इकोनॉमी सेक्टर को ध्यान में रखते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार एक बड़ी कल्याणकारी योजना शुरू करने जा रही है। इस योजना के तहत डिलीवरी बॉय, फ्रीलांसर और ऐप आधारित वाहन चालकों (गिग वर्कर्स) को दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य सुविधाएं, मातृत्व लाभ (मैटरनिटी सपोर्ट) और वृद्धावस्था सुरक्षा जैसे बड़े तोहफे मिलेंगे।

इसके अतिरिक्त, कामगारों को बच्चों की पढ़ाई के लिए एजुकेशन लोन, आपातकालीन स्थिति में नकद (कैश) सहायता और अंतिम संस्कार जैसे खर्चों के लिए भी वित्तीय मदद दी जाएगी।



### नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड को हरी झंडी

श्रम और रोजगार मंत्रालय के संयुक्त सचिव और महानिदेशक (श्रम कल्याण) आशुतोष पेडनेकर ने इस योजना की पुष्टि करते हुए बताया कि सरकार ने इसके लिए कदम बढ़ा दिए हैं। उन्होंने कहा, गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिए 'नेशनल सोशल सिक्योरिटी बोर्ड' के गठन को मंजूरी दे दी गई है। यह बोर्ड विशेष रूप से इन कामगारों के कल्याण के लिए नीतियां तैयार करेगा। इसके साथ ही इन योजनाओं को सुचारू रूप से चलाने के लिए एक समर्पित 'सोशल सिक्योरिटी फंड' भी बनाया जा रहा है।

### कंपनियों को 22 जून तक का अल्टीमेटम

सरकार ने सभी एग्रीगेटर और प्लेटफॉर्म कंपनियों (जैसे स्विगी, जोमैटो, ओला, उबर आदि) को सख्त निर्देश दिए हैं कि वे 22 जून तक अपने सभी कर्मचारियों का डेटा ई-श्रम पोर्टल पर दर्ज कर दें। डेटा फीड होने के बाद सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे और पारदर्शी तरीके से कामगारों के खातों तक पहुंच सकेगा।

### ऐप के जरिए होगी रियल-टाइम ट्रैकिंग

नई व्यवस्था के तहत कंपनियों का डेटा और ई-श्रम पोर्टल आपस में सीधे लिंक होंगे। इससे कर्मचारियों को मिलने वाले लाभों की 'रियल-टाइम ट्रैकिंग' (तुरंत निगरानी) की जा सकेगी। वहीं, कामगार खुद एक मोबाइल ऐप के जरिए यह देख सकेंगे कि उन्हें कौन-कौन सी सुविधाएं मिल रही हैं और उनके क्या अधिकार हैं।

### क्या है सरकार का अनुमान?

वर्तमान में भारत में लगभग 1 करोड़ गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स कार्यरत हैं। सरकार का अनुमान है कि इस दशक के अंत तक (वर्ष 2030 तक) इनकी संख्या बढ़कर 2.5 करोड़ तक पहुंच सकती है। यही कारण है कि नए श्रम कानूनों के तहत पहली बार इस क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया जा रहा है।

## एक नजर

### सड़क ग्रामीण अर्थव्यवस्था के विकास का मूल आधार : विधायक



**विष्णुगढ़ :** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा प्रखंड अंतर्गत चटकरी से उच्चाघाना वाया रोहिंगियाटांड तक सड़क निर्माण की आधारशिला रखी गई। मांडू विधायक निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो ने शिलापट्ट का अनावरण का निर्माण कार्य की शुरूआत की। सड़क की कुल लंबाई करीब दो किमी है। सड़क निर्माण करीब ढ़ाई रुपए की लागत से कराया जाएगा। में ग्रामीण सड़क निर्माण कार्य का भव्य शिलान्यास मांडू के लोकप्रिय माननीय विधायक श्री निर्मल महतो उर्फ तिवारी महतो जी के कर-कमलों द्वारा संपन्न हुआ। इस मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क वर्षों से ग्रामीणों की चीर प्रतिक्षित मांग थी। अब इस सड़क के बन जाने से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। सड़क निर्माण से इलाके के विकास को एक नई गति मिलेगी। कहा कि सड़क ग्रामीण व्यवस्था के विकास में अहम भूमिका निभाता है। सड़कों के अलावा अन्य मुलभूत विकास योजनाओं के लिए वे सदैव प्रयत्नशील हैं। सड़क का शिलान्यास होने से ग्रामीणों में उत्साह देखा गया। मौके पर आजसू प्रखंड अध्यक्ष अजय मण्डल, सचिव हरीश पटेल, जिला उपाध्यक्ष लिलो महतो, विधायक प्रतिनिधि धीरज कुमार साव, दिनेश साव, पंकज महतो, किरण भारती, राजेंद्र मंडल समेत कई ग्रामीण एवं आजसू-भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### करेडारी के पचड़ा सिझुवा में फांसी के फंदे से लटका मिला युवक का शव

**केरेडारी :** प्रखंड के पचड़ा पंचायत के सिजुवा गांव स्थित तिनफेडवा में एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान सिजुवा निवासी कैलाश भुइयां के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में शोक और भय का माहौल व्याप्त है जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार का शव घर से लगभग पांच सौ मीटर दूर तिनफेडवा जंगल के समीप फंदे से लटका हुआ मिला। सुबह घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना केरेडारी पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि मामला आत्महत्या का है या फिर इसके पीछे कोई अन्य कारण है। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए गहन जांच कर रही है।

पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता की 65वीं वैवाहिक वर्षगांठ पर दी गई शुभकामनाएं

# किसानों और विस्थापितों की आवाज बुलंद करने की जरूरत : भुवनेश्वर प्रसाद मेहता

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** अखिल भारतीय किसान सभा के जननायक स्वामी सहजानंद सरस्वती एवं किसान आंदोलन विषय पर शुक्रवार को हजारीबाग शहर स्थित सीपीई कार्यालय मंजूर भवन में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कामरेड अब्दुल मजीद अंसारी ने की, जबकि संचालन महेंद्र राम ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कामरेड केडी सिंह शामिल हुए। उन्होंने कहा कि आज किसानों के




अधिकार, भूमि, विस्थापन और कृषि संकट जैसे मुद्दों पर देशभर में व्यापक संघर्ष की जरूरत है। किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठित आंदोलन ही सबसे बड़ा माध्यम है। उन्होंने स्वामी सहजानंद सरस्वती के संघर्षों को याद करते हुए किसान एकता पर बल दिया। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महासचिव पुष्कर महतो एवं सीपीएम के जिला सचिव गणेश कुमार ने भी अपने विचार रखे। पुष्कर महतो ने कहा कि किसानों, मजदूरों और विस्थापितों के सवालों को लेकर लगातार संघर्ष जारी रखना होगा। उन्होंने जनसंघर्षों की विरासत को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर झारखंड विस्थापित संघर्ष मोर्चा एवं झारखंड किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि किसानों, गरीबों और विस्थापितों के अधिकारों की लड़ाई निरंतर जारी रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक न्याय और किसानों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर संघर्ष करना समय की मांग है। इस दौरान पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता के शादी की 65वीं वर्षगांठ पर उपस्थित लोगों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम में बोकारो जिला अध्यक्ष पंचानन महतो, अधिवक्ता शंभू कुमार, ईश्वर प्रसाद मेहता, युगल ठाकुर, प्रवीण मेहता, सुदेशी पासवान, किशोरी प्रजापति, मदन, पार्वती देवी, दिलचंद यादव, दशरथ प्रसाद मेहता, विजय मिश्रा, अमर कुमार, राजकुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने मोदी सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की

- सही में गौहत्या रोकनी है तो राष्ट्रीय पशु का दर्जा दो, मुस्लिमों को किया जा रहा टारगेट



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा ने मोदी सरकार पर गाय को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया है। उन्होंने केंद्र सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है।

**'राजनीति नहीं, ठोस कदम उठाए सरकार'**

इकबाल रजा ने कहा, यदि मोदी सरकार सही में गौ हत्या और गौ तस्करी बंद कराना चाहती है तो फिर क्यों नहीं गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित कर देती। केवल गाय पर राजनीति हो रही है। यह बंद होनी चाहिए।

**'सबसे ज्यादा बीफ निर्यात मोदी सरकार में'**

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार सिर्फ गाय पर राजनीति कर रही है। "मोदी सरकार के कार्यकाल में ही सबसे ज्यादा बीफ निर्यात किया जाता है। फिर भी मुस्लिम समुदाय को टारगेट किया जा रहा है"

**मांग: राष्ट्रीय पशु का दर्जा**

इकबाल रजा ने कहा कि अगर सरकार की नीयत साफ है तो गाय को राष्ट्रीय पशु का दर्जा देकर कानूनन सुरक्षा दे। सिर्फ बयानों और वोट की राजनीति से गाय नहीं बचेगी।

## माहवारी पर खुलकर बोलीं किशोरियां स्वच्छता को लेकर किया गया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** समाज कल्याण विभाग, हजारीबाग द्वारा शुक्रवार को प्रखंड सभागार में "माहवारी स्वच्छता दिवस 2026" के अवसर पर किशोरी बालिकाओं हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन सदर परियोजना में किया गया। कार्यक्रम में हजारीबाग सदर शहरी एवं सदर ग्रामीण क्षेत्र की किशोरियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी एवं मासिक धर्म स्वच्छता से संबंधित सही एवं वैज्ञानिक जानकारी प्रदान करना, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा समाज में व्याप्त भ्रांतियों एवं मिथकों को दूर करना था। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। इसके अतिरिक्त सदर ग्रामीण एवं सदर शहरी के बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला




पर्यवेक्षिकाएं, आंगनवाड़ी कार्यकताएं, सी3 के अभिनव कुमार तथा अश्अ के आदित्य कुमार सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम बड़कागांव, कटकमसांडी, चुरचू, सदर और डाडी प्रखंड में भी आयोजित की गई थी। उन्मुखीकरण कार्यक्रम के दौरान किशोरियों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक परिवर्तनों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही मासिक धर्म, मासिक चक्र, माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता, संतुलित पोषण, सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग एवं निस्तारण, संक्रमण से बचाव तथा मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में माहवारी से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियों एवं मिथकों पर भी खुलकर संवाद किया गया तथा बालिकाओं को बिना झिझक अपनी समस्याएँ एवं अनुभव साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिन्हा ने कहा कि किशोरियों के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं जागरूकता के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत आवश्यक हैं।

## हर्षोल्लास एवं अकीदत के साथ मनाया गया ईद-उल-अजहा का पर्व

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** ईद-उल-अजहा का पर्व गुरुवार को हजारीबाग शहर में श्रद्धा, उल्लास एवं आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर की मस्जिदों एवं ईदगाहों में मुस्लिम धर्मावलंबियों की भीड़ उमड़ पड़ी, जहां विशेष नमाज अदा कर देश-दुनिया में अमन, शांति, तरक्की एवं खुशहाली की दुआ मांगी गई। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद उल अजहा की मुबारकबाद दी। बकरीद के मौके पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा अकीदत एवं एहतराम के साथ कुबार्नी की रस्म अदा की गई। उलेमा-ए-किराम एवं इमामों ने अपने बयान में फरमाया कि ईद-उल-अजहा का यह मुकद्दस पर्व पैगंबर हजरत इब्राहिम की अजीम सुन्नत और अल्लाह के प्रति उनकी बेपनाह वफादारी की याद दिलाता है। अल्लाह के हुक्म पर हजरत इब्राहिम (अलैहिस्सलाम) ने अपने सबसे अजीज बेटे हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) की कुबार्नी देने की



तैयारी की थी, लेकिन अल्लाह की कुदरत से हजरत इस्माइल (अलैहिस्सलाम) की जगह एक दुम्बा कुर्बान हो गया। अल्लाह को उनके बेटे की जान नहीं, बल्कि उनका ईमान, सब्र, समर्पण और आज्ञाकारिता पसंद आई। यही संदेश ईद-उल-अजहा पूरी इंसानियत को देता है। यह पर्व त्याग, बलिदान, सेवा, भाईचारे और इंसानियत की भावना को मजबूत करता है। इस अवसर पर पूरे शहर में उत्साह एवं उल्लास का माहौल देखने को मिला। बच्चों एवं युवाओं में भी खासा उत्साह नजर आया। ईद-उल-अजहा के अवसर पर हजारीबाग शहर की जामा मस्जिद, गौसिया मस्जिद मिल्लत कॉलोनी, आला हजरत मस्जिद पगमिल, सुल्तान-उल-हिंद मस्जिद पगमिल, मस्जिद-ए-आईशा नसीम कॉलोनी पगमिल, अल मतीन मस्जिद कल्लू चौक, नूरी मस्जिद लोहसिंघना, मस्जिद-ए-अरकम अंसार नगर पगमिल, गौसिया मस्जिद मंडई कलां, आशिक-ए-हुसैन मस्जिद रहमत नगर पेलावल, मस्जिद-ए-औलिया तकिया मजार नवाबगंज, इंद्रपुरी मस्जिद, कचहरी मस्जिद डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक सहित शहर एवं आसपास की तमाम मस्जिदों में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग की बड़ी कार्रवाई, 1400 किलोग्राम जावा महुआ विनष्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त हेमन्त सती के निदेर्शानुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, संचय एवं परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से उत्पाद विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सहायक आयुक्त उत्पाद, हजारीबाग के निर्देशन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में सदर एवं बड़ा बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। छापेमारी के दौरान हुरहुरु क्षेत्र में 4, कुम्हारटोली क्षेत्र में 7 तथा पारनाला क्षेत्र में गहरे नाले के किनारे गड्ढा खोदकर छुपाकर रखी गई 5 अलग-अलग अवैध महुआ चुलाई शराब भट्ठियों पर कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान संचालित भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। कार्रवाई के क्रम में घटनास्थल एवं आसपास छुपाकर रखा गया लगभग 1400 किलोग्राम किन्वयन योग्य जावा महुआ विनष्ट किया गया। साथ ही शराब निर्माण



में प्रयुक्त सामग्री, बर्तन आदि जब्त किए गए एवं करीब 370 लीटर अवैध चुलाई शराब बरामद की गई। उत्पाद विभाग द्वारा बताया गया कि मामले में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान की जा रही है तथा उनके विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग दर्ज करने की प्रक्रिया जारी है। इस छापेमारी अभियान में निरीक्षक उत्पाद सौरभ कुमार झा, अवर निरीक्षक उत्पाद भुनेश्वर नायक, अवर निरीक्षक उत्पाद सुमितेश कुमार, उत्पाद आरक्षी अनूप कुमार सिंह एवं सशस्त्र गृह रक्षा वाहिनी के जवान शामिल थे। अवैध शराब के निर्माण एवं कारोबार के विरुद्ध आगे भी सघन अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## बदमाशों ने महिला के गले से चेन छिन हुए फरार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** शुक्रवार सुबह एक महिला के साथ सोने का गले का चेन छिनतई की घटना सामने आई है। बदमाशों ने सोने का चेन समझकर झपट मार महिला के गले छीना परंतु वह निकला रोल गोल्ड की चेन।इस दौरान महिला सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर रूप घायल महिला को प्राथमिक इलाज के लिए बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर कर दिया गया। घायल महिला उर्मिला देवी पति सुखदेव साव सामंतों पेट्रोल पंप के समीप की निवासी हैं। शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे वह दूध लाने के लिए घर से निकली थीं। इसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे दो बदमाश ब्लू कलर की अपाचे बाइक पर पहुंचे



और महिला के गले से चन छीनने का प्रयास किया। चेन खींचने के क्रम में महिला असंतुलित होकर पक्की सड़क पर गिर गई, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। बदमाश चेन लेकर मौके से फरार हो गए। बाद में पता चला कि बदमाश सोने की चेन समझकर रोल गोल्ड की चौन छीन ले गए। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई । वहीं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से बदमाशों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। दिनदहाड़े हुई इस घटना से इलाके में दहशत का माहौल है।

## थाना प्रभारी ने पॉस्को एक्ट मामले में एक को भेजा जेल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव थाना प्रभारी के द्वारा लगातार कार्रवाई जारी है। पॉस्को एक्ट मामले में गिरफ्तार कर एक युवक को जेल भेज दिया।मामले को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित लड़की के पिता के द्वारा मामले को लेकर आवेदन दिया गया था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी ने तत्वरित कार्रवाई करते हुए बड़कागांव थाना कांड संख्या 88/26 दिनांक 20 मई धारा 126 (2) ,127 (2) 74 , 352 , 351(2) , 3 (2) बीएनएस एवं 8 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज की ।दर्ज मामले के तहत प्राथमिकी अभियुक्त संदीप कुमार पिता शंकर गुप्ता ग्राम सिकरी निवासी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।




बताते चलें कि थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के आवेदन मिलते ही किसी भी मामले में त्वरित कार्रवाई की जा रही है और कई मामलों का उद्वेदन कर मामले में संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।

**क्या है मामला**

पीड़ित के पिता के द्वारा आवेदन देकर गुहार लगाते हुए कहा गया कि मेरी 14 वर्षीय पुत्री हजारीबाग में रूम लेकर पढ़ाई करती थी। और प्रतिदिन साइकिल से ट्यूशन पढ़ने के लिए जाती थी। ट्युशन जाने के दौरान सत कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के समीप सीकरी निवासी संदीप कुमार मोटरसाइकिल से आकर मेरी पुत्री की साइकिल को रोककर पिस्तौल दिखाकर जबरदस्ती मोटरसाइकिल में बिठाकर इंटर साइंस कॉलेज के पीछे ले जाकर छेड़छाड़ व जबरदस्ती करने लगा। जब मेरी पुत्री विरोध करने लगी तो मारपीट करने लगा। मारपीट के दौरान वह बेहोश हो गई। होश आने के बाद मेरी बेटी किसी तरह फोन की तो मैं पुत्री के पास गया।और पुत्री को अपने साथ रूम लेकर चला आया। पुणः आरोपी दो लोगों के साथ रूम पर आकर हम लोगों के साथ गाली गलौज व मारपीट करने लगा और मेरी बेटी के साथ दुर्व्यवहार करने लगा।मैं अपनी पुत्री को लेकर अपना घर आ गया लेकिन यहां भी मोटरसाइकिल से आकर मेरे घर पर आकर धमकी देने लगा।

## संक्षिप्त खबरें

### धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं : मनोज यादव



**बरही :** बरही के गौरिया गांव में भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक मनोज कुमार यादव ने किया। श्रीशतचंडी महायज्ञ के मौके पर आयोजित भक्ति जागरण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि धार्मिक आयोजन समाजिक समरसता और अध्यात्मिक चेतना को मजबूत करते हैं। भक्ति जागरण में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। विधायक ने कहा कि महायज्ञ और जागरण जैसे अध्यात्मिक समारोह लोगों को संस्कृति और परंपरा से जोड़ने का कार्य करते हैं। आयोजन समिति एवं ग्रामीणों की सराहना करते हुए कहा कि सभी के सहयोग से यह आयोजन क्षेत्र में धार्मिक आस्था का केंद्र बन गया है। जागरण कार्यक्रम में जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव, जिप प्रतिनिधि गणेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि राजन ओम, प्रो जयप्रकाश आनंद, रितेश गुप्ता, महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया मनोज कुमार, सचिव रामचंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रकाश पंडित, उपाध्यक्ष विनोद यादव, उपसचिव मनोज विश्वकर्मा, उपकोषाध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा, संरक्षक डॉ. विशेश्वर कुमार, उपसंरक्षक प्रकाश विश्वकर्मा, संजय कुमार वर्मा उप मुखिया धनु महतो, आशीष पासवान, रवि यादव, सकलदेव पांडे, कैलाश यादव, रामकृपाल चंद्रवंशी, सनोज चंद्रवंशी, बबलू ठाकुर, राजदेव यादव, विनोद पंडित, सीएसपी अजय यादव, कारू कुम्हार, शुभम गुप्ता, सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार, शिवकुमार राणा, ललन चंद्रवंशी, जितेंद्र रजक, विजय भुईयां, विनोद भुईयां, उदय सिंह, निर्भय सिंह, सुनील राणा, विनोद यादव, प्रसादी राणा, बंटू नीचे टोला, राहुल पंडित, दिलीप कुमार वर्मा, करण भुईयां समेत अनेक श्रद्धालु शामिल थे।

### हजारीबाग के नए एसपी अमन कुमार से मिले जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव



**बरही :** हजारीबाग जिला परिषद के उपाध्यक्ष किशुन यादव ने शुक्रवार को हजारीबाग के नवनियुक्त पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमन कुमार से उनके कार्यालय में शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर उपाध्यक्ष ने एसपी को अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत और सम्मान किया। मुलाकात के दौरान किशुन यादव ने बरही विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को एसपी के समक्ष रखा। उन्होंने क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और मजबूत बनाने, पुलिस गश्ती बढ़ाने तथा आम लोगों की शिकायतों के त्वरित निष्पादन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बरही क्षेत्र में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय जरूरी है। वहीं एसपी अमन कुमार ने भी क्षेत्र की समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करने तथा आम जनता को बेहतर पुलिसिंग उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान क्षेत्र की जनसुरक्षा, अपराध नियंत्रण एवं प्रशासनिक सहयोग से जुड़े कई मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

### बेंदगी हरिजन मोहल्ला में 63 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन, ग्रामीणों को मिलेगी बेहतर बिजली सुविधा



**बरही :** प्रखंड अंतर्गत बेंदगी हरिजन मोहल्ला में 63 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि सह महामंत्री दिनेश साव ने किया। ट्रांसफार्मर लगने से क्षेत्र के लोगों को अब लो वोल्टेज और बिजली संबंधी समस्याओं से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। मौके पर वार्ड सदस्य मनोज कुमार साव, दिलीप रजक, सुरेंद्र साव, रेवल रविदास, विनोद रविदास, कुंदन कुमार, करण कुमार, विजय रविदास, सुरेश रविदास, दुर्गा रविदास, वार्ड सदस्य फुलमतिया देवी, विनोद भुईयां, सुलझा भुईयां एवं महादेव भुईयां सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। इस मौके पर दिनेश साव ने कहा कि ट्रांसफार्मर की मांग लंबे समय से की जा रही थी। इसके चालू होने से मोहल्ले में बिजली आपूर्ति सुचारू होगी और लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### विभावि के प्रबंधन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव संपन्न




**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग के यूनिवर्सिटी डिपार्मेंट ऑफ मैनेजमेंट में 29 मई 2026 को वो कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी कंपनी लिमिटेड (Vivo Communication Technology Co. Ltd.) द्वारा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का सफल आयोजन शुक्रवार को किया गया। इस अवसर पर MBA/PGDM के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इसकी जानकारी देते हुए डॉ मिता रानी सिंह ने बताया कि कंपनी द्वारा Management Trainee (MT) पद हेतु HR, Finance एवं Marketing प्रोफाइल के लिए भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। चयन प्रक्रिया के अंतर्गत विद्यार्थियों का व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया गया। इसमें छात्रों के संचार कौशल, विषय ज्ञान, नेतृत्व क्षमता एवं प्रबंधन दक्षता का मूल्यांकन किया गया। प्रबंधन विभाग के निदेशक डॉ मोख्तार आलम ने बताया कि कंपनी के त्फ़ प्रतिनिधियों ने छात्रों को कॉर्पोरेट संस्कृति एवं करियर अवसरों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी पूरे आत्मविश्वास एवं उत्साह के साथ इंटरव्यू में भाग लिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग के शिक्षकों एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट सेल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। विभाग के निदेशक डॉ. एमडी मोख्तार आलम एवं प्रशिक्षण एवं प्लेसमेंट पदाधिकारी डॉ. मीता रानी सिंह ने कंपनी प्रतिनिधियों एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## एक नजर

### अनियमितताओं पर श्रमिक संघ ने उठाई उच्चस्तरीय जांच की मांग

**रांची :** झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ ने झारखण्ड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेयूवीएनएल) में कथित प्रशासनिक अनियमितताओं को लेकर उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। संघ ने आरोप लगाया है कि निगम में स्थानांतरण आदेशों के बाद भी प्रशासनिक हस्तक्षेप जारी है और कुछ मामलों में बैक-डेटिंग के जरिए फाइलों का निष्पादन किया जा रहा है।
संघ के अध्यक्ष अजय राय ने शुक्रवार को जेयूवीएनएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा और जारी बयान में उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में निगम के भीतर कुछ महत्वपूर्ण और संवेदनशील फाइलों के निष्पादन को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं, जो प्रशासनिक पारदर्शिता पर चिंता पैदा करते हैं। आरोपों के अनुसार, स्थानांतरण आदेश लागू होने के बाद भी कुछ स्तरों पर पूर्व प्रभाव के तहत फाइलों के निपटान और प्रशासनिक निर्णय लिए जा रहे हैं। संघ का कहना है कि यदि बैक-डेटिंग के आधार पर आदेश जारी किए जा रहे हैं, तो यह विभागीय नियमों और वैधानिक प्रक्रिया का गंभीर उल्लंघन है। संघ ने मांग की है कि स्थानांतरण के बाद निष्पादित सभी फाइलों और आदेशों की स्वतंत्र जांच कराई जाए तथा संबंधित रिकॉर्ड को सुरक्षित रखा जाए। साथ ही दोषी पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने की भी मांग की गई है।
इसके अलावा, संघ ने निगम में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए स्पष्ट प्रशासनिक दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया है।

### परिसीमन को लेकर आदिवासी संगठनों ने जताई चिंता

**रांची :** प्रस्तावित लोकसभा एवं विधानसभा परिसीमन को लेकर झारखंड में आदिवासी समाज ने गहरी चिंता जताई है। इस मुद्दे पर विभिन्न आदिवासी संगठनों की ओर से परिसीमन का आदिवासी समाज पर प्रभाव विषय पर आगामी 31 मई को रांची प्रेस क्लब में रणनीतिक बैठक और सेमिनार आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजक शशि पन्ना और अनिल अमिताभ पन्ना ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में आदिवासी आरक्षित सीटों में कटौती स्वीकार नहीं की जाएगी। साथ ही चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी की गई, तो व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आयोजकों के अनुसार, राज्य के सभी 24 जिलों से सामाजिक अगुआ, बुद्धिजीवी, अधिवक्ता, शिक्षाविद्, छात्र-युवा प्रतिनिधि और सामाजिक कार्यकर्ता इस बैठक में शामिल होंगे। शशि पन्ना ने बताया कि यदि जनसंख्या आधारित परिसीमन को सामाजिक और ऐतिहासिक परिस्थितियों को नजरअंदाज कर लागू किया गया, तो आदिवासी आरक्षित सीटों में कमी आ सकती है। इससे आदिवासी समाज के राजनीतिक प्रतिनिधित्व और संवैधानिक अधिकारों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका है।

### साइबर ठगी गिरोह के चार अपराधी गिरफ्तार

**रांची :** रांची के गोंदा थाना पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है।
गिरफ्तार आरोपितों में जामताड़ा जिले के नारायणपुर निवासी काजल कुमार मंडल, रामगढ़ निवासी आनंद कुमार, बोकारो जिले के ललपनिया निवासी बिक्की और रामगढ़ के सौदागर मोहल्ला निवासी शाकिब अंसारी शामिल हैं। पुलिस ने इनके पास से बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री बरामद की है, जिसमें विभिन्न बैंकों के नाम पर बने 50 पासबुक, 26 डेबिट कार्ड, 8 चेकबुक, 13 मोबाइल फोन और 3 आधार कार्ड शामिल हैं।

# बारिश से मौसम हुआ सुहावना
# तापमान में 6 से 7 डिग्री की गिरावट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची समेत राज्य के कई जिलों में शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश ने मौसम का मिजाज बदल दिया। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी और उमस से परेशान लोगों को बारिश के बाद बड़ी राहत मिली। बारिश के कारण राज्य के विभिन्न हिस्सों में तापमान में छह से सात डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई, जिससे मौसम सुहाना हो गया।
मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों तक राज्य में इसी प्रकार बारिश होने की संभावना जताई है। विभाग के अनुसार, उत्तर-पूर्वी और मध्यवर्ती जिलों में शनिवार को भी मौसम खराब रह सकता है। बोकारो, धनबाद, कोडरमा, हजारीबाग, रांची और रामगढ़ समेत कई जिलों में बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरने और 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की आशंका व्यक्त की गई है। इसे देखते हुए मौसम विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।
मौसम वैज्ञानिकों ने लोगों से खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की अपील की है। खासकर किसानों और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को खुले मैदान, पेड़ों और बिजली के खंभों के पास नहीं जाने की सलाह दी गई है। विभाग ने आकाशीय बिजली गिरने की संभावना को देखते हुए आवश्यक सावधानी बरतने को कहा है।
पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक अधिकतम तापमान डाल्टनगंज में 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान लातेहार में 18.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं वर्षा के आंकड़ों पर नजर डालें तो कोडरमा डीवीसी क्षेत्र में सबसे अधिक 40.5 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। इसके अलावा सतगांव में 39 मिलीमीटर, कोनार डीवीसी में 31 मिलीमीटर, दारू में 14.2 मिलीमीटर, रामगढ़ जिले के गोला में 11 मिलीमीटर, बरही में 10.2 मिलीमीटर तथा पांकी में सात मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई।
शुक्रवार को रांची और आसपास के क्षेत्रों में सुबह से मौसम साफ था, लेकिन दोपहर बाद अचानक काले बादल छा गए और तेज बारिश शुरू हो गई। बारिश के बाद वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों को उमस एवं गर्मी से राहत मिली। कई इलाकों में लोगों ने बारिश का आनंद भी लिया।
राज्य के विभिन्न शहरों के तापमान की बात करें, तो रांची में अधिकतम तापमान 36.4 डिग्री और न्यूनतम 24.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 36 डिग्री और न्यूनतम 27.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 41 डिग्री और न्यूनतम 22 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 36.5 डिग्री और न्यूनतम 25.6 डिग्री तथा चाईबासा में अधिकतम 36.8 डिग्री और न्यूनतम 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

## रांची विश्वविद्यालय में फ्लिपकार्ट का मेगा प्लेसमेंट ड्राइव, बड़ी संख्या में छात्रों ने लिया भाग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की ओर से शुक्रवार को मोरहाबादी कैंपस स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के सभागार में फ्लिपकार्ट की मेगा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम रांची विश्वविद्यालय के डीन (छात्र कल्याण) डॉ. सुदेश कुमार साहू, प्रॉक्टर एवं व्यावसायिक अध्ययन परिषद के निदेशक डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता तथा इंस्टीट्यूट ऑफ मास कम्युनिकेशन के निदेशक डॉ. बसंत की उपस्थिति में संपन्न हुआ। फ्लिपकार्ट की ओर से पूर्वी क्षेत्र के वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ कुमार ने भर्ती दल का नेतृत्व किया और छात्रों को कंपनी में उपलब्ध करियर अवसरों, कार्य संस्कृति तथा पेशेवर विकास की संभावनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम की शुरूआत प्लेसमेंट सेल द्वारा अतिथियों और कंपनी प्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करने के साथ हुई।
स्वागत भाषण में डीन (छात्र कल्याण) डॉ. सुदेश कुमार साहू ने छात्रों को ऐसे प्लेसमेंट अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने और अपने करियर निर्माण के लिए निरंतर प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय छात्रों को बेहतर रोजगार अवसर उपलब्ध कराने के लिए उद्योग जगत से लगातार जुड़ाव बढ़ा रहा है।
इसके बाद आयोजित प्री-प्लेसमेंट टॉक में सौरभ कुमार ने फ्लिपकार्ट की कार्यप्रणाली, उपलब्ध पदों, करियर ग्रोथ, कर्मचारी सुविधाओं और कार्यस्थल की अपेक्षाओं पर विस्तृत जानकारी साझा की। इस दौरान छात्रों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए भर्ती प्रक्रिया से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका कंपनी प्रतिनिधियों ने विस्तार से उत्तर दिया।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ. मुकुंद चंद्र मेहता ने कहा कि इस प्रकार की प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों को उद्योग जगत से जोड़ने और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने फ्लिपकार्ट एवं विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल की इस पहल की सराहना की।

## ट्रस्ट ने बच्चों के बीच किया शिक्षण सामग्री का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** बंका मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से हातमा मोरहाबादी स्थित टीम हेल्प की ओर से संचालित प्रगति केंद्र में शुक्रवार को बच्चों के बीच शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर मौजूद ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक बंका और सदस्य अमित कुमार ने बच्चों को कॉपी, पेंसिल, रबड़, कटर सहित अन्य आवश्यक शिक्षण सामग्रियों का वितरण किया। ट्रस्ट के सदस्यों ने बच्चों से बातचीत कर उन्हें नियमित पढ़ाई करने और शिक्षा के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया।
इस अवसर पर दीपक बंका ने कहा कि शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे मजबूत नींव है। आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को सहयोग देना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों से अनुशासन के साथ पढ़ाई करने, नियमित विद्यालय जाने और शिक्षकों एवं अभिभावकों का सम्मान करने की अपील की।
अमित कुमार ने कहा कि जरूरतमंद बच्चों के बीच समय बिताकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित करना सुखद अनुभव है। उन्होंने बताया कि ट्रस्ट की ओर से आगे भी इस प्रकार के सामाजिक और शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।
कार्यक्रम में प्रगति केंद्र के शिक्षक रमेश कुमार सहित कई बच्चे मौजूद थे।

## रेलवे स्टेशन के पास ट्रैक पर युवती का शव बरामद, पुलिस जांच में जुटी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** रांची रेलवे स्टेशन के समीप शुक्रवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी।
स्थानीय लोगों के अनुसार, सुबह स्टेशन के पास से गुजर रहे लोगों ने रेलवे पटरी पर एक शव पड़ा देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तत्काल स्टेशन प्रबंधन और पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस और आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और आसपास के क्षेत्र की छानबीन की।
प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवती ट्रेन की चपेट में आ गई होगी, हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अभी किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचा गया है। मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है, जिसमें हत्या और आत्महत्या दोनों संभावनाओं को ध्यान में रखा गया है।
पुलिस के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 20 से 25 वर्ष के बीच बताई जा रही है। तलाशी के दौरान उसके पास से कोई पहचान पत्र या अन्य सामान नहीं मिला, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस आसपास के लोगों और स्टेशन पर मौजूद यात्रियों से पूछताछ कर रही है।

## रांची जिला शतरंज चैम्पियनशिप का सांसद महुआ माजी ने किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** रांची जिला शतरंज चैम्पियनशिप 2026 का औपचारिक उद्घाटन समारोह शुक्रवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के चैंबर भवन कार्यालय में अत्यंत उत्साह, गरिमा और खेल भावना के साथ संपन्न हुआ। इस गौरवपूर्ण खेल आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय राज्यसभा सांसद श्रीमती महुआ माजी उपस्थित रहीं, जिन्होंने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में उप महापौर श्री नीरज कुमार तथा एफजेसीसीआई के अध्यक्ष श्री आदित्य मल्होत्रा की गरिमामयी उपस्थिति रही। अतिथियों ने शतरंज की बिसात पर पहली चाल चलकर प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।
अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सांसद महुआ माजी ने कहा कि शतरंज महज एक खेल नहीं है, बल्कि यह युवाओं के मानसिक विकास, धैर्य और रणनीतिक सोच को मजबूत करने का सबसे उत्तम माध्यम है। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस खेल से अधिक से अधिक संख्या में जुड़ने की अपील की। वहीं, एफजेसीसीआई के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने सभी नवोदित खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के जिला स्तरीय आयोजन राज्य की खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय पटल पर आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होते हैं।

### झारखंड के जलाशयों में मत्स्य शिकार तकनीकों का सर्वेक्षण संपन्न, निदेशक ने कहा

## वैज्ञानिक तरीके से मत्स्य उत्पादन मछुआरों की समृद्धि में होगा सहायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची/मुंबई :** झारखंड राज्य के प्रमुख जलाशयों में मत्स्य शिकार की वर्तमान स्थिति, मछुआरों द्वारा उपयोग की जा रही पारंपरिक मछली पकड़ने की तकनीकों तथा भविष्य में उन्नत मत्स्य प्रौद्योगिकी के उपयोग की संभावनाओं के आकलन हेतु 26 से 28 मई, 2026 तक झारखंड के प्रमुख जलाशयों का क्षेत्रीय सर्वेक्षण किया गया। यह सर्वेक्षण डॉ.श्रवण कुमार शर्मा, वैज्ञानिक, (भाकृअनुप) केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान, मुंबई अनुसंधान केंद्र द्वारा किया गया।
सर्वेक्षण के अंतर्गत गेतलसूद, तेनुघाट, कांके, हटिया, मैथन एवं पंचेत जलाशयों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जलाशयों में उपलब्ध मत्स्य संसाधनों, मछली पकड़ने की वर्तमान पद्धतियों, उपयोग किए जा रहे मत्स्य जालों, नावों, मत्स्य शिकार की चुनौतियों तथा स्थानीय मछुआरों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकताओं का अध्ययन किया गया। विभिन्न स्थलों पर मछुआरों, मत्स्य सहकारी समितियों तथा स्थानीय हितधारकों से चर्चा कर जलाशय आधारित मत्स्यिकी की व्यावहारिक समस्याओं और संभावित तकनीकी समाधानों की जानकारी प्राप्त की गई।

### झारखंड के जलाशयों में मत्स्य उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं

सर्वेक्षण में यह पाया गया कि झारखंड के जलाशयों में मत्स्य उत्पादन की पर्याप्त संभावनाएं उपलब्ध हैं, परंतु उन्नत एवं वैज्ञानिक मत्स्य शिकार तकनीकों, उपयुक्त मत्स्य जालों, सुरक्षित एवं ऊर्जा दक्ष नावों तथा आधुनिक प्रशिक्षण की आवश्यकता है। जलाशयों की भौगोलिक स्थिति, जल की गहराई और स्थानीय परिस्थितियों को देखते हुए क्षेत्र विशेष के अनुरूप मत्स्य शिकार तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता महसूस की गई।
सर्वेक्षण के आधार पर झारखंड के मछुआरों के लिए उन्नत एवं आधुनिक मत्स्य प्रौद्योगिकी प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रारंभ करने की योजना बनाई जाएगी। प्रशिक्षण में वैज्ञानिक तरीके से मछली पकड़ने की तकनीक, बेहतर एवं चयनात्मक मत्स्य जालों का उपयोग, जलाशय मत्स्यिकी के लिए उपयुक्त नावों का संचालन, ऊर्जा दक्ष तथा पर्यावरण अनुकूल विद्युत एवं सौर ऊर्जा आधारित मछली पकड़ने वाली नावों की जानकारी, मछली पकड़ने के दौरान सुरक्षा उपाय तथा मत्स्य संसाधनों के सतत उपयोग पर विशेष बल दिया जाएगा।
भविष्य में झारखंड के चयनित जलाशयों में उन्नत मत्स्य जालों, आधुनिक मत्स्य शिकार तकनीकों तथा विद्युत एवं सौर ऊर्जा आधारित मछली पकड़ने वाली नावों के प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने का प्रस्ताव है। इसका उद्देश्य मछुआरों की आय में वृद्धि, ईंधन खर्च में कमी, मत्स्य शिकार की दक्षता में सुधार तथा जलाशय मत्स्यिकी को अधिक टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाना है।
इस संबंध में अमरेन्द्र कुमार, (निदेशक मत्स्य) ने बताया कि झारखंड के जलाशयों में वैज्ञानिक तरीकों, उपयुक्त प्रशिक्षण और उन्नत मत्स्य उपकरणों के माध्यम से मत्स्य उत्पादन एवं मछुआरों की आजीविका में उल्लेखनीय सुधार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए भा.कृ.अनु.प -केन्द्रीय मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा बेहतर मत्स्य प्रौद्योगिकियों के प्रसार और प्रशिक्षण कार्यक्रमों को आगे बढ़ाया जाएगा।
डा. श्रवण शर्मा ने बताया कि यह सर्वेक्षण झारखंड राज्य में जलाशय आधारित मत्स्यिकी के विकास, मछुआरों की क्षमता निर्माण तथा स्वच्छ, ऊर्जा दक्ष और टिकाऊ मत्स्य शिकार प्रणाली को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। इसके लिए निदेशक आईसीएआर-सीआईएफटी को धन्यवाद दिया।




माननीय राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से झारखंड स्टेट बार काउंसिल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ल ने लोक भवन, राँची में शिष्टाचार भेंट की।
उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय को शुक्ल ने राज्य के अधिवक्ताओं से संबंधित विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया तथा झारखण्ड में एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यसभा चुनाव को लेकर झामुमो-कांग्रेस की अहम बैठक, बीजेपी को हराने की रणनीति पर बनी सहमति

**रांची:** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों पर होने वाले चुनाव को लेकर सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। इसी कड़ी में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। करीब दो घंटे तक चली इस अहम बैठक के बाद कांग्रेस नेताओं ने संकेत दिए कि झामुमो और कांग्रेस एक मुद्दे पर पूरी तरह सहमत हैं—राज्यसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार की हार सुनिश्चित करनी है। बताया जा रहा है कि इस मुद्दे पर अंतिम फैसला मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन अगले एक-दो दिनों में ले सकते हैं। कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में हुई इस बैठक में तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्का, झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव और उपनेता राजेश कच्छप शामिल हुए। बैठक के बाद बाहर निकले नेताओं ने मीडिया से कहा कि बातचीत बेहद सकारात्मक रही और गठबंधन पूरी मजबूती के साथ चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहा है। बैठक के दौरान कांग्रेस ने राज्यसभा की एक सीट पर अपनी दावेदारी पेश की। झारखंड कांग्रेस प्रभारी के. राजू ने बताया कि इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री और गठबंधन के अन्य नेताओं के साथ सकारात्मक बातचीत हुई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्का को विशेष तौर पर रांची भेजा है ताकि झामुमो के साथ सहमति बन सके। उन्होंने कहा कि बैठक की पूरी रिपोर्ट कांग्रेस हाईकमान को सौंपी जाएगी।

### भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू में भीषण जल संकट, कांग्रेस प्रवक्ता ने उपायुक्त से की वार्ता

**खूंटी :** भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलीहातू में पिछले 21 दिनों से भीषण पेयजल संकट गहराया हुआ है, जिससे गाँव के 120 से अधिक परिवार पानी के लिए तरस रहे हैं। इस गंभीर जन-समस्या को लेकर झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता विजय शंकर नायक ने शुक्रवार को खूंटी उपायुक्त (डीसी) से दूरभाष पर वार्ता कर त्वरित कार्रवाई की मांग की, जिस पर उपायुक्त ने युद्धस्तर पर समाधान करने का आश्वासन दिया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि अत्यधिक गर्मी के कारण गाँव के पारंपरिक कुएँ सूख चुके हैं और पंप हाउस के पास बिजली की समस्या व लो-वोल्टेज के कारण पाइपलाइन जलापूर्ति पूरी तरह ठप है। वर्तमान में ग्रामीण महिलाएँ 'मलुकम डाड़ी' के रिसने वाले पानी से जैसे-तैसे काम चला रही हैं। गाँव में लगी सोलर जलमीनारें और टंकियाँ भी वर्षों से खराब पड़ी हैं। इस संकट को लेकर विजय शंकर नायक ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को भी पत्र भेजा है। उन्होंने मांग की है कि उलीहातू गाँव में तुरंत टैंकरों के माध्यम से पानी भेजा जाए, बिजली सुधार कर पाइपलाइन बहाल की जाए और भविष्य के लिए इस ऐतिहासिक गाँव में पेयजल का एक स्थायी (परमानेंट) प्रबंध सुनिश्चित किया जाए।

### नवीन केडिया के इंग्लैंड जाने की याचिका को एसीबी कोर्ट ने किया खारिज

**रांची :** झारखंड के चर्चित शराब घोटाला मामले में आरोपित नवीन केडिया को इंग्लैंड जाने की अनुमति नहीं मिली है। एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की विशेष अदालत ने विदेश यात्रा की अनुमति मांगे जाने से संबंधित उसकी याचिका खारिज कर दी है। नवीन केडिया ने एसीबी की विशेष अदालत में याचिका दायर कर एक जून से 23 जुलाई तक इंग्लैंड जाने की अनुमति मांगी थी। अपनी याचिका में उसने लंदन में आयोजित अपने बेटे के ग्रेजुएशन समारोह में शामिल होने, स्वास्थ्य जांच कराने और अन्य निजी कारणों का उल्लेख किया था। इसके साथ ही उसने विदेश यात्रा के लिए अपना पासपोर्ट वापस लौटाने का आग्रह भी अदालत से किया था। उल्लेखनीय है कि शराब घोटाला मामले में गिरफ्तार होने के बाद नवीन केडिया को उच्च न्यायालय से जमानत मिल चुकी है और फिलहाल वह जेल से बाहर है। जमानत की शर्तों के तहत उसने अपना पासपोर्ट एसीबी अदालत में जमा कराया था। इसी कारण विदेश यात्रा के लिए उसे अदालत से अनुमति लेनी आवश्यक थी। एसीबी ने गत 11 मार्च को नवीन केडिया को गिरफ्तार किया था। वह छत्तीसगढ़ के दुर्ग का निवासी है। उस पर झारखंड में निम्न गुणवत्ता वाली देसी शराब की आपूर्ति करने का आरोप है। इस मामले में एसीबी ने वरिष्ठ आईएएस अधिकारी विनय चौबे सहित कई लोगों को गिरफ्तार किया था। हालांकि, मामले में गिरफ्तार अधिकांश आरोपितों को अब जमानत मिल चुकी है। फिलहाल शराब घोटाला मामले की जांच जारी है।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में बीएसएनएल के पूर्व अधिकारी को तीन साल की सजा

**रांची :** रांची स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के तत्कालीन तकनीकी अधिकारी राम विनोद सिंह को दोषी ठहराते हुए तीन साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उन पर 25 लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना राशि जमा नहीं करने की स्थिति में उन्हें एक वर्ष की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। यह मामला वर्ष 1983 से 2007 के बीच का है। उस अवधि में राम विनोद सिंह बीएसएनएल के हजारीबाग कार्यालय में टेलीकॉम मैकेनिकल ऑफिसर (टीएमओ) के पद पर कार्यरत थे। जांच के दौरान यह सामने आया कि उन्होंने अपने सेवा काल में अपनी ज्ञात और वैध आय से लगभग 34 लाख रुपये अधिक की संपत्ति अर्जित की थी। मामले का खुलासा केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच के दौरान हुआ। इसके बाद सीबीआई ने वर्ष 2007 में राम विनोद सिंह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की।

## एक नजर

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने स्कूटी को मारी टक्कर मामा-भांजा घायल

**कोडरमा** : थाना क्षेत्र अंतर्गत लोकाई गोसाई टोला में सोमवार को तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर की चपेट में आने से स्कूटी सवार मामा-भांजा घायल हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जलवाबाद निवासी 30 वर्षीय मोनू खान अपने 14 वर्षीय भांजे अली खान के साथ स्कूटी से डोमचांच से घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार बालू लदे ट्रैक्टर ने अचानक मोड़ लिया, जिससे सामने से आ रही स्कूटी उसकी चपेट में आ गई। इस हादसे में स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और दोनों मामा-भांजा घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही कोडरमा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रैक्टर को जब्त कर लिया। इधर, स्थानीय लोगों ने तेज रफ्तार और अनियंत्रित बालू ट्रैक्टरों के परिचालन पर नाराजगी जताते हुए प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है।

### छाताबाद फायरिंग कांड में 22 नामजद सहित 10 अज्ञात पर मामला दर्ज

**धनबाद** : जिले के कतरास थाना क्षेत्र अंतर्गत छाताबाद दो नंबर में 27 मई को हुई मारपीट और फायरिंग मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। मामले में 22 नामजद सहित 10 अज्ञात लोगों के खिलाफ कतरास थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। घटना में दो लोगों को गोली लगी थी, जिनका इलाज जारी है। पुलिस जांच में सामने आया है कि विकास बजरंगी और अमित यादव के बीच पुरानी रंजिश चल रही थी, जिसे लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद हुआ और मामला फायरिंग तक पहुंच गया। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन नामजद आरोपितों में आनंद यादव, विवेक ठाकुर और करण दास को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक देशी पिस्टल, दो जिंदा कारतूस, दो खोखा और घटना में इस्तेमाल की गई स्कॉर्पियो वाहन को भी जब्त किया गया है। बाघमारा एसडीपीओ अजीत कुमार विमल ने शुक्रवार को प्रेसवार्ता कर पूरे मामले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है और किसी भी कीमत पर अपराधियों का मनोबल बढ़ने नहीं दिया जाएगा।

### बारिश से पटरी पर बढी फिसलन दुरंतो और मालगाड़ी का इंजन फेल

**कोडरमा** : शुक्रवार की सुबह मूसलाधार बारिश से नई दिल्ली-हावड़ा ग्रैंड कॉर्ड रेल सेक्शन पर रेल परिचालन पुरी तरह प्रभावित हुआ। गया- कोडरमा रेलखंड के घाटी सेक्शन में शुक्रवार सुबह तेज आंधी और बारिश के बाद रेल पटरी पर फिसलन बढ़ जाने से डाउन लाइन पर रेल परिचालन करीब डेढ़ घंटे तक प्रभावित रहा। इस दौरान बसकटवा हॉल्ट के पास चढ़ाई के समय दुरंतो एक्सप्रेस फंस गई, जिसे बाद में बैंकर इंजन की मदद से आगे बढ़ाया गया। इसके पीछे चल रही एक मालगाड़ी भी घाटी सेक्शन में अटक गई। बताया गया कि दुरंतो एक्सप्रेस सुबह करीब 8.30 बजे गया से कोडरमा की ओर जा रही थी। इसी दौरान तेज आंधी के साथ भारी बारिश हुई। लगभग आधे घंटे तक हुई बारिश से घाटी सेक्शन की पटरियों पर फिसलन बढ़ गई। बसकटवा हाल्ट के पास चढ़ाई चढ़ते समय दुरंतो ट्रेन के पहिए फिसलने लगे और ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी। इसके बाद चालक और गार्ड ने कंट्रोल रूम और संबंधित स्टेशन को सूचना दी। रेलवे विभाग ने तत्काल बैंकर इंजन भेजा, जिसे ट्रेन के पीछे जोड़कर दुरंतो एक्सप्रेस को घाटी पार कराया गया। इसी दौरान दुरंतो एक्सप्रेस के पीछे आ रही मालगाड़ी भी फिसलन के कारण घाटी सेक्शन में फंस गई।

## जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक सम्पन्न

# स्वीकृत योजनाओं का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए : अन्नपूर्णा देवी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : समाहरणालय सभागार में अन्नपूर्णा देवी केंद्रीय मंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग, भारत सरकार-सह-सांसद कोडरमा लोकसभा क्षेत्र एवं अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति, कोडरमा की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई।




बैठक में सर्वप्रथम पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर हुई कार्रवाई की समीक्षा की गई। तत्पश्चात केंद्रीय मंत्री द्वारा ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, पथ प्रमंडल, राष्ट्रीय उच्च पथ, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (शहरी), स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, जिला समाज कल्याण, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, डिजिटल भारत भू-अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम तथा बिजली विभाग से संबंधित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई।

केंद्रीय मंत्री ने दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना अंतर्गत दिए जा रहे प्रशिक्षण की जानकारी ली। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वीकृत योजनाओं का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना से संबंधित स्वीकृत योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया गया। राष्ट्रीय उच्च पथ द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने सर्विस लेन, नाली निर्माण एवं सड़क से जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

केंद्रीय मंत्री ने नगर परिषद झुमरी तिलैया एवं नगर पंचायत कोडरमा/डोमचांच में जलापूर्ति योजना, शहर की साफ-सफाई, नियमित पेयजल आपूर्ति एवं बिजली आपूर्ति सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली। पाइपलाइन बिछाने के कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजनों को पानी एवं बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही नियमित साफ-सफाई करने का निर्देश भी दिया।

स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत लंबित जलापूर्ति योजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को निर्देश दिया गया कि खराब चापाकलों की सूचना प्राप्त होते ही तत्काल मरम्मत सुनिश्चित करें। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम एवं जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत केंद्र प्रायोजित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी योग्य लाभुकों को योजनाओं का लाभ मिलना चाहिए। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना एवं लघु सिंचाई विभाग की समीक्षा के क्रम में सौर ऊर्जा चालित उद्वह सिंचाई योजना के निर्माण कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में साइबर सुरक्षा पर दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल में आयोजित दो दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस बार फोकस 'साइबर सिक्योरिटी एंड सोशल मीडिया सेफ्टी' के साथ 'स्टोरी टेलिंग ऐज अ पेडागॉजी' पर रहा। 50 शिक्षकों ने हिस्सा लेकर डिजिटल युग में बच्चों को सुरक्षित रखने और कक्षा को रोचक बनाने के व्यावहारिक गुर सीखे।

रिसोर्स पर्सन सूरज कुमार एवं अनीश लाकड़ा ने शिक्षकों को बताया कि बच्चे ऑनलाइन खतरों से कैसे बचें। पासवर्ड हाइजीन, टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन, फेक प्रोफाइल की पहचान, साइबर बुलिंग, डिजिटल फुटप्रिंट और प्राइवेसी सेटिंग्स पर लाइव डेमो दिया गया। शिक्षकों को 'थिंक बिफोर यू पोस्ट' और 'रिपोर्ट, ब्लॉक, टॉक' जैसे नियम सिखाए गए। बच्चों के लिए एज-एप्रोप्रिएट इंटरनेट यूज पर चार्ट भी तैयार कराए गए।

रिसोर्स पर्सन विकास कुमार एवं सलीम ने बताया कि कहानी सिर्फ मनोरंजन नहीं, सबसे ताकतवर टीचिंग टूल है। आवाज में उतार-चढ़ाव, बॉडी लैंग्वेज, प्रॉप्स और ओपन-एंडेड सवालों से मैथ्स से लेकर साइंस तक हर विषय को कहानी में पिरोना सिखाया गया। शिक्षकों से ग्रुप में पंचतंत्र से पायथागोरस तक कहानियां बनवाई गईं। प्राचार्य गुरुचरण वर्मा ने कहा, एक तरफ हमें बच्चे को साइबर वर्ल्ड में सुरक्षित रखना है, दूसरी तरफ क्लास को इतना रोचक बनाना है कि मोबाइल की लत न लगे।

## जेजे कॉलेज को जेसी बोस विश्वविद्यालय से जोड़ने के फैसले के खिलाफ छात्रों में आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा** : जेजे कॉलेज बचाओ समिति की बैठक शुक्रवार को झुमरीतिलैया स्थित जेजे कॉलेज परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पूर्व छात्र नेता महेश भारती ने की, जबकि संचालन देवेंद्र कुमार ने किया। बैठक में विनोबा भावे विश्वविद्यालय से संबद्ध जेजे कॉलेज समेत जिले के अन्य शैक्षणिक संस्थानों को गिरिडीह स्थित सर जेसी बोस विश्वविद्यालय में समाहित किए जाने के फैसले पर गहरा विरोध जताया गया।



बैठक में वक्ताओं ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जारी गजट छात्रों के हितों की अनदेखी करता है और इससे हजारों छात्र-छात्राओं को आवागमन सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। पूर्व छात्र नेता महेश भारती और रवि पासवान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए विश्वविद्यालय बनाए जाने पर किसी को आपत्ति नहीं है, लेकिन छात्रों की भावनाओं को आहत करने वाला फैसला स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने निर्णय वापस नहीं लिया तो छात्र सड़कों पर उतरकर आंदोलन करेंगे।

वक्ताओं ने सांसदों और विधायकों पर भी छात्रों की आवाज मजबूती से नहीं उठाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिले के जेजे कॉलेज, महिला कॉलेज और बीएड कॉलेज में 17 हजार से अधिक छात्र अध्ययनरत हैं, लेकिन उनके भविष्य से जुड़े मुद्दे सदन तक नहीं पहुंच सके। बैठक को शिक्षाविद् राम रतन अवध्या, समाजसेवी सुरेश यादव, राजद जिलाध्यक्ष महेंद्र यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप जोशी समेत कई लोगों ने संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर छात्रों के हित में एकजुट होने की अपील की।

इस दौरान जेजे कॉलेज बचाओ समिति का गठन किया गया। फिलहाल 17 सदस्यीय समिति बनाई गई है, जिसमें महेश भारती, देवेंद्र कुमार, रवि पासवान, मो. अलीशाद, कृष्णा यादव, रोहित यादव समेत कई लोगों को शामिल किया गया है।

## अस्पताल से चोरी हुआ एसी बरामद, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पतरातू से चोरी हुए एसी मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पतरातू पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी गया एसी बरामद कर लिया है और एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 29 मई 2026 को प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा स्वास्थ्य केंद्र से एसी चोरी की सूचना पुलिस को दी गई थी। इसके बाद पतरातू थाना में कांड संख्या 130/26 के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस जांच और छापेमारी के दौरान विकास कुमार उर्फ बौना (20 वर्ष), निवासी पतरातू ब्लॉक कैंपस क्वार्टर को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में



उसकी निशानदेही पर चोरी गया एसी बरामद कर लिया गया। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है।

### रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**मरकच्चो** : नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत कोडरमा-मधुपुर रेलखंड स्थित करमागढ़ा रेलवे पुल के समीप शुक्रवार सुबह एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया। शव पोल संख्या 31/25 एवं 31/27 के बीच रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। आशंका जताई जा रही है कि बीती रात किसी अज्ञात ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हुई। जानकारी के अनुसार नावाडीह रेलवे स्टेशन के कर्मचारी शुक्रवार सुबह रोज की तरह रेलवे ट्रैक का निरीक्षण करने निकले थे। इसी दौरान उनकी नजर रेलवे पटरी पर पड़े शव पर पड़ी, जिसके दोनों पैर कटे हुए थे। कर्मचारियों के शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। घटना की सूचना तत्काल नवलशाही थाना पुलिस और आरपीएफ को दी गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी सुमन कुमार, एसआई रवि प्रकाश पंडित तथा आरपीएफ के हेड कॉन्स्टेबल सी. हेम्बरोन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया। पुलिस फिलहाल शव की पहचान कराने में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जा रहा है और उसे पिछले चार-पांच दिनों से आसपास के इलाकों में भीख मांगते देखा गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### रोटरी क्लब कोडरमा के यूथ टैलेंट शो में कलाकारों ने बिखेरा हुनर का जलवा



**कोडरमा** : रोटरी क्लब कोडरमा द्वारा रोटरी सभागार में "यूथ टैलेंट शो – झुमरी तिलैया के हुनरबाज" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रतिभावान कलाकारों ने योगा, ताइक्वांडो, गायन, नृत्य, पेंटिंग, मिमिक्री, एक्टिंग, कॉमेडी समेत विभिन्न क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कलाकारों की प्रस्तुति ने उपस्थित सैकड़ों दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की शुरूआत राष्ट्रगान से हुई। प्रोजेक्ट डायरेक्टर मनीष अग्रवाल एवं सचिव संदीप सिन्हा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन सुरेश जैन ने किया। उन्होंने कलाकारों का परिचय देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष संतोष सिन्हा ने स्वागत भाषण में सभी कलाकारों की सराहना करते हुए कहा कि जिले के युवा ही भविष्य की पहचान हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और रोजगार के नए अवसर प्राप्त करने में मददगार साबित होंगे। कार्यक्रम में डांसिंग में शालिनी प्रियमावला, सिंगिंग में स्वाति कुमारी, पेंटिंग में रितिका कालरा, योग में शिवम कुमार, ताइक्वांडो में संगम राज एवं अमोली मोदी, गिटार में कृष्णा जायसवाल, एक्टिंग में प्रेम कुमार, बांसुरी वादन में केशव राणा और कविता पाठ में रवि गुप्ता ने अपनी प्रस्तुति दी। सभी प्रतिभागियों को रोटरी क्लब की ओर से मोमेंटो, पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही योग प्रशिक्षक आकाश सेठ, ताइक्वांडो प्रशिक्षक अशोक बरनवाल और चित्रकार राजेश प्रसाद (डोमचांच) को भी विशेष सम्मान दिया गया। रोटरी आई हॉस्पिटल की डॉ. संगीता प्रसाद ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। मौके पर जयकुमार गंगवाल, महेश दारूका, कैलाश चौधरी, नवीन आर्य, प्रकाश गुप्ता, कमल जैन, सिमरनजीत सिंह सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### बीचा पंचायत में सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ, ग्रामीणों में उत्साह



**रामगढ़** : प्रखंड स्थित बीचा पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने नारियल फोड़कर और विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सड़क योजना का शिलान्यास किया। इस सड़क के शुरू होने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल देखा गया। योजना के तहत लालू करमाली के घर से नारायण बेदिया के घर होते हुए कृष्णा बेदिया के घर तक लगभग 1.45 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। इसकी कुल लागत 1 करोड़ 14 लाख 16 हजार रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 700 मीटर पीसीसी सड़क और 750 मीटर कालीकरण सड़क शामिल है। निर्माण कार्य विंध्याचल कंस्ट्रक्शन को सौंपा गया है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोशन लाल चौधरी ने कहा कि ग्रामीण विकास सरकार की प्राथमिकता है और सड़क, बिजली, पानी तथा शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बेहतर सड़क से आवागमन आसान होगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने आगे कहा कि क्षेत्र में आने वाले समय में और भी विकास योजनाएं लागू की जाएंगी। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण और स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### भुरकुंडा में जीएसटी-जेटीपी निबंधन शिविर करदाताओं को मिली ऑनलाइन सुविधा



**भुरकुंडा** : उत्सव मैरेज हॉल में राज्य कर संयुक्त आयुक्त कार्यालय, रामगढ़ द्वारा जीएसटी और जेपीटी में अनिबंधित करदाताओं के लिए विशेष ऑनलाइन निबंधन शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स और चार्टर्ड अकाउंटेंट संघ के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारी, पेशेवर और आम लोग शामिल हुए। शिविर में कर अधिकारी मनीष मिंज ने बताया कि झारखंड में व्यवसाय और विभिन्न पेशों से जुड़े लोगों को जीएसटी एवं जेपीटी में निबंधन की सुविधा देने के लिए यह पहल की गई है। उन्होंने कहा कि ऑनलाइन निबंधन प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए तकनीकी सहायता और दस्तावेज जांच की सुविधा भी दी गई। रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों ने कहा कि राज्य के विकास में मजबूत कर प्रणाली की अहम भूमिका होती है और सभी व्यापारियों को समय पर निबंधन कराना चाहिए। चार्टर्ड अकाउंटेंट संघ के श्रीकांत ने बताया कि जिन व्यवसायियों का वार्षिक टर्नओवर 5 लाख रुपये या उससे अधिक है, उनके लिए निबंधन आवश्यक है। कार्यक्रम में अनुराग सिन्हा, दीपक कुमार पांडेय, नंदन कुमार, साकेत सिंह, पंकज यादव समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# रामगढ़ में सड़क सुरक्षा को लेकर प्रशासन सख्त, बिना हेलमेट पर कार्रवाई तेज



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़** : जिला समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को मजबूत करने और लोगों में जागरूकता बढ़ाने को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जिले में सड़क सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर 'हेलमेट नहीं, तो पेट्रोल नहीं' अभियान को सख्ती से लागू किया जाएगा। साथ ही बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने वालों पर लगातार चालान की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

उपायुक्त ने चुट्टूपालू घाटी में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता जताई। उन्होंने वहां लगे हाई मास्ट लाइट, सीसीटीवी कैमरे और साइन बोर्ड की स्थिति की समीक्षा की। साथ ही अतिरिक्त साइन बोर्ड लगाने और ओवर स्पीडिंग रोकने के लिए विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सड़क दुर्घटना में घायलों को समय पर अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को प्रशासन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि 'गोल्डन ऑवर' में मदद करना जीवन बचाने में बेहद महत्वपूर्ण है। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश एक्का को जिलेभर में सघन वाहन जांच अभियान चलाने और अवैध परिवहन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मोनू मृणाल, बिपुल ओरांव, गजेंद्र पांडेय, विकास कुमार सहित कई अधिकारी एवं समिति सदस्य उपस्थित थे।

### अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, टास्क फोर्स की हुई बैठक

**रामगढ़** : उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक मुकेश कुमार लुनायत भी मौजूद रहे। इसमें अवैध खनन, अवैध परिवहन और बालू कारोबार पर रोक लगाने को लेकर सख्त निर्देश दिए गए। जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने अवैध खनन पर की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि अवैध खनन पर और सख्ती से कार्रवाई की जाए तथा किसी भी स्थिति में इसे बर्दाश्त न किया जाए। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि खनिज वाहनों में जीपीएस अनिवार्य किया जाएगा ताकि निगरानी मजबूत हो सके।

# भुरकुंडा में बच्चों को मिलेगी नई सौगात दो आंगनबाड़ी केंद्रों का हुआ शिलान्यास

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**भुरकुंडा** : पतरातू प्रखंड अंतर्गत भुरकुंडा पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय, भुरकुंडा परिसर में डीएमएफटी मद से बनने वाले दो नए आंगनबाड़ी केंद्रों का शिलान्यास किया गया। बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना कर निर्माण कार्य की शुरूआत की। इस दौरान स्थानीय लोगों में विकास कार्यों को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला। योजना के तहत आंगनबाड़ी न्यू सरदार कॉलोनी और आंगनबाड़ी तेलीमान धौड़ा केंद्र का निर्माण कराया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए रोशन लाल चौधरी ने कहा कि राज्य सरकार और डीएमएफटी मद के माध्यम से क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों और महिलाओं के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण आधार होता है। नए भवन बनने से बच्चों को बेहतर शैक्षणिक और पोषण वातावरण मिलेगा, वहीं महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं भी सुचारु रूप से उपलब्ध हो सकेंगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और ग्रामीण इलाकों में आधारभूत संरचनाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में भी जनहित से जुड़े कई विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरे किए जाएंगे। मौके पर अजय पासवान, मनोज राम, राकेश सिन्हा, ज्योति सिंह, विजय कुमार, विनोद सिंह, योगेश दांगी, मनोज गुप्ता, संतोष शर्मा, राकेश चौधरी, विजय दुबे, संतोष मिश्रा, संजय मिश्रा, राकेश जायसवाल, राजेश मंडल, अभिषेक मिश्रा, मिंटु कुमार सोनी, पुष्पा पासवान, मिताली बॉस समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दंडवत पूजा और भोगता घूरा कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

**पटमदा** : पटमदा प्रखंड के लच्छीपुर पंचायत अंतर्गत बांसगड़ गांव में हर साल की भांति इस साल भी रोहिन परब के अवसर पर तीन दिवसीय शिव चड़क मेला का आयोजन सोलोआना कमेटी की ओर से किया गया। मेला के पहले दिन गुरुवार को दोपहर में पाट भोगता, शाम में जांगाल कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें गांव के दर्जनों युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं मन्नतें पूरी होने पर दिनभर उपवास में रहकर महिलाओं ने दंडवत प्रणाम करते हुए मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए परिवार की मंगल कामना की। रात्रि जागरण के लिए छऊ नृत्य का आयोजन हुआ। पश्चिम बंगाल से आए हुए छऊ टीम द्वारा सामाजिक और पौराणिक कथाओं को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। दूसरे दिन शुक्रवार की दोपहर में संथाली पाता नाच व भोगता घूरा कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

# सदर अस्पताल में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पश्चिमी सिंहभूम** : उपायुक्त मनीष कुमार ने शुक्रवार को सदर अस्पताल चाईबासा में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों और स्वास्थ्य कर्मियों को कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सिविल सर्जन डॉ जुझार माझी, सदर अस्पताल अधीक्षक, चिकित्सा पदाधिकारी, जीएनएम तथा विभिन्न वार्डों के प्रभारी उपस्थित थे।

उपायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सदर अस्पताल जिले की प्रमुख स्वास्थ्य इकाई है, इसलिए यहां आने वाले प्रत्येक मरीज को बेहतर उपचार और सम्मानजनक व्यवहार मिलना चाहिए। उन्होंने चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर अस्पताल पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाला व्यक्ति इलाज की उम्मीद लेकर आता है, इसलिए मरीजों और उनके परिजनों के साथ सहानुभूतिपूर्ण व्यवहार सुनिश्चित किया जाए।

मनीष कुमार ने अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती, उपकरणों की स्थिति और आधारभूत संरचना की समीक्षा करते हुए सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि सभी स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर और प्रभावी रूप से संचालित हों। उन्होंने कहा कि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर आम लोगों को अधिक से अधिक लाभ पहुंचाया जाए। बैठक के दौरान ब्लड बैंक के संचालन और निबंधन पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन ब्लड बैंक को पूर्ण रूप से कार्यशील बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है और इसे जल्द व्यवस्थित तरीके से शुरू किया जाएगा। उन्होंने ब्लड बैंक में अलग काउंटर की व्यवस्था करने और अनधिकृत लोगों की आवाजाही रोकने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने अस्पताल की जांच व्यवस्था और रिपोर्ट वितरण प्रणाली को भी व्यवस्थित रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मरीजों को समय पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध होनी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने अस्पताल परिसर में डॉक्टरों की ड्यूटी रोस्टर और स्वास्थ्य शिविरों से संबंधित जानकारी सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल परिसर में पर्याप्त रोशनी, सीसीटीवी कैमरे और निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए बैकअप व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। मनीष कुमार ने साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर भी सख्त निर्देश जारी किया। उन्होंने सभी वार्डों और शौचालयों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, अस्पताल परिसर को स्वच्छ रखने तथा हरियाली बढ़ाने के लिए पौधारोपण कराने को कहा। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सदर अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने पर भी जोर देते हुए कहा कि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर वातावरण में इलाज उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है।

## बड़कागांव में भारी बारिश गर्मी से ग्रामीणों को मिली राहत



**बड़कागांव** : बड़कागांव प्रखंड में सुबह 8:30 बजे मूसलाधार बारिश हुई। इस दौरान 1 घंटे की बारिश के कारण सभी चौक चौराहे सड़क पर पानी भर आया। बड़कागांव टैक्सी स्टैंड के पास भारी मात्रा में जल जमाव देखा गया। वही बसरिया मोहल्ला में भी नाली का गंदा पानी सड़क पर उतर आया। आवागमन कर रहे लोगों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। वहीं भारी बारिश के कारण कई लोगों को नाली जाम हो, जाने की परेशानियों से जूझना पड़ा। बादम बस स्टैंड के पास भी बारिश का असर देखा गया, यहां हल्की बारिश में भी सड़क पर पानी जमा हो जाता है । इस समस्या के समाधान के लिए यहां पर नाली निर्माण की आवश्यकता है। बड़कागांव टैक्सी स्टैंड स्थित करणपुरा कृषि भंडार के समीप पानी का भारी जमाव देखा गया। 1 घंटे की बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी है वही बारिश से सभी प्रकार की साग सब्जियों को फायदा हीं हुआ है। इसके अलावा धान की खेती के लिए बीहन तैयार करने के लिए किसान अपने खेतों की जुताई करना शुरू करेंगे।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**Road Construction Department, Road Division, Daltonganj**

**e-Procurement Tender Notice**

**e-Tender Ref No- 2/RCD/Daltonganj/2026-27/579**

**Dated: 29.05.2026**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of Work | IRQP Work of Garhwa Shahpur Road From Chainage- 13.00 km to 30.44 km (Total Length-17.44 km) for the year 2026-27 |
| 2. | Estimated Cost | Rs. 13,63,85,440.00 (Rupees Thirteen Crore Sixty Three Lacs Eighty Five Thousand Four Hundred Forty Rupees) Only. |
| 3. | Bid Security (Amount) | Rs. 13,64,000.00 (Rupees Thirteen Lacs Sixty Four Thousand) Only. |
| 4. | Time of Completion | 06 Months |
| 5. | Date of Publication of Tender on Website | 09.06.2026, 10:30 AM |
| 6. | Last Date/Time of Online Bid Submission | 30.06.2026, 12:00 Noon |
| 7. | Date and Time of Bid opening | 02.07.2026, 12:30 PM |
| 8. | Bid (Tender Fee & EMD) Submission Address | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in |
| 9. | Name & address of officer Inviting tender | Executive Engineer, R.C.D., Road Division, Daltonganj.06562&225019 |
| 10. | E-mail Id | eercdmedini-jhr@nic.in |
| 11. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

**Note : Estimated amount may vary.**
For further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in.

**Executive Engineer**
**Road Construction Department**
**Road Division, Daltonganj.**

PR 381073 District(26-27).D


# प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत चांडिल पुलिस की बड़ी सफलता, तीन गुम मोबाइल बरामद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**चांडिल** : सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत चांडिल थाना पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निर्देश पर शुक्रवार 29 मई 2026 को चांडिल थाना क्षेत्र से गुम हुए कुल तीन मोबाइल फोन सीईआईआर पोर्टल की सहायता से बरामद किए गए। सत्यापन प्रक्रिया पूरी करने के बाद सभी मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को सही-सलामत सौंप दिए गए। मोबाइल वापस मिलने के बाद धारकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। लोगों ने चांडिल थाना पुलिस की तत्परता और तकनीकी कार्रवाई की सराहना करते हुए पुलिस अधीक्षक एवं थाना प्रभारी का आभार जताया। इस संबंध में चांडिल थाना प्रभारी डिलशन बिरुआ ने कहा कि पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निदेर्शानुसार प्रोजेक्ट डिवाइस के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि गुम हुए मोबाइल को सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रैक कर बरामद किया गया है। थाना प्रभारी ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तुरंत संबंधित थाना में सूचना दें ताकि तकनीकी सहायता से जल्द कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि चांडिल पुलिस जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है तथा आगे भी इस तरह का अभियान लगातार जारी रहेगा।

# मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों के बीच बकरी का वितरण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़** : ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने तथा पशुपालन आधारित आजीविका को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना प्रखंड में चयनित लाभुकों के बीच 12 यूनिट बकरी पालन योजना के तहत बकरियों का वितरण किया गया। इस अवसर पर लाभुकों को वैज्ञानिक तरीके से बकरी पालन, पशुओं के स्वास्थ्य प्रबंधन, टीकाकरण एवं पोषण संबंधी आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गईं, ताकि वे योजना का समुचित लाभ प्राप्त कर आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

योजना के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को आय का अतिरिक्त स्रोत उपलब्ध कराने तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित होगी। संबंधित अधिकारियों ने लाभुकों से पशुओं की उचित देखभाल करने तथा विभागीय दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए बकरी पालन को आय सृजन का सशक्त माध्यम बनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत जिले में पात्र लाभुकों को पशुपालन गतिविधियों से जोड़कर उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है।

## ऑटो चालक ने की खुदकुशी

**पूर्वी सिंहभूम** : परसुडीह थाना क्षेत्र स्थित मखदुमपुर रोड नंबर–1 लाइन किनारे गुरुवार देर रात एक युवक ने घर में फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान मोहम्मद जहीर के रूप में हुई है। वह मोहम्मद करीम का पुत्र था और पेशे से ऑटो चालक था। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार मोहम्मद जहीर अपने दादा–दादी के घर में पत्नी और दो बच्चों के साथ रहता था। मेहनत–मजदूरी और ऑटो चलाकर वह परिवार का भरण–पोषण करता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर लगातार विवाद हो रहा था। उसकी पत्नी मूल रूप से चाईबासा की रहने वाली बताई जा रही है।


**कार्यालय:जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं 02 वर्ष 2026–27**

**वित्तीय वर्ष 2026–27 में फ्राई कैचिंग नेट की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है।**

1.विज्ञापन दाता का नाम – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, चतरा।
2.निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय–दिनांक 12.06.2026 को 04:00 बजे अपराह्न तक।
3.निविदा खोलने की तिथि दूरभाष की माध्यम से निविदादाताओं को संसूचित कर दी जाएगी।

निविदा की शर्तें जिला मत्स्य कार्यालय चतरा के सूचना पट्ट पर एवं www.chatra. nic.in पर उपलब्ध है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,चतरा

PR 381009 Fish(26-27).D


# 4 जून तक जिले में चलेगा "चुप्पी तोड़ो-स्वस्थ रहो" अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता समिति, हजारीबाग द्वारा माहवारी स्वच्छता प्रबंधन को लेकर जिलेभर में "चुप्पी तोड़ो- स्वस्थ रहो" अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान 28 मई से 4 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा। अभियान का उद्देश्य माहवारी से जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों को दूर करना, किशोरियों एवं महिलाओं के बीच स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षित व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसके माध्यम से माहवारी स्वच्छता पर खुलकर संवाद को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि समाज में सकारात्मक व्यवहार परिवर्तन लाया जा सके।

अभियान के तहत 28 मई को जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर इसका शुभारंभ किया गया। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से माहवारी स्वच्छता से जुड़े संदेशों का प्रसार किया जा रहा है। जिले के सरकारी कार्यालयों को भी MHM Compliant बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

29 मई से 3 जून तक प्रखंड, पंचायत एवं ग्राम स्तर पर विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस दौरान बीडीओ की अध्यक्षता में बैठकें, जल एवं स्वच्छता समिति की समीक्षा, स्वयं सहायता समूहों, जल सहियाओं, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं किशोरियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित होंगे। माहवारी के दौरान स्वच्छता, सुरक्षित निपटान एवं शौचालय उपयोग जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी साझा की जाएगी। 4 जून 2026 को जिले के विभिन्न सरकारी एवं शैक्षणिक संस्थानों में समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों, पंचायत प्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूहों एवं आम नागरिकों से अभियान में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है, ताकि माहवारी स्वच्छता को लेकर समाज में जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाई जा सके।

# "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो" अभियान का हुआ शुभारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत बुधवार से 04 जून 2026 तक चलने वाले "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो" अभियान का शुभारंभ पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ द्वारा किया गया। अभियान का उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं मासिक धर्म से जुड़े विषयों पर जागरूकता बढ़ाना तथा समाज में व्याप्त झिझक, भ्रांतियों एवं अंधविश्वास को दूर करना है। कार्यक्रम के दौरान पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ के कार्यपालक अभियंता अनंत प्रसाद सिंह ने अभियान के उद्देश्यों एवं इसकी आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना आवश्यक है। केवल किशोरियों एवं महिलाओं ही नहीं, बल्कि पुरुषों को भी इस विषय पर जागरूक किए जाने की जरूरत है, ताकि सभी अपनी जिम्मेदारियों एवं भूमिका को बेहतर ढंग से समझ सकें। उन्होंने विद्यालयों में इस विषय पर नियमित चर्चा कराने तथा पेरेंट्स डे के अवसर पर पिता के साथ- साथ माताओं को भी आमंत्रित कर माहवारी स्वच्छता एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी साझा करने पर बल दिया। साथ ही वीएचएसएनडी दिवस के दौरान महिलाओं को स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जानकारी देकर जागरूक करने तथा पंचायत स्तर पर पैड बैंक स्थापित करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को हाथ में रेड डॉट दिखाकर स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी साझा कर लोगों को जागरूक किया गया। मास्टर जलसहिया पाली बीबी ने कहा कि माहवारी एक सामान्य एवं प्राकृतिक प्रक्रिया है तथा इस दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना अत्यंत आवश्यक है। वहीं जिला समन्वयक रितेश कुमार ने सैनिटरी पैड के उपयोग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माहवारी को लेकर शर्माने या घबराने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि खुलकर संवाद एवं जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है। जिला समन्वयक सुमन मिश्रा एवं इमरान आलम ने बताया कि पहले महिलाएं कपड़ों का उपयोग करती थीं, परंतु अब जागरूकता बढ़ने के साथ अधिकांश महिलाएं एवं किशोरियां सैनिटरी पैड का उपयोग कर रही हैं।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**विशेष कार्य प्रमण्डल,भवन निर्माण विभाग, राँची**
**Mail:-splworksdivbcdrnc@gmail.com**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–14/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम :– कार्यपालक अभियंता,विशेष कार्य प्रमण्डल, भवन निर्माण विभाग,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–10.06.2026 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक–11.06.2026 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक–11.06.2026 को अपराह्न 3.30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (क) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय,छोटानागपुर भवन अंचल संख्या–1, भवन निर्माण विभाग, राँची।
(ख)कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग राँची।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,विशेष कार्य प्रमंडल, भवन निर्माण विभाग, राँची।
7. निविदाधीन कार्य का विवरण :–

| क्र. सं | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | अग्रधन की राशि (रू0) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0) | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Annual Maintenance Contract of Three (03) No. Kone Make Lift Machine No-44942291 (Capacity-1020Kg), 44942292 (Capacity- 1020Kg) and 45045105 (Capacity-408Kg) Installed at New Jharkhand Bhawan, Bangla Sahib Road, New Delhi. | 9,46,750/- | 19,000/- | 1250/- | 12Months |

8.निविदा की शर्तें **prdjharkhand.in** एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है ।

विश्वासभाजन
कार्यपालक अभियंता
विशेष कार्य प्रमण्डल, भ0 नि0 वि0,राँची

PR 381026 Building(26-27).D


# कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में बैंक निभाएं प्रभावी भूमिका : आयुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़** : ज़िले के उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय साख समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 की वार्षिक ऋण योजना, चतुर्थ तिमाही की प्रगति, ऋण-जमा अनुपात सहित विभिन्न बैंकिंग योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान किसान क्रेडिट कार्ड, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई, मत्स्य, डेयरी, स्वयं सहायता समूह वित्तपोषण, पीएम स्वनिधि, आरसेटी, एनपीए खातों की स्थिति तथा सीएफएल/ एफएलसी के माध्यम से आयोजित वित्तीय साक्षरता शिविरों की प्रगति की समीक्षा की गई। इसके साथ ही नीति आयोग अंतर्गत संचालित पीएमजेडीवाई, पीएमएसबीवाई, पीएमजेजेबीवाई, पीएमएमबीवाई एवं एपीवाई योजनाओं की अद्यतन स्थिति पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु जिले को कुल 1596 करोड़ रुपये का ऋण लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध चतुर्थ तिमाही की समाप्ति तक 1038 करोड़ रुपये की उपलब्धि प्राप्त हुई है। वहीं जिले का सीडी रेशियो 60.42 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अरविंद कुमार लाल ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी बैंक प्रबंधकों को निर्देश दिया कि प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए लंबित आवेदनों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र लाभुक योजनाओं के लाभ से वंचित न रह जाए। जिला अग्रणी बैक प्रबंधक ने बताया कि बैंकों में पूर्व से लंबित 141 किसान क्रेडिट कार्ड आवेदनों को लेकर 20 अप्रैल 2026 से 20 मई 2026 तक प्रखंड स्तर पर आयोजित विशेष शिविरों के माध्यम से 256 आवेदनों को स्वीकृत कर किसानों को लाभान्वित किया गया है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि पात्र किसानों एवं लाभुकों को समय पर ऋण एवं वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना प्रशासन एवं बैंकों की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी एवं जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया कि किसानों के लिए विशेष कैंप आयोजित कर नए आवेदन सृजित किए जाएं तथा किसानों को केसीसी रिपेमेंट के संबंध में जागरूक किया जाए, ताकि उनका खाता एनपीए की श्रेणी में न जाए और वे निरंतर योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकें। इसके अतिरिक्त जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि विभिन्न बैंक शाखाओं में लंबित किसान क्रेडिट कार्ड आवेदनों के निष्पादन की प्रगति का BLBC बैठकों में नियमित अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए तथा समयबद्ध कार्रवाई की जाए। बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए अरुण कुमार एक्का, अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक अमित कुमार सिंह, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के सहायक प्रबंधक गौरव कुमार, जिला विकास प्रबंधक प्रेम कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी समेत विभिन्न बैंकों के समन्वय पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ......................................../ दिनांक ................................ /

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 06/2026–27**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 05.06.2026 को 1.00 बजे अपराह्न तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 06.06.2026 को 3.00 बजे अपराह्न तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 06.06.2026 को 3.30 बजे अपराह्न ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– (1)कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
(2)अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय।
(3)सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंडल,कोडरमा का कार्यालय।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :–(1)कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. **कार्य की विवरणी** :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Beautification and Strengthening of Sardarodih Anganbadi Centre (Code No.20348020623) under Block Chandwara | 233500.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 2 | Beautification and Strengthening of Belkhara Anganbadi Centre (Code No.20348010708) under Block Chandwara | 291000.00 | 750.00 | 6000.00 | 2 Month |
| 3 | Beautification and Strengthening of Badki Dhamrai Koiri Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010724) under Block Chandwara | 216000.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 4 | Beautification and Strengthening of Badki Dhamrai DVC Lock Factory Anganbadi Centre (Code No.20348010732) under Block Chandwara | 220000.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 5 | Beautification and Strengthening of Simaria Paswan Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010725) under Block Chandwara | 198500.00 | 500.00 | 4000.00 | 2 Month |
| 6 | Beautification and Strengthening of Chotki Dhamrai Harijan Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010722) under Block Chandwara | 212000.00 | 500.00 | 4500.00 | 2 Month |
| 7 | Beautification and Strengthening of Belkhara Yadav Tola Anganbadi Centre (Code No.20348020623) under Block Chandwara | 213000.00 | 500.00 | 4500.00 | 2 Month |
| 8 | Beautification and Strengthening of Kanti Ghatwar Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010727) under Block Chandwara | 213000.00 | 500.00 | 4500.00 | 2 Month |
| 9 | Beautification and Strengthening of Kanti Kuswaha Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010729) under Block Chandwara | 213000.00 | 500.00 | 4500.00 | 2 Month |
| 10 | Beautification and Strengthening of Kanti Tetartand Murtiyaa Anganbadi Centre (Code No.20348010730) under Block Chandwara | 237000.00 | 500.00 | 5000.00 | 2 Month |
| 11 | Beautification and Strengthening of Kanti Kaanhu Tola Anganbadi Centre (Code No.20348010731) under Block Chandwara | 213000.00 | 500.00 | 4500.00 | 2 Month |
| 12 | Renovation of B-type (B-1 Block) Quarter one Block 6.0 Unit Near Raja Talab at Koderma Dist. | 42,27,622.00 | 5000.00 | 84,600.00 | 6 Month |
| 13 | Renovation of Building Division Office Koderma and Raising of Boundary wall with Concertina Coil at Koderma. | 24,96,765.00 | 5000.00 | 50,000.00 | 3 Month |

नोटः– निविदा एवं परिमाण विपत्र क्रय करने की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.381027 Building(26-27):D

## आम की जगह खास की चिंता करती पत्रकारिता

जिस समाचार पत्र के प्रारम्भ होने के तथ्य को याद करते हुए हम हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाते हैं, उसका स्मरण रस्मी हो चला है। प्रथा और परिपाटी का संवहन अच्छी बात है, बशर्ते कि हम उसे सार्थक बनायें। पिछले दो-तीन दशक से इसके विपरीत ही हुआ है। हर 30 मई को हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर हम तरह -तरह के आयोजन करते हैं, लेख लिखते हैं। अगले दिन यानी 31 मई को आयोजन की रिपोर्ट तक अखबारों में नहीं दिखती। जवाब में कह सकते हैं कि अखबारों में पेज कम हुए हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेज घटनाओं से लेकर स्थानीय हलचल की प्राथमिकता तय करने में संगोष्ठियों का नंबर बहुत बाद में आता है। फिर यह भी मजबूत दलील कि जिनके लिए गोष्ठियां आयोजित हुईं, उनतक तक यह पहुंच ही जाती हैं। आमजन का इससे कोई वास्ता नहीं होता। पहली और प्राथमिक समझ यहीं से तय होनी चाहिए। यहां हिन्दी पत्रकारिता दिवस मनाने का सबब यानी युगल किशोर शुक्ल सम्पादित पत्र "उदन्त मार्त्तण्ड" ही "सर्चलाइट" का काम कर सकता है। "सर्चलाइट" शब्द का इस्तेमाल साहित्य के लिए मुंशी प्रेमचंद ने किया था। हम साहित्य के सिर्फ एक हिस्से पत्रकारिता की बात करते हैं और प्रेमचंद का "सर्चलाइट" बहुत पहले कहे युगल किशोर शुक्ल के "हिंदुस्तानियों के हित के हेत" में दिखाई पड़ता है। यह "हिंदुस्तानियों के हित के हेत" "उदन्त मार्त्तण्ड" का ध्येय वाक्य था। सिर्फ आयोजन नहीं, यहां तक कहा जाय कि हिन्दी सहित सम्पूर्ण पत्रकारिता में इस ध्येय वाक्य को सामने रखने से उसका उद्देश्य पूरा होता नजर आता है। यह ध्येय वाक्य पत्रकारिता के लिए आईना की तरह है। उदन्त मार्त्तण्ड के ध्येय वाक्य में आया "हेत" दरअसल "हेतु" के ही रूप में अपनाया गया तत्कालीन कलकतिया हिन्दी शब्द है। पत्रकारिता के संदर्भ में भाषा नहीं, उसका मकसद ही अर्थ रखा करता है। अन्यथा जिस कलकत्ता (अब कोलकाता) से हिन्दी का यह पहला अखबार निकला, उसके पहले वहीं से अंग्रेजी सहित अन्य समाचार पत्र प्रकाशित हुए अथवा हो रहे थे। इतिहास गवाह है कि राजनीतिक और व्यावसायिक केंद्र होने के कारण इसी शहर से भारत का पहला अखबार हिक्कीज गजट (1780) निकला। यानी उदन्त मार्त्तण्ड (1826) से 46 साल पहले। जेम्स ऑगस्टस हिक्की के इस साप्ताहिक अखबार का पूरा नाम बड़ा रोचक है और उसके "मास्टहेड" पर चार पंक्तियों में छपता रहा। अखबार का नाम "हिकीज बंगाल गजट ऑर द ओरिजिनल कलकत्ता जनरल एडवरटाइजर" था। आमतौर पर कह दिया जाता है कि तमाम तरह की कठिनाइयां, जैसे डॉक से भेजने पर रोक और मुकदमों के कारण इसे बंद करना पड़ा था। यह भी जरूर तथ्य मिलते हैं कि हिक्की ने ईस्ट इंडिया कंपनी और गवर्नर जनरल हेस्टिंग्स पर कुछ ऐसे आरोप लगाये, तो पुष्ट नहीं किये जा सके। फिर यह कैसे भुला दें कि भ्रष्टाचार के आरोप में हेस्टिंग्स और मुख्य न्यायाधीश एलिजा इम्पी पर ब्रिटिश संसद में महाभियोग का मुकदमा चला। अलग बात है कि तब के भारत जैसे देश में शीर्ष अंग्रेज अधिकारियों पर आरोप वाले मुकदमे का जो परिणाम होना था, वही हुआ। इसी तरह बांग्ला का बंगाल गजट, दो अंक तक उर्दू और फिर फारसी में छपे जामे-जहांनुमा और फारसी का ही मिरात- उल- अखबार भी कलकत्ता से ही छपे। कलकत्ता के साथ उसी दौर में तब के बंबई और मद्रास से भी बहुत से अखबार निकले। इनके कुछ ही समय बाद निकला उदन्त मार्त्तण्ड ऐसा अखबार था, जिसने पहली बार हिंदुस्तानियों के हित का ध्यान रखने की स्पष्ट घोषणा की। हिंदुस्तानियों के हित का ध्यान रखने को सिर्फ भारत नहीं, पूरी दुनिया के आम हितों के लिए प्रतीक के तौर पर समझा जाना चाहिए। कुछ तथ्य ऐसे हैं जिनसे लगता है कि मीडिया अपने इस प्रमुख ध्येय से भटक रहा है। जहां इस मकसद पर डटा है, वहां कोपभाजन भी बन रहा है। तभी तो अमेरिका के राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप सीएनएन, न्यूयार्क टाइम्स और वॉल स्ट्रीट जर्नल पर फेक न्यूज देने के आरोप लगाते हैं।

## सूडोकु नवताल- 7810

✶✩✩✩✩ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7809 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

# त्रिभाषा फार्मूला है भारत की शिक्षा का नया क्षितिज

**ललित गर्ग**

भारत केवल एक राष्ट्र नहीं, बल्कि भाषाओं, बोलियों, संस्कृतियों और परंपराओं का विराट संगम है। यहां भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि पहचान, संस्कृति, संवेदना और सामाजिक चेतना का आधार भी है। ऐसे बहुभाषी देश में शिक्षा व्यवस्था को किस भाषा में संचालित किया जाए और बच्चों को कौन-कौन सी भाषाएं पढ़ाई जाएं, यह प्रश्न लंबे समय से बहस और राजनीति का विषय रहा है। इसी संदर्भ में "त्रिभाषा फार्मूला" भारतीय शिक्षा व्यवस्था की एक महत्वपूर्ण अवधारणा के रूप में सामने आया। आज नई शिक्षा नीति-2020 और सीबीएसई के ताजा निर्णय ने इसे नए स्वरूप में पुनः प्रासंगिक बना दिया है। नौवीं कक्षा में दो भारतीय भाषाओं को अनिवार्य करने का निर्णय केवल एक शैक्षिक सुधार नहीं, बल्कि भारत की भाषाई आत्मा को मजबूत करने का दूरदर्शी प्रयास है। त्रिभाषा फामूर्ला मूलतः 1964-66 के कोठारी आयोग की देन है। इसका उद्देश्य था कि भारत के छात्र तीन भाषाएं सीखें-पहली मातृभाषा या क्षेत्रीय भाषा, दूसरी हिंदी या अन्य भारतीय भाषा तथा तीसरी अंग्रेजी। इस व्यवस्था के पीछे भावना यह थी कि देश के विभिन्न भाषाई समुदायों के बीच संवाद, समझ और राष्ट्रीय एकता को बढ़ाया जाए।

"त्रिभाषा फार्मूला" का उद्देश्य ही था कि उत्तर भारत के बच्चे दक्षिण भारत की कोई भाषा सीखें और दक्षिण भारत के विद्यार्थी हिंदी से परिचित हों। किंतु दुर्भाग्य से यह नीति अपने मूल उद्देश्य के अनुरूप सफल नहीं हो सकी। इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण राजनीतिक विवाद और भाषाई असंतुलन रहा। विशेषकर दक्षिण भारत, खासकर तमिलनाडु में इसे "हिंदी थोपने" के प्रयास के रूप में देखा गया। वहां यह भावना बनी कि केंद्र सरकार हिंदी को राष्ट्रभाषा के नाम पर क्षेत्रीय भाषाओं पर वर्चस्व दिलाना चाहती है। दूसरी ओर उत्तर भारत ने भी त्रिभाषा फामूर्ले की आत्मा को गंभीरता से नहीं अपनाया। यहां अधिकांश राज्यों ने तीसरी भाषा के रूप में किसी दक्षिण भारतीय भाषा को अपनाने के बजाय संस्कृत को शामिल कर औपचारिकता पूरी कर ली। परिणाम यह हुआ कि जिस पारस्परिक भाषाई संवाद एवं सौहार्द की कल्पना की गई थी, वह विकसित नहीं हो सका। आज भी स्थिति यह है कि उत्तर भारत के अधिकांश निजी विद्यालयों में बच्चों को अंग्रेजी के साथ फ्रेंच, जर्मन, स्पेनिश और जापानी जैसी विदेशी भाषाएं पढ़ाई जाती हैं, लेकिन भारतीय भाषाओं की उपेक्षा की जाती है। कई प्रतिष्ठित स्कूलों में हिंदी तक को गौण बना दिया गया है। यह विडंबना ही है कि विदेशी भाषाएं आधुनिकता और प्रतिष्ठा का प्रतीक मानी जाती हैं, जबकि अपनी मातृभाषा या भारतीय भाषाएं "अतिरिक्त बोझ" बताई जाती हैं। यह मानसिकता भारतीय भाषाओं के प्रति हीनभावना को दर्शाती है। आश्चर्य है कि दो-तीन विदेशी भाषाएं पढ़ना अभिभावकों को अपने बच्चों पर अतिरिक्त बोझ नहीं लगता, लेकिन अपनी मातृभाषा और भारतीय भाषाएं सीखने के नाम पर वे सड़कों पर उतरने के लिए तैयार हैं। यह अनुचित है। सरकार को किसी भी हालत में झुकना नहीं चाहिए।

त्रिभाषा फामूर्ला भारतीय भाषाओं विशेषतः हिंदी को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से अत्यंत उपयोगी और प्रासंगिक है। यह केवल भाषा सीखने की नीति नहीं, बल्कि भारत की भाषाई एकता और सांस्कृतिक सौहार्द को मजबूत करने का माध्यम है। इस व्यवस्था से उत्तर भारत के विद्यार्थी दक्षिण भारतीय भाषाओं से परिचित होंगे और दक्षिण भारत के विद्यार्थी हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं को समझ सकेंगे, जिससे भाषाई दूरी और क्षेत्रीय संकीर्णता कम होगी। साथ ही मातृभाषा आधारित शिक्षा बच्चों की समझ, संवेदनशीलता और अभिव्यक्ति क्षमता को भी विकसित करती है। आज वैश्वीकरण के दौर में विदेशी भाषाओं का ज्ञान उपयोगी अवश्य है, लेकिन अपनी भाषाओं की उपेक्षा किसी भी राष्ट्र के सांस्कृतिक आत्मविश्वास को कमजोर करती है। इसलिए त्रिभाषा फामूर्ला भारतीय भाषाओं को सम्मान देने, हिंदी को संपर्क भाषा के रूप में मजबूत बनाने तथा भारत की बहुभाषी सांस्कृतिक चेतना को सुदृढ़ करने की दिशा में एक दूरदर्शी और आवश्यक पहल है।

सीबीएसई और केंद्र सरकार का ताजा निर्णय इसी मानसिकता को बदलने का प्रयास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत यह स्पष्ट किया गया है कि बच्चों द्वारा चुनी गई तीन भाषाओं में कम-से-कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। यह व्यवस्था किसी भाषा को थोपने की नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं को सम्मान और अवसर देने की नीति है। नई शिक्षा नीति का सबसे सकारात्मक पक्ष इसका लचीलापन है। इसमें किसी राज्य या विद्यार्थी पर कोई विशेष भाषा अनिवार्य नहीं की गई। छात्र अपनी रुचि और क्षेत्रीय आवश्यकता के अनुसार भाषा चुन सकते हैं। यह दृष्टिकोण पहले की तुलना में अधिक व्यावहारिक और लोकतांत्रिक है। त्रिभाषा फामूर्ले की सबसे बड़ी उपयोगिता राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक समन्वय में दिखाई देती है। भाषा मनुष्य को केवल शब्द नहीं देती, बल्कि सोचने का तरीका, संस्कृति का बोध और समाज की संवेदनाएं भी प्रदान करती है। जब उत्तर भारत का छात्र तमिल, तेलुगु, मलयालम या कन्नड़ सीखेगा और दक्षिण भारत का छात्र हिंदी या अन्य उत्तर भारतीय भाषाओं को समझेगा, तब दोनों के बीच मानसिक दूरी स्वतः कम होगी। इससे भाषाई वैमनस्य और क्षेत्रीय संकीर्णता कमजोर होगी। भारत की विविधता को समझने और स्वीकारने की दृष्टि विकसित होगी। इसके अतिरिक्त बहुभाषी शिक्षा बच्चों के बौद्धिक विकास के लिए भी लाभकारी मानी गई है। यूनेस्को सहित अनेक अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि बहुभाषी बच्चे अधिक रचनात्मक, विश्लेषणात्मक और संवेदनशील होते हैं। मातृभाषा में प्रारंभिक शिक्षा मिलने से बच्चों की अवधारणात्मक समझ मजबूत होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। यही कारण है कि विकसित देशों जैसे- जापान, चीन, फ्रांस, जर्मनी और रूस ने अपनी शिक्षा और प्रशासन को अपनी भाषाओं में संचालित किया और विज्ञान-तकनीक में अभूतपूर्व प्रगति की। भारत में भी यदि भारतीय भाषाओं को शिक्षा और ज्ञान-विज्ञान का माध्यम बनाया जाए तो शिक्षा अधिक व्यापक और समावेशी बन सकती है। हालांकि त्रिभाषा फामूर्ले को लागू करने में कुछ व्यावहारिक चुनौतियां भी हैं। सबसे बड़ी समस्या प्रशिक्षित शिक्षकों की कमी है। यदि उत्तर भारत के स्कूलों में तमिल या तेलुगु पढ़ाई जानी है तो उसके लिए योग्य शिक्षकों और पाठ्य सामग्री की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार दक्षिण भारत में हिंदी शिक्षण के लिए पर्याप्त संसाधन चाहिए। दूसरी चुनौती विद्यार्थियों पर अतिरिक्त शैक्षणिक दबाव की है। कई अभिभावकों को आशंका है कि तीन भाषाएं सीखने से बच्चों पर बोझ बढ़ेगा और उनके परीक्षा परिणाम प्रभावित होंगे। लेकिन यह चिंता तब कम हो जाती है जब सरकार स्पष्ट करती है कि तीसरी भाषा का पाठ्यक्रम हल्का होगा, बोर्ड परीक्षा में उसे शामिल नहीं किया जाएगा और उसका मूल्यांकन आंतरिक होगा।

भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने त्रिभाषा फार्मूले को अधिक लचीले और व्यावहारिक स्वरूप में लागू करने पर बल दिया, ताकि भारत की भाषाई विविधता को सम्मान मिले और विद्यार्थियों में बहुभाषी क्षमता विकसित हो।" भारत में करोड़ों लोग रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक संपर्क के कारण स्वाभाविक रूप से अनेक भाषाएं सीख लेते हैं। इसलिए भारतीय भाषाओं को बोझ बताना उचित नहीं कहा जा सकता। नई शिक्षा नीति का यह प्रयास इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह भारतीय भाषाओं को पुनः सम्मान देने की दिशा में कदम है। लंबे समय तक अंग्रेजी को आधुनिकता और सफलता का पर्याय मान लिया गया। परिणामस्वरूप भारतीय भाषाओं में ज्ञान-सृजन और उच्च शिक्षा का विकास बाधित हुआ।

यह भी आवश्यक है कि त्रिभाषा फामूर्ले को राजनीतिक विवाद का विषय न बनाया जाए। भाषा किसी पर थोपने की वस्तु नहीं, बल्कि जोड़ने का माध्यम होनी चाहिए। यह नीति तभी सफल होगी जब इसमें पारस्परिकता, संवेदनशीलता और संतुलन रहेगा। अंततः कहा जा सकता है कि त्रिभाषा फामूर्ला केवल भाषा शिक्षण की नीति नहीं, बल्कि भारतीय बहुलता को एकसूत्र में पिरोने का राष्ट्रीय अभियान है। नई शिक्षा नीति-2020 ने इसे अधिक लचीला, व्यावहारिक और समावेशी बनाकर नई आशा जगाई है। यदि इसे ईमानदारी, दूरदृष्टि और संतुलन के साथ लागू किया जाए तो यह भारत को भाषाई संघर्षों से निकालकर सांस्कृतिक समन्वय, राष्ट्रीय एकता और ज्ञान-समृद्धि की नई दिशा दे सकता है। भारतीय भाषाओं को सम्मान देना दरअसल भारत की आत्मा को सम्मान देना है।

# पूर्वांचल में सपा के पीडीए के खिलाफ बीजेपी का पीडीवी दांव

**अजय कुमार**

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव की गरमा गरमी के बीच भारतीय जनता पार्टी ने पूर्वांचल में संगठन मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने आलाकमान से विचार-विमर्श के बाद पूर्वांचल के पांच जिलों अंबेडकरनगर, वाराणसी, चंदौली, गोरखपुर महानगर और देवरिया के नए जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इस घोषणा में जातीय और क्षेत्रीय समीकरण को पूरी तरह ध्यान में रखा गया है। दो जिलों में ओबीसी, एक में दलित, एक में वैश्य और एक में क्षत्रिय चेहरे को जिम्मेदारी सौंपकर भाजपा ने सामाजिक संतुलन साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। नये जिलाध्यक्षों का बारीकी से आकलन किया जाये तो बीजेपी की 2027 के विधान सभा चुनाव के लिये रणनीति साफ नजर आती है। समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा-दलित-अल्पसंख्यक) की काट के लिये बीजेपी पीडीवी(पिछड़ा-दलित-वैश्य) वाला वोट बैंक तैयार कर रही है।

अंबेडकरनगर में भाजपा ने दिलीप देव पटेल को नया जिलाध्यक्ष बनाया है। पहले यहां त्रयंबक त्रिपाठी जिलाध्यक्ष थे। दिलीप देव पटेल को संगठन में लंबे अनुभव और ओबीसी समाज में मजबूत पकड़ के चलते जिम्मेदारी दी गई है। पार्टी इसे सामाजिक संतुलन और संगठन विस्तार के लिहाज से अहम मान रही है। गोरखपुर महानगर में रमेश कुमार गुप्ता को जिलाध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। देवेश श्रीवास्तव के निधन के बाद यह पद खाली चल रहा था। पूर्व महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता महानगर संयोजक के रूप में जिम्मेदारी संभाल रहे थे। रमेश कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी देकर भाजपा ने वैश्य समाज को साधने का स्पष्ट संदेश दिया है। गोरखपुर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक गढ़ माना जाता है, इसलिए यहां संगठन की कमान मजबूत और अनुभवी चेहरे को सौंपना पार्टी की रणनीति का हिस्सा है।

देवरिया में भाजपा ने काली प्रसाद को नया जिलाध्यक्ष बनाया है। इससे पहले यह जिम्मेदारी भूपेन्द्र सिंह के पास थी। पार्टी ने दलित समाज से आने वाले चेहरे पर भरोसा जताकर सामाजिक समीकरण मजबूत करने की कोशिश की है। संगठन में लंबे समय से सक्रिय रहने के कारण काली प्रसाद को जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान मिली हुई है। वाराणसी में राम सकल पटेल को जिलाध्यक्ष बनाया गया है, जिन्होंने हंसराज विश्वकर्मा की जगह ली है। हंसराज विश्वकर्मा के योगी सरकार में मंत्री बनने के बाद यह पद खाली हो गया था। राम सकल पटेल लंबे समय से वाराणसी में संगठन के कार्यों से जुड़े रहे हैं और उनकी जमीनी पकड़ मजबूत मानी जाती है। चंदौली में काशीनाथ सिंह को दोबारा जिलाध्यक्ष बनाए रखा गया है। वे संगठन के पुराने और सक्रिय नेताओं में गिने जाते हैं और पार्टी नेतृत्व ने उनके अनुभव और संगठन क्षमता को देखते हुए निरंतरता बनाए रखने का फैसला किया है। नये जिलाध्यक्षों का जातीय आधार पर विश्लेषण किया जाये तो साफ लगता है कि भाजपा के नेतृत्व द्वारा नई टीम समाजवादी पार्टी के पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) गठबंधन की सीधी काट के रूप में तैयार की जा रही है। भाजपा ने जानबूझकर ओबीसी, दलित और वैश्य समाज के चेहरों को मजबूत पदों पर लाने से सपा का पीडीए वोट-बैंक कमजोर कर दिया है। अब ये समुदाय भाजपा को अपनी ओर खींचने वाले अपने चेहरे देख रहे हैं, जिससे सपा की पकड़ ढीली होगी। समाजवादी पार्टी को इस फैसले से तीन स्तर पर गहरा नुकसान हो सकता है। पहला, अंबेडकरनगर जैसे जातीय रूप से संवेदनशील जिले में ओबीसी कुर्मी चेहरा दिलीप देव पटेल आने से सपा का पिछड़ा वोट-बैंक दरक सकता है। यहाँ पहले ब्राह्मण नेता त्रयंबक त्रिपाठी जिलाध्यक्ष थे, लेकिन अब ओबीसी चेहरा आने से पिछड़े वर्ग का समर्थन भाजपा की ओर मुड़ सकता है। दूसरा, गोरखपुर महानगर जो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का राजनीतिक गढ़ है,में वैश्य समाज के रमेश कुमार गुप्ता को जिम्मेदारी मिलने से सपा का व्यापारी-वैश्य वर्ग भाजपा की ओर झुक सकता है। देवेश श्रीवास्तव के निधन के बाद खाली पद पर वैश्य चेहरा लाना भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। तीसरा, देवरिया में दलित चेहरे काली प्रसाद को लाने से सपा और बसपा का दलित वोट-बैंक कमजोर होगा, क्योंकि भाजपा ने जमीनी कार्यकर्ता के रूप में पहचान वाले दलित नेता को चुनकर सामाजिक समीकरण मजबूत किया है।

भाजपा की यह रणनीति सपा के पीडीए गठबंधन को सीधे तौर पर चुनौती देती है। अब भाजपा ने पिछड़े, दलित और वैश्य समुदायों को अलग-अलग जिलों में नेतृत्व देकर समाजवादी पार्टी को सीमित वोट बैंक वाली पार्टी बना दिया है, जबकि भाजपा अब सामाजिक संतुलन वाला चेहरा दिखा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गढ़ गोरखपुर में अनुभवी और संगठन से जुड़े चेहरों पर भरोसा जताना भी भाजपा की मजबूत रणनीति है। वर्तमान में भाजपा ने उत्तर प्रदेश के 98 संगठनात्मक जिलों और महानगरों में से 83 जिलों के जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है। मार्च 2025 में 68 जिलों, फरवरी 2026 में 11 जिलों और मई 2026 में अब 5 जिलों के नाम ऐलान हो चुके हैं। इसका मतलब है कि अब केवल 15 जिलों के जिलाध्यक्ष बनना बाकी हैं। इन 15 बाकी जिलों में अयोध्या, सहारनपुर, अमरोहा, शामली, बागपत, मथुरा जिला, मथुरा महानगर, और पूर्वांचल व ब्रज क्षेत्र के कुछ जिले शामिल हैं।

भाजपा की यह तैयारी 2027 विधानसभा चुनाव के लिए है। पार्टी जानती है कि उत्तर प्रदेश में सत्ता बनाए रखने के लिए सामाजिक गठबंधन मजबूत करना जरूरी है। ओबीसी, दलित और वैश्य समाज को अलग-अलग जिलों में नेतृत्व देकर भाजपा ने यह संदेश दे दिया है कि वे सभी समुदायों का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह रणनीति ैच के पीडीए गठबंधन को तोड़ने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है ।समाजवादी पार्टी अब इस चुनौती का सामना कैसे करती है, यह देखना महत्वपूर्ण होगा। सपा को अपने पीडीए गठबंधन को और मजबूत करना होगा और यह साबित करना होगा कि वे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की असली आवाज हैं। लेकिन भाजपा ने जमीनी स्तर पर जिला अध्यक्षों की नियुक्ति करके यह स्पष्ट कर दिया है कि वे संगठन विस्तार और सामाजिक संतुलन पर जोर दे रहे हैं।

गौरतलब हो, उत्तर प्रदेश की राजनीति में अब भाजपा की पिछड़ा-दलित वाली रणनीति का प्रभाव दिखेगा। चुनावी माहौल गरम होने से पहले ही भाजपा ने संगठन मजबूत करके सपा को चुनौती दे दी है। 15 बाकी जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा होने पर यह और साफ होगा कि भाजपा कहां कितनी मजबूत हो रही है। सभी 98 जिलों और महानगरों में जिलाध्यक्षों की नियुक्ति पूरी होने के बाद भाजपा का संगठन 2027 चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हो जाएगा। भाजपा की यह रणनीति सपा के लिए गंभीर चिंता का विषय है क्योंकि भाजपा ने जानबूझकर ऐसे जिलों में चेहरे चुने हैं जहां सपा का पारंपरिक वोट बैंक है। अब सपा को यह साबित करना होगा कि वे पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक समाज की असली आवाज हैं और भाजपा की यह नियुक्ति केवल चालाकी है। लेकिन जमीनी स्तर पर ओबीसी, दलित और वैश्य नेताओं को जिम्मेदारी मिलने से सामान्य कार्यकर्ता और वोटर्स पर भाजपा का असर पड़ेगा। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2027 तक समय है, लेकिन भाजपा ने पहले ही अपने संगठन को मजबूत करना शुरू कर दिया है। यह रणनीति सपा के पीडीए गठबंधन को तोड़ने और अपने सामाजिक आधार को विस्तार देने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई है। 15 बाकी जिलों में जिलाध्यक्षों की घोषणा होने के बाद भाजपा का संगठन पूरी तरह तैयार हो जाएगा और चुनावी मैदान में उतरने के लिए बिल्कुल तैयार हो जाएगा।

# मीडिया में हिंदी का बढ़ता वर्चस्व : हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा

**वरुण कुमार**

30 मई का दिन भारतीय पत्रकारिता के इतिहास में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इसी दिन वर्ष 1826 में हिंदी के प्रथम समाचार पत्र "उदंत मार्तंड" का प्रकाशन प्रारंभ हुआ था। इस ऐतिहासिक घटना ने न केवल हिंदी पत्रकारिता की नींव रखी, बल्कि भारतीय समाज में जन-जागरण, राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक परिवर्तन की एक नई धारा का भी सूत्रपात किया। यही कारण है कि प्रत्येक वर्ष 30 मई को "हिंदी पत्रकारिता दिवस" के रूप में मनाया जाता है। आज जब हिंदी विश्व की प्रमुख भाषाओं में अपना स्थान सुदृढ़ कर रही है, तब इसके पीछे हिंदी पत्रकारिता का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। स्वतंत्रता संग्राम के दौर से लेकर डिजिटल युग तक हिंदी पत्रकारिता ने समाज को दिशा देने, जनमत निर्माण करने और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाने का कार्य किया है। यह केवल समाचारों का माध्यम नहीं रही, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण की एक सशक्त शक्ति के रूप में उभरी है।

हिंदी पत्रकारिता की सबसे बड़ी विशेषता उसका मूल्यबोध है। इसका जन्म ही लोककल्याण और राष्ट्रहित के उद्देश्य से हुआ था। "उदंत मार्तंड" के संस्थापक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने अपने प्रथम संपादकीय में स्पष्ट किया था कि यह पत्र हिंदुस्तानियों के हितों की रक्षा के लिए समर्पित है।

उस समय भारत ब्रिटिश शासन के अधीन था। देश को राजनीतिक स्वतंत्रता के साथ-साथ सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण की भी आवश्यकता थी। ऐसे समय में पत्रकारिता ने राष्ट्रीय चेतना को जागृत करने का कार्य किया। उसने जनता को अपने अधिकारों के प्रति सचेत किया और स्वतंत्रता आंदोलन को जन-आंदोलन बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय पत्रकारिता का मूल धर्म सदैव राष्ट्र और समाज के हितों से जुड़ा रहा है। यही कारण है कि पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। यह केवल सत्ता की गतिविधियों पर निगरानी रखने का कार्य नहीं करती, बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति की आवाज को भी मंच प्रदान करती है। किसान, मजदूर, छात्र, महिला, युवा और वंचित वर्ग–सभी की समस्याओं को सामने लाने का दायित्व पत्रकारिता ने निभाया है।

आज भले ही मीडिया के स्वरूप और तकनीक में व्यापक परिवर्तन आया हो, लेकिन पत्रकारिता की आत्मा वही है–लोकहित, जनजागरण और सत्य के पक्ष में खड़े रहना। व्यावसायिक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भी पत्रकारिता की मूल भावना समाज के कमजोर वर्गों की आवाज बनना और जनहित के प्रश्नों को उठाना ही है।

हिंदी पत्रकारिता और हिंदी साहित्य का संबंध अत्यंत घनिष्ठ रहा है। दोनों का उद्देश्य समाज को जागरूक करना, नई सोच को प्रोत्साहित करना और सकारात्मक परिवर्तन की दिशा में प्रेरित करना है ।साहित्य समाज को संवेदनशील बनाता है, जबकि पत्रकारिता उसे समकालीन घटनाओं से जोड़ती है। जब दोनों का संगम होता है, तब वैचारिक क्रांति जन्म लेती है। यही कारण है कि हिंदी पत्रकारिता के इतिहास में अनेक ऐसे साहित्यकार हुए जिन्होंने उत्कृष्ट पत्रकारिता की, और अनेक पत्रकार ऐसे हुए जिन्होंने उच्च कोटि का साहित्य सृजित किया।

भारतीय परंपरा में महर्षि नारद को आद्य पत्रकार माना जाता है। उनका उद्देश्य सदैव लोकमंगल रहा। इसी प्रकार साहित्य और पत्रकारिता दोनों के केंद्र में भी लोकहित और समाज का कल्याण ही रहा है। हिंदी पत्रकारिता के विकास में अनेक साहित्यकारों और समाज सुधारकों का योगदान रहा। राजा राममोहन राय की प्रेरणा से प्रकाशित "बंगदूत" ने बहुभाषी पत्रकारिता की मिसाल प्रस्तुत की। वर्ष 1854 में श्याम सुंदर सेन द्वारा प्रकाशित ह्यसुधावर्षणह्ण हिंदी का पहला दैनिक समाचार पत्र माना जाता है। कोलकाता हिंदी पत्रकारिता की प्रारंभिक कर्मभूमि बना, जहां से इसका प्रभाव उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों तक पहुंचा। धीरे-धीरे काशी, प्रयाग, कानपुर और अन्य नगर हिंदी पत्रकारिता के प्रमुख केंद्र बन गए। इस दौरान पत्रकारिता ने केवल समाचार नहीं दिए, बल्कि हिंदी साहित्य को भी समृद्ध किया। छायावाद काल में अनेक साहित्यिक पत्रिकाओं ने हिंदी साहित्य को नई दिशा प्रदान की। "शारदा" जैसी पत्रिकाओं ने नए साहित्यिक विमर्शों को जन्म दिया और हिंदी भाषा को समृद्ध बनाया। यह स्पष्ट करता है कि हिंदी पत्रकारिता और साहित्य एक-दूसरे के पूरक रहे हैं।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में हिंदी पत्रकारिता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। उस समय समाचार पत्र केवल सूचनाओं के माध्यम नहीं थे, बल्कि स्वतंत्रता सेनानियों के विचारों को जनता तक पहुंचाने का सबसे प्रभावी साधन थे।गणेश शंकर विद्यार्थी, बाबूराव विष्णु पराड़कर, माखनलाल चतुर्वेदी और बाल गंगाधर तिलक जैसे पत्रकारों ने अपने लेखन के माध्यम से अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनमत तैयार किया। कई पत्रकारों को जेल जाना पड़ा, समाचार पत्र बंद किए गए, लेकिन सत्य और स्वतंत्रता के लिए उनका संघर्ष जारी रहा।हिंदी पत्रकारिता ने भारतीय समाज में राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत किया और स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाया। यही कारण है कि हिंदी पत्रकारिता का इतिहास त्याग, समर्पण और संघर्ष की गौरवशाली गाथा के रूप में याद किया जाता है।

21वीं सदी में सूचना प्रौद्योगिकी और इंटरनेट के विस्तार ने पत्रकारिता की दुनिया को पूरी तरह बदल दिया है। आज समाचार पत्रों, टीवी चैनलों और रेडियो के साथ-साथ डिजिटल मीडिया और सोशल मीडिया भी सूचना के प्रमुख स्रोत बन चुके हैं।

## दैनिक पंचांग

**30 मई 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति |
|---|---|
| सूर्य | वृष में |
| चंद्र | वृश्चिक में |
| मंगल | मेष में |
| बुध | मिथुन में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 9.00 से 10.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मिथुन | 06.22 बजे से |
| कर्क | 08.36 बजे से |
| सिंह | 10.52 बजे से |
| कन्या | 13.04 बजे से |
| तुला | 15.14 बजे से |
| वृश्चिक | 17.29 ब.से |
| धनु | 19.45 बजे से |
| मकर | 21.50 बजे से |
| कुंभ | 23.37 बजे से |
| मीन | 01.09 बजे से |
| मेष | 02.40 बजे से |
| वृष | 04.20 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 150 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** चतुर्दशी 11.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** विशाखा 13.21 बजे को समाप्त।
**योग** शिव अहोरात्र।
**करण** वणिज 11.58 बजे तदनन्तर विष्टि 01.06 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 13.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 21° 44'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872725
**जूलियन दिन** 2461190.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 13
**विशेष** पूर्णिमा व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### इमली पेड़ से टकराकर बारात गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, चार घायल

**साहिबगंज :** जिले के बोरियो थाना क्षेत्र के शहरपुर गांव के पास अहले सुबह इमली गाछ से बारात बस भगैया से जेटके कुम्हारजोरी लौटने के क्रम में टकराई। हादसे में चार लोग घायल हो गए। घायलों में दो को बेहतर इलाज के लिए हाई सेंटर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार जेटके कुम्हारजोरी के सुनील मुर्मू के शादी में बारात बस से भगैया गयी थी। भगैया से लौटने के क्रम में शहरपुर गांव के पास लक्ष्मी डीलक्स बस संख्या जेएच 04 एम 7248 पेड़ से टकराई। बस के छत पर बैठे चार बाराती पेड़ के डाली से टकरा गए। चारों बाराती घायल हो गए। घायलों में जीतराम मुर्मू (22), बिजय टुडू (50), सुभान सोरेन (14), बासीद मरांडी (26) घायल हो गए। चारों घायलों को इलाज के लिए बोरियो सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां मौके पर उपस्थित डॉ. पंकज कुमार ने ईलाज किया। डॉ. पंकज ने बताया कि जीतराम मुर्मू के सर एवं कमर पर गंभीर चोट था। बिजय टुडू को भी गंभीर चोटें के कारण बेहतर ईलाज के लिए दोनों को हाई सेंटर रेफर कर दिया गया।

### दो किशोर का सत्यापन को पहुंची न्यू दिल्ली आरपीएफ

**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपूर के दो किशोर का दिल्ली आरपीएएफ टीम तीनपहाड़ पहुंच सत्यापन किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार दिल्ली के न्यू दिल्ली रेल थाना में तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के बाबुपूर के दो किशोर पर वहां के रेल पुलिस के साथ गाली गलौज करने सहित अन्य मामला दर्ज हैं जिसपर शुक्रवार को न्यू दिल्ली आरपीएफ के एसआई महावीर सिंह तीनपहाड़ पहुच स्थानीय थाना के सहयोग से दोनों किशोर के घर पहुच सत्यापन किया।

### रेलवे सुरक्षा बल ने आम लोगों के बीच चलाया जागरूकता अभियान



**साहिबगंज:** शुक्रवार को रेलवे सुरक्षा बल साहिबगंज के उप निरीक्षक सरोज कुमार के द्वारा लेबल क्रॉसिंग गेट नम्बर 53 सी/ई के बगल में स्थित। ग्राम अंबाडीहा, थाना तालझारी, जिला साहिबगंज में आम लोगों के बीच जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें लोगों से जब रेलवे गेट बंद हो तो यातायात नहीं करने, रेल लाइन से यातायात नहीं करने, हमेशा फुट ओवर ब्रिज का प्रयोग करने,ट्रेन पर पत्थर नहीं मारने, रेलवे लाइन पर पत्थर नहीं रखने,रेल लाइन या रेल लाइन के किनारे सेल्फी नहीं लेने, चलती ट्रेन पर नहीं चढ़े और ना ही उतरे, रेलवे सहायता टोल फ्री नंबर 139 एवं अन्य महत्वपूर्ण बातों से अवगत कराया गया।

### पेवर ब्लॉक रोड तोड़ने को लेकर गाली-गलौज करने का आरोप

**साहिबगंज:** राधानगर थाना क्षेत्र के पूर्वी उधवा पंचायत अंतर्गत जंगलपाड़ा गांव में पेवर ब्लॉक रोड तोड़ने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर शांति देवी ने शुक्रवार को राधानगर थाना में लिखित आवेदन दिया है। दिए गए आवेदन में बताया है कि शुक्रवार की दोपहर करीब 12 बजे गोपाल मंडल,घीसू मंडल,बेबी देवी,सुमन देवी सभी मिलकर सरकारी योजना द्वारा पेवर ब्लॉक रोड को तोड़ने लगा। साथ ही बताया कि मैं एवं मेरे रिश्तेदार सरोती देवी,मनोका देवी एवं पुतूल देवी चारों मिलकर मना करने गए तो उनलोगों ने अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए गाली–गलौज करने का आरोप लगाया है।

स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक का हुआ आयोजन

# माहवारी स्वच्छता को लेकर जिलेभर में चलेगा 'चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो' अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ज़िले में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, पाकुड़ अंतर्गत स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन उपायुक्त पाकुड़ मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में स्वच्छता, माहवारी स्वास्थ्य प्रबंधन एवं ठोस कचरा प्रबंधन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त ने दिनांक 28 मई 2026 से 04 जून 2026 तक चलने वाले "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो" अभियान के सफल क्रियान्वयन को लेकर विशेष निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों सहित अन्य बालिका विद्यालयों में नैपकिन वेंडिंग मशीन एवं इंसेनरेटर का सुचारू संचालन एवं नियमित रखरखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि किशोरियों एवं महिलाओं को माहवारी स्वच्छता प्रबंधन संबंधी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उपायुक्त ने कहा कि माहवारी से जुड़े मिथकों एवं भ्रांतियों को समाप्त करने के लिए पंचायत एवं ग्राम स्तर तक व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। इस कार्य में आंगनबाड़ी सेविका, स्वास्थ्य सहिया, स्वयं सहायता समूह की दीदी एवं जलसहिया दीदी की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं के साथ-साथ पुरुषों एवं लड़कों को भी जागरूक किया जाएगा, ताकि परिवार एवं समाज में सकारात्मक सहयोग एवं संवेदनशील वातावरण तैयार हो सके।उन्होंने निर्देश दिया कि प्रखंड स्तरीय कार्यक्रमों में प्रमुख, उप-प्रमुख एवं अन्य जनप्रतिनिधियों तथा सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए, ताकि अभियान जन-जन तक पहुंचे और लोगों में सुरक्षित एवं स्वच्छ माहवारी प्रथाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार विकसित हो।

बैठक में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सुप्रीम कोर्ट की वर्ष 2026 की गाइडलाइन के अनुरूप विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर सोमवार तक आवश्यक रूप से कार्य प्रारंभ किया जाए।

### जन समाधान दिवस में उपायुक्त ने सुनी आमजन की समस्याएं



**पाकुड़ :** ज़िले में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आयोजित जन समाधान दिवस में उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को सभी मामलों में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। जन समाधान दिवस में जमीन से संबंधित सहित विभिन्न व्यक्तिगत एवं जनहित से जुड़े मामलों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने सभी मामलों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ लेते हुए संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक जांच कर पारदर्शी एवं निष्पक्ष कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## साहिबगंज में शुरू हुआ 'चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो' अभियान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा आयोजित "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो" अभियान का आज विधिवत शुभारंभ किया गया। यह अभियान 28 मई से 04 जून 2026 तक जिले भर में संचालित किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं एवं किशोरियों के स्वास्थ्य, स्वच्छता तथा मासिक धर्म से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक जनजागरूकता फैलाना एवं समाज में व्याप्त झिझक, संकोच एवं भ्रांतियों को दूर करना है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप विकास आयुक्त ने कहा कि माहवारी स्वच्छता प्रबंधन केवल महिलाओं एवं किशोरियों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता है, ताकि समाज में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो सके। उन्होंने विशेष रूप से इस बात पर बल दिया कि पुरुषों को भी इस विषय में जागरूक एवं संवेदनशील बनाया जाना आवश्यक है, जिससे वे अपनी भूमिका एवं दायित्वों को बेहतर ढंग से समझ सकें तथा महिलाओं एवं किशोरियों को सहयोग प्रदान कर सकें। इस अवसर पर कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, साहिबगंज शशि शेखर सिंह ने बताया कि माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का मुख्य उद्देश्य किशोरियों एवं महिलाओं को स्वास्थ्य, सम्मान, आत्मविश्वास एवं सुरक्षित माहवारी प्रबंधन हेतु सक्षम बनाना है। उन्होंने बताया कि "चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो" अभियान की इस वर्ष की थीम "सभी किशोरियों एवं महिलाओं के लिए माहवारी अनुकूल वातावरण का निर्माण" निर्धारित की गई है।

## मॉडल कॉलेज में 12वीं अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का पूर्वाभ्यास का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** मॉडल कॉलेज राजमहल परिसर में 12वीं अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के पूर्वाभ्यास के अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. रणजीत कुमार सिंह ने की। इस अवसर पर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय से योग शिक्षिका मार्ग्रेट हेम्ब्रम एवं फिजिकल शिक्षिका ज्योति पन्ना विशेष रूप से उपस्थित रहीं।अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य ने कहा कि 2026 के अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का विषय "स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग"है। आयुष मंत्रालय द्वारा घोषित इस वर्ष के विषय में योग की उन क्षमताओं पर प्रकाश डाला गया है जो जीवन के सभी चरणों में शारीरिक शक्ति, मानसिक स्वास्थ्य और स्फूर्ति को बढ़ावा देती हैं। आज एवरेज आयु घट रहा है जो 60 वर्ष के लगभग हो गया है। इसके लिए योग से हम आपने जीवन आयु में वृद्धि कर सकते हैं। योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। यह केवल व्यायाम की पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की एक उत्कृष्ट कला है। उन्होंने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों से नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

## साहिबगंज में आंगनवाड़ी सेविकाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले के मंडरो प्रखंड कार्यालय में शुक्रवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता में आंगनवाड़ी सेविकाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड अंतर्गत संचालित सभी आंगनवाड़ी केंद्रों के कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान पोषण योजना, मातृ वंदना योजना एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से संबंधित कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने सभी सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा कि लाभुकों का सही तरीके से पंजीकरण एवं योजनाओं से संबंधित सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करें, ताकि जरूरतमंद महिलाओं एवं बच्चों को योजनाओं का लाभ सही समय पर मिल सके। उन्होंने पोषण ट्रैकर में नियमित रूप से डाटा अपडेट करने, गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों की निगरानी करने तथा सरकारी योजनाओं के प्रति लोगों को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। बैठक में कार्यों में लापरवाही बरतने वाले कमीयों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। बैठक में संबंधित विभाग के कर्मी एवं बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी सेविकाएं उपस्थित थीं।

## बकरीद के दूसरे दिन जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण माहौल में अदा, सुरक्षा व्यवस्था रही चाक-चौबंद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** ईद-उल-जोहा पर्व-2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को पाकुड़ जिले की सभी मस्जिदों में जुम्मे की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में अदा की गई। नमाज के दौरान जिलेभर में विधि-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय, पाकुड़ द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी मस्जिदों एवं संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस पदाधिकारियों और पुलिस बलों की तैनाती की गई थी। नमाज के दौरान लगातार निगरानी रखी गई, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की संभावना न रहे।

इसके अलावा जिले के विभिन्न चौक-चौराहों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई दल की भी तैनाती की गई थी। पुलिस प्रशासन द्वारा संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती गई और गश्ती व्यवस्था को भी मजबूत रखा गया। पुलिस प्रशासन ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। साथ ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भी सतत निगरानी की जा रही है, ताकि अफवाह फैलाने अथवा सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके।

# कोटालपोखर में लौटरी माफिया का सट्टा राजः पुलिस 'पस्त', और ट्रक-डंपरों का 'जबरदस्त' विस्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोटालपोखर/साहिबगंज :** कहते हैं कि जुए में कोई नहीं जीतता, लेकिन साहिबगंज जिले के कोटालपोखर में यह कहावत फेल हो चुकी है। यहाँ एक 'शख्स' ऐसा है जिसकी किस्मत जाली लॉटरी के टिकटों ने ऐसी चमकाई कि आज वह करोड़ों की संपत्ति का मालिक बन बैठा है। हम बात कर रहे हैं कोटालपोखर के 'लॉटरी सम्राट', जिसने जाली लॉटरी के धंधे को कुटीर उद्योग बना दिया है। कोटालपोखर की भोली-भाली जनता रातों-रात अमीर बनने के सपने में अपनी गाढ़ी कमाई इन जाली टिकटों पर लुटा रही है। जनता तो अमीर नहीं हुई, लेकिन 'मास्टरमाइंड' की संपत्ति में ऐसा 'अंकुर' फूटा कि आज उसके पास हाईवा और बड़े ट्रकों का काफिला खड़ा है। सूत्र बताते हैं कि लॉटरी के काले खेल से अर्जित काली कमाई को सफेद करने के लिए ट्रकों का बड़ा कारोबार खड़ा किया गया है। जब गरीब आदिवासी और ग्रामीण एक-एक पैसे के लिए तरसते हैं, 'लॉटरी वाली गाड़ियां' साहिबगंज जिला की सड़कों पर भ्रष्टाचार का शोर मचाती हुई दौड़ती हैं। हैरानी की बात तो यह है कि पूरे कोटालपोखर को पता है कि जाली लॉटरी का मास्टरमाइंड कौन है, लेकिन हमारी कोटालपोखर पुलिस आज भी 'सुराग' ढूंढ रही है।

साहब ! जब करोड़ों की संपत्ति बन गई, ट्रकों का बेड़ा खड़ा हो गया, तब भी क्या पुलिस को किसी 'दिव्य ज्योति' का इंतजार है पुलिस की यह 'अनजान' बनने की कला वाकई काबिले-तारीफ है। इसे 'प्रशासनिक लाचारी' कहें या 'माफिया का मधुर संरक्षण', यह जनता बखूबी समझ रही है।

ज्ञात सूत्रों से जानकारी मिली है की कोटालपोखर में लौटरी पाकुड़ और हिरनपुर के रास्ते आ रही है फिर भी प्रशासन खामोश है कार्यवाही के नाम पर 0 हैखुलेआम गोरख धंधा चल रहा है। कोटालपोखर के जाली अवैध लॉटरी सम्राट पूर्व में कई बार जेल जा चुके हैं उसके बावजूद भी जेल से निकलते ही अवैध लॉटरी के गोरख धंधे में फिर से बड़े पैमाने पर खुले आम चलाने लगते हैं। जाली अवैध लॉटरी का मास्टरमाइंड कई युवक को लाटरी डिस्ट्रीब्यूशन करने के लिए धंधे में रखे हुए हैं, जो जिला में जगह-जगह जाली अवैध लॉटरी पहुंचने का काम करते हैं।

**क्या कहते हैं अपराध नियंत्रण गोष्ठी में पुलिस अधीक्षक**

हर बार अपराध नियंत्रण गोष्ठी की बैठक में एसपी अमित कुमार सिंह के द्वारा सभी थाना प्रभारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि किसी भी हाल में अवैध लॉटरी, जुआ के गोरख धंधे चलाने वाले इसमें संलिप्त व्यक्तियों को किसी भी हाल में नहीं बक्शा जायेगा। एसपी के सख्त निर्देश के बावजूद भी कोटालपोखर में अवैध लॉटरी का गोरख धंधा खुलेआम, कोटालपोखर थाना रोड, हटिया पट्टी, सिनेमा हॉल, चाय दुकान, चौक-चौराहे, नाश्ता दुकान सहित अन्य जगहों में जोरो-शोरो से फल-फूल रहा है। प्रत्यूष नवबिहार अखबार में कई बार अवैध लॉटरी गोरख धंधा का खबर प्रकाशित होने के बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

## संक्षिप्त खबरें

### साहिबगंज एसएनसीयू ने 610 ग्राम के नवजात को दिया दूसरा जीवन



**साहिबगंज:** साहिबगंज सदर अस्पताल की स्पेशल न्यूबॉर्न केयर यूनिट ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और अजूबा सिद्ध किया है। सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, उपाधीक्षक डॉ. देवेश कुमार, नोडल अधिकारी व शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. फरोग हसन, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. आशुतोष कुमार और एसएनसीयू इंचार्ज राजेश कुमार यादव की टीम के 247 समर्पण से 610 ग्राम वजन वाला अत्यंत कम वजन नवजात, जिसके बचने की उम्मीद बहुत कम थी, पूरी तरह स्वस्थ होकर अपने घर पहुंच गया। नोडल ऑफिसर डॉ. फरोग हसन ने बताया कि पाकुर जिले के तिंगुपाहर निवासी पहाड़िया समुदाय की मेगा पहाड़िन का पुत्र 27 सप्ताह की गर्भावस्था में प्रीमैच्योर नॉर्मल डिलीवरी से पैदा हुआ। जन्म पर वजन मात्र 610 ग्राम था। बच्चा 08 अप्रैल, 2026 को एसएनसीयू में भर्ती हुआ और 51 दिनों की गहन देखभाल के बाद 29 मई, 2026 को संतोषजनक स्थिति में डिस्चार्ज किया गया। डॉ. आशुतोष कुमार के अनुसार, बच्चे में श्वसन संकट (आरडीएस), प्रीमैच्योरिटी से जुड़ा एप्निया और फीड असहिष्णुता जैसी जटिलताएं थीं। टीम ने 'क्लस्टर केयर' तकनीक अपनाकर न्यूनतम स्पर्श व अधिक निगरानी के साथ चिकित्सा, नर्सिंग और पोषण एक साथ प्रदान किया। साथ ही 'फैमिली पार्टिसिपेटरी केयर' सत्रों में माता–पिता को स्तनपान, सफाई और घर पर देखभाल की प्रशिक्षण दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान ने इसे जिला स्वास्थ्य विभाग के लिए गर्व का क्षण बताया और पूरी एसएनसीयू टीम की धैर्य व निरंतर देखभाल की सराहना की। डिस्चार्ज पर परिजनों ने डॉक्टरों व स्टाफ का आभार व्यक्त करते कहा, ह्लसाहिबगंज एसएनसीयू ने हमारे बच्चे को दूसरा जीवन दिया है।

### सीएनजी ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे पलटने से 6 घायल, दो शिशु गंभीर



**साहिबगंज:** जिले के बरहेट थाना क्षेत्र के बरहेट–बोरियो मुख्य सड़क अंतर्गत फुलभंगा समीप एक सीएनजी ऑटो असंतुलित होकर सड़क किनारे जाकर पलट गया,जिससे ऑटो में सवार एक ही परिवार के 6 लोग घायल हो गए। इस घटना से 2 वर्षीय के दो शिशु गंभीर है। मिली जानकारी के अनुसार इलाजरत मुस्कान कुमारी 22 वर्षीया, अनिल कुमार 36 वर्षीय, पूनम देवी 65 वर्षीया, रेशमी कुमारी 25 वर्षीया, असरदीप कुमार 2 वर्षीय, आकाश कुमार 2 वर्षीय सभी कलहगाव के रहने वाला है। मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग एक ही टेम्पू में सवार होकर साहिबगंज से बरहेट की ओर आ रहा था,इसी दौरान असंतुलन बिगड़ने से ऑटो सड़क किनारे जाकर पलट गया। स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट लाया गया। जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टर चंदन कुमार ने बारी–बारी से सभी लोगों का इलाज किया, इसके बाद 2 वर्षीय आकाश व आसरदीप का सर में गंभीर चोट लगने से बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वही परिजनों ने बेहतर इलाज के लिए बाहर लेकर चले गए।

### जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**हिरणपुर:** पाकुड़ जिले के हिरणपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में जनगणना कार्य की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मियों ने भाग लिया। इस दौरान घर–घर सर्वेक्षण, दस्तावेज सत्यापन तथा डेटा संग्रहण कार्य की वर्तमान स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि जनगणना कार्य को निर्धारित समय–सीमा के भीतर पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ पूरा करें। साथ ही आम लोगों को जनगणना के महत्व के प्रति जागरूक करने पर भी जोर दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि जनगणना के माध्यम से सरकार को जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से जुड़े महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं, जिससे विभिन्न योजनाओं के निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन में सहायता मिलती है। बैठक में कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

### वज्रप्रात से एक भैंस की हुई मौत, एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज:** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के सुतियार पाड़ा पंचायत अंतर्गत छोटा भौरा बहियार में शुक्रवार को वज्रपात से एक भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बिजली की झटके से एक अधेड़ गंभीर रूप से घायल हो गया।जानकारी के अनुसार तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के छोटा भौरा निवासी बेटका मुर्मू (65) शुक्रवार करीब 3 बजे अपनी भैंस को चराने के लिए बहियार गया हुआ था। तभी अचानक आसमानी बिजली गिरने से भैंस की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि बिजली की झटका लगने से बेटका मुर्मू गंभीर रूप से घायल हो गया है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित के बेटा, बहु तालामाई किस्कू ने बताया कि उनके ससुर भैंस को चराने के लिए बहियार गया हुआ था। तभी अचानक मौसम खराब होने के कारण आकाशीय बिजली गिरने से मौके पर भैंस की मृत्यु हो गई। साथ ही उनके ससुर बिजली की झटके से खेत पर बेहोश होकर गिर गया था। इधर स्थानीय ग्रामीण की नजर पड़ी तो इसकी सूचना उनके परिजनों को दी। घटना की सूचना मिलते ही परिजन घायल हुए बेटका मुर्मू को घर लाया गया। स्थिति गंभीर होने पर स्थानीय डॉक्टरों के द्वारा उनका उपचार कराया गया। फिलहाल घायल को घर में ही सलाइन देकर इलाज चल रहा है। काड़ा लड़ाई में भाग ले चुके हैं भैंस पीड़ित के बेटा बहु तालामाई किस्कू ने बताया कि मृतक भैंस काड़ा लड़ाई प्रतियोगिताओं में भाग ले चुके हैं। विभिन्न जगह पर हुई प्रतियोगिताओं में कुल पांच बार जीत हासिल किया था। वही बताया कि भैंस साहिबगंज के अलावा पड़ोसी जिला पाकुड़ में भी काड़ा प्रतियोगिताओं में भाग लेकर जीत हासिल किया था। आगे तालामाई किस्कू ने बताया कि काड़ा लड़ाई प्रतियोगिता में बीते 24,25 में 5 लाख तक की इनाम प्राप्त कर चुके थे।

## एक नजर

### वज्रपात से युवक की मौत, गांव में मातम

**बोकारो** : पिंड्राजोरा थाना क्षेत्र के बाबुडीह पंचायत अंतर्गत बाबुडीह गांव में शुक्रवार सुबह वज्रपात की चपेट में आने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी भुवन चंद्र महतो के 21 वर्षीय पुत्र अमित कुमार महतो के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे गांव के अंतिम छोर स्थित मैदान में कुछ बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे। अमित कुमार महतो भी वहीं खड़े होकर मैच देख रहा था। इसी दौरान मौसम अचानक खराब हो गया और हल्की बूंदाबांदी शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए अमित पास के एक पेड़ के नीचे जाकर खड़ा हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इसी बीच तेज गर्जना के साथ बिजली कड़की और अचानक वज्रपात हो गया। इसकी चपेट में आने से अमित गंभीर रूप से झुलस गया और उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। आनन-फानन में उसे अस्पताल ले जाने की तैयारी की गई, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलने पर पिंड्राजोरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। युवक की असमय मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। वहीं मृतक के माता-पिता और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

### बदला मौसम का मिजाज, तपती गर्मी से मिली राहत

**बोकारो** : बोकारो में पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस के बीच शुक्रवार को मौसम ने अचानक करवट ली, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिली। नौतपा के दौरान जहां सूरज आग उगल रहा था और तापमान लगातार बढ़ रहा था, वहीं सुबह से छाए बादलों और ठंडी हवाओं ने मौसम को सुहावना बना दिया। कई इलाकों में हल्की बूंदाबांदी और तेज हवा चलने से गर्मी का असर काफी कम हो गया। पिछले एक सप्ताह से तेज धूप और लू जैसी स्थिति के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा था। दोपहर के समय सड़कें सुनसान नजर आ रही थीं और लोग घरों में रहने को मजबूर थे। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और मजदूर वर्ग को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। लेकिन मौसम में आए बदलाव के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों ने कहा कि नौतपा के बीच मिली यह राहत किसी राहत भरी सौगात से कम नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार अगले एक-दो दिनों तक बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है, जिससे तापमान में और गिरावट आ सकती है।

### स्टेट टॉपर रशीदा नाज सहित 81 मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

**धनबाद** : धनबाद क्लब में शुक्रवार को आयोजित जिला स्तरीय मेधा सम्मान समारोह में जैक, सीबीएसई, आईसीएसई सहित विभिन्न विद्यालयों के 81 मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त आदित्य रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार और अनुमंडल दंडाधिकारी लोकेश बारंगे ने विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। समारोह का शुभारंभ दिव्यांग छात्र के हाथों दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में एकेडमिक वर्ष 2025-26 में जैक इंटर साइंस में 97.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर राज्य टॉपर बनी रशीदा नाज आकर्षण का केंद्र रहीं। इसके अलावा मैट्रिक और इंटर (आर्ट्स, साइंस, कॉमर्स) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया।

# फर्जी आधार कार्ड बनाकर परीक्षा में बैठाने की साजिश का खुलासा, एनजीओ संचालक समेत तीन गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : पिंडराजोरा थाना क्षेत्र के संथालडीह मोड़ स्थित स्किल ट्रेनिंग सेंटर में फर्जी आधार कार्ड के जरिए परीक्षा में फर्जी अभ्यर्थियों को बैठाने की बड़ी साजिश का पुलिस ने खुलासा किया है। इस मामले में एनजीओ संचालक समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, करीब 3:30 बजे पुलिस को सूचना मिली थी कि कौशल विकास प्रशिक्षण के बाद आयोजित होने वाली परीक्षा में कुछ लोग युवाओं के फोटो का दुरुपयोग कर कूटरचित आधार कार्ड बना रहे हैं और उन्हीं फर्जी पहचान पत्रों के आधार पर परीक्षा में दूसरे लोगों को बैठाने की तैयारी की जा रही है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (चास) वेदान्त शंकर के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। इसके बाद मामले की पुष्टि के लिए अनुमंडल दंडाधिकारी से कार्यपालक दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति का अनुरोध किया गया। इसके पश्चात कार्यपालक दंडाधिकारी जया कुमारी के नेतृत्व में छापेमारी की गई।

छापेमारी के दौरान दंडाधिकारी की उपस्थिति में केंद्र की तलाशी ली गई, जिसमें फर्जी दस्तावेज तैयार करने में इस्तेमाल किए जा रहे लैपटॉप और प्रिंटर बरामद हुए। साथ ही तीन कूटरचित आधार कार्ड भी जब्त किए गए, जो अलग-अलग नामों से बनाए गए थे।

जांच के दौरान यह भी सामने आया कि परीक्षा में वास्तविक अभ्यर्थियों की जगह दूसरे व्यक्तियों को बैठाने की तैयारी चल रही थी, जिससे परीक्षा की पारदर्शिता प्रभावित हो सकती थी। छापेमारी के दौरान एनजीओ संचालक समेत तीन व्यक्तियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें पिंडराजोरा थाना लाया गया। गिरफ्तार आरोपियों में प्रदीप कुमार कसेरा (44 वर्ष), पिता घनश्याम कसेरा, निवासी वाराणसी (उत्तर प्रदेश), धर्मेंद्र कुमार (36 वर्ष), पिता अरमेंद्र कुमार, निवासी बोधगया (बिहार), नरेन्द्र कुमार (38 वर्ष), पिता सुरेश बाउरी, निवासी सिंदरी (धनबाद) शामिल हैं। पुलिस ने पिंडराजोरा थाना कांड संख्या 61/2026 दर्ज करते हुए आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(2), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है।

## थानों की व्यवस्था पर एसपी सख्त, लंबित मामलों के जल्द निष्पादन का दिया निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : जिले की पुलिस व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं जनोन्मुख बनाने को लेकर बोकारो पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को चिराचास थाना एवं पिंडराजोरा थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान थाना क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई, अभिलेख संधारण तथा सीरिस्ता कार्यों की गहन समीक्षा की गई।

एसपी ने थाना में मौजूद पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी ली और कार्यशैली में सुधार को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित, पारदर्शी एवं विधिसम्मत तरीके से समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि लोगों का पुलिस पर भरोसा और मजबूत हो। निरीक्षण के दौरान लंबित कांडों, वारंट, इस्तेहार एवं कुर्की मामलों की भी समीक्षा की गई। एसपी ने सभी मामलों के समयबद्ध निष्पादन का निर्देश देते हुए लापरवाही पर कार्रवाई की चेतावनी दी। वहीं पासपोर्ट सत्यापन एवं चरित्र प्रमाण पत्र से जुड़े मामलों को भी तय समय सीमा के भीतर पूरा करने को कहा गया। इसके अलावा प्रत्येक थाना में सप्ताह में एक दिन अनिवार्य रूप से "थाना दिवस" आयोजित कर जनता की समस्याएं सुनने का निर्देश दिया गया।

## विभावि को कोडरमा में ही रखने की मांग भाजपा ने सरकार के फैसले का किया विरोध

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**कोडरमा** : केंद्रीय मंत्री एवं कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने राज्य सरकार के उस फैसले का विरोध किया है, जिसके तहत कोडरमा जिले के कॉलेजों को विनोबा भावे विश्वविद्यालय से हटाकर सर जेसी बोस विश्वविद्यालय के अंतर्गत शामिल किया गया है।

कोडरमा परिसदन में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने कहा कि कोडरमा लंबे समय से विनोबा भावे विश्वविद्यालय से जुड़ा रहा है, जिससे छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सुविधा मिलती रही है। हजारीबाग की दूरी कम होने के कारण छात्र अपने कार्य आसानी से पूरा कर घर लौट आते थे। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से छात्राओं, गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के लिए यह व्यवस्था काफी सुविधाजनक थी। दूरी बढ़ने से छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो सकती है।

अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि भाजपा नए विश्वविद्यालयों की स्थापना का स्वागत करती है, लेकिन कोडरमा को विभावि से अलग कर गिरिडीह विश्वविद्यालय से जोड़ने का कोई औचित्य नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से इस निर्णय को वापस लेने की मांग करते हुए कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर सड़क से लेकर सदन तक विरोध करेगी। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 2024 को ही उन्होंने राज्य सरकार को पत्र लिखकर कहा था कि यह फैसला छात्र हित में नहीं है। इस दौरान बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और विधायक मनोज कुमार यादव ने भी सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि छात्र-छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। प्रेस वार्ता में भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नीतीश चंद्रवंशी समेत कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बोकारो के छात्रों ने एसओएफ इंटरनेशनल ओलंपियाड 2025-26 में किया शानदार प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : शैक्षणिक उत्कृष्टता का शानदार प्रदर्शन करते हुए बोकारो स्टील सिटी के छात्रों ने साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन (एसओएफ) परीक्षाओं 2025-26 में बेहतरीन सफलता हासिल कर शहर का नाम रोशन किया है। इस वर्ष आयोजित एसओएफ ओलंपियाड में 72 देशों के लाखों छात्रों ने भाग लिया, जिनमें बोकारो के 23 हजार से अधिक छात्र शामिल थे। प्रमुख प्रदर्शन करने वाले छात्रों में सेंट जेवियर्स स्कूल के कक्षा 3 के छात्र शिवाय सिन्हा ने इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड (आईएचओ) में इंटरनेशनल रैंक 2 प्राप्त की। उन्हें सिल्वर मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं होली क्रॉस स्कूल के कक्षा 1 के छात्र सुप्रियो दत्ता ने इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में तथा माउंट सियोन स्कूल की कक्षा 4 की छात्रा सृष्टि कुमारी ने इंटरनेशनल सोशल साइंस ओलंपियाड में इंटरनेशनल रैंक 3 प्राप्त की। दोनों छात्रों को ब्रॉन्ज मेडल और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन के संस्थापक एवं निदेशक महाबीर सिंह ने कहा, एसओएफ ओलंपियाड 2025-26 विद्यार्थियों को उत्कृष्टता हासिल करने और तार्किक सोच विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है। छात्रों का विभिन्न ओलंपियाड में शानदार प्रदर्शन उनकी मेहनत, लगन और स्कूलों द्वारा दी गई मजबूत शैक्षणिक नींव को दशार्ता है। हम छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों को उनकी निरंतर प्रतिबद्धता के लिए बधाई देते हैं।

साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन एक शैक्षणिक संस्था है, जो स्कूल विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना विकसित करने और अकादमिक प्रतियोगिताओं को बढ़ावा देने का कार्य करती है। एसओएफ द्वारा इंटरनेशनल कंप्यूटर सइंस ओलंपियाड, इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड, इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड, इंटरनेशनल इंग्लिश ओलंपियाड, इंटरनेशनल कॉमर्स ओलंपियाड, इंटरनेशनल जनरल नॉलेज ओलंपियाड और इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड जैसी परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं।

## बोकारो जिला कबड्डी संघ का समर कैंप शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो जिला कबड्डी संघ की ओर से सेक्टर 9 बी क्लब मैदान में शुक्रवार को बालक व बालिका खिलाड़ियों के लिए ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण से शुरू हो गया। यह जानकारी देते हुए बोकारो जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन प्रत्येक दिन जारी रहेगा। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सेवा में नगर के विभिन्न स्कूलों के 52 बालक व बालिका खिलाड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। जिन्हें प्रशिक्षक पलक वर्ग में शैंपू कुमार और बालिका वर्ग में ईशा कुमारी खिलाड़ियों को कबड्डी खेल के सभी प्रकार के नियम की जानकारी दे रहे हैं। इसके अतिरिक्त कबड्डी खेल में कैचिंग करने की विधि रेड करने की विधि खेल के दौरान बोनस प्वाइंट लेने की विधि बताई जा रही है। इसके पूर्व सभी खिलाड़ियों को प्रशिक्षक की ओर से वार्म अप कराया जाता है। इसके बाद खिलाड़ियों के बीच कबड्डी का मैच भी कराया जा रहा है ताकि वह सभी नियम के अनुसार प्रशिक्षण पा सकें। इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण सिविल का विद्युत उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि संगीता कुमारी की ओर से नारियल फोड़ कर व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया गया। इस मौके पर संघमित सिंह, जितेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, विकास राजहंस, कुलजीत सिंह, चंद्रशेखर सिंह, ओमप्रकाश, कृष्णा मालाकार, महेंद्र तिवारी, विकास पांडेय, हरिशंकर सहित संघ के अन्य सदस्य शामिल रहे।

# महिला मुखिया से दुर्व्यवहार पर संघ ने की निष्पक्ष जांच की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू** : जिले के हुसैनाबाद प्रखंड की कुमीर्पुर पंचायत की मुखिया रीना कुमारी के साथ कथित दुर्व्यवहार और उनके पति अजय राजवंशी की गिरफ्तारी को लेकर हुसैनाबाद में विवाद लगातार गहराता जा रहा है। शुक्रवार को मुखिया संघ के सदस्यों और सैकड़ों ग्रामीणों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की।

ग्रामीणों और मुखिया संघ का आरोप है कि माइंस संचालन से जुड़े विवाद में पुलिस कार्रवाई के दौरान मुखिया रीना कुमारी और उनके साथ गई महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। आरोप लगाया गया कि मुखिया पति अजय राजवंशी की गिरफ्तारी के बाद जब रीना कुमारी कुछ महिला समर्थकों के साथ थाना पहुंचीं तो उन्हें अपने पति से मिलने नहीं दिया गया। इतना ही नहीं, महिलाओं के साथ धक्का-मुक्की, गाली-गलौज और उन्हें थाना परिसर से बाहर निकाला गया।

इस घटना से आक्रोशित मुखिया संघ और ग्रामीणों ने एसडीपीओ आईपीएस दिव्यांश शुक्ला को ज्ञापन सौंपते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। एसडीपीओ ने आश्वासन दिया कि महिला मुखिया के आरोपों की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके अनुरूप कार्रवाई होगी। इससे पूर्व हुसैनाबाद प्रखंड मुखिया संघ की बैठक में भी मामले को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई। संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी का नहीं, बल्कि जनप्रतिनिधियों के सम्मान और अधिकारों से जुड़ा है। संघ ने आरोप लगाया कि पंचायत क्षेत्र में कथित अवैध खनन को लेकर ग्रामीण लगातार आवाज उठा रहे थे और प्रशासन को कई बार शिकायतें भी दी गई थीं।

मुखिया संघ के अध्यक्ष श्रवण राम और सचिव अमरेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि यदि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो संगठन व्यापक आंदोलन शुरू करेगा। उन्होंने माइंस संचालक की भूमिका की भी जांच कराने की मांग की।

मुखिया रीना कुमारी ने कहा है कि 26 मई को धरना स्थल पर पुलिस पहुंची और वहां मौजूद लोगों के साथ कथित दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि धरना स्थल पर लगी कुर्सियां और साउंड सिस्टम हटाए गए तथा विरोध करने पर उनके पति अजय राजवंशी सहित अन्य लोगों को हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया। उन्होंने थाना पहुंचने पर अपने साथ अपमानजनक व्यवहार किए जाने का भी आरोप लगाया है।

वहीं हुसैनाबाद थाना प्रभारी चंदन कुमार ने महिला मुखिया के आरोपों को निराधार बताया है। उन्होंने कहा कि पुलिस ने अपने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर पूरी तरह कानूनसम्मत कार्रवाई की है। थाना प्रभारी के अनुसार महिला मुखिया के साथ किसी प्रकार का दुर्व्यवहार नहीं किया गया और न ही उन्हें उनके पति से मिलने से रोका गया। उन्होंने कहा कि लगाए जा रहे आरोप तथ्यहीन हैं और पुलिस ने विधि-सम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई की है।

## संक्षिप्त खबरें

### रोहिणी नक्षत्र में मनसा मंगल जात्रा देखने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**बोकारो** : रोहिणी मां मनसा पूजा समिति पारटांड़ मधुकरपुर की ओर से रोहिणी नक्षत्र के उपलक्ष्य में गुरुवार देर रात मनसा मंगल पौराणिक जात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंजुरा के युवा समाजसेवी प्रकाश कुमार प्रजापति समेत अन्य अतिथियों ने फीता काटकर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान प्रकाश ने कहा कि मनसा मंगल जात्रा की परंपरा कई दशक से आज भी हमारे गांव समाज में स्थानीय कलाकारों ने जीवित रखा है। इस तरह की कला संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए जिस तरह की मदद की जरूरत हो, वे हरसंभव मदद के लिए तैयार हैं। इस दौरान चास प्रखंड के बरपोखर के मनसा मंगल टीम ने रात भर मनसा मंगल की प्रस्तुति कर मां मनसा एवं चांद राजा से जुड़े प्रसंगों व घटनाक्रम की नाट्य प्रस्तुति की। मौके पर लील मोहन महतो, धनंजय स्वर्णकार, संतोष प्रजापति, अनिल कुमार महतो, बासुदेव प्रजापति, नकुल महतो, देवेंद्र महतो, सहदेव प्रजापति, सागर प्रजापति व अन्य ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान मधुकरपुर, चंडीपुर समेत आसपास के कई गांव के ग्रामीणों की भीड़ मनसा मंगल देखने उमड़ी।

### आसनापानी से गिरफ्तार तीन आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा



**बोकारो** : गोमिया थाना क्षेत्र के कथारा ओपी में दर्ज कांड संख्या 97/24 के तहत नामजद तीन आरोपियों को पुलिस ने विधिवत कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपियों में यासीन अंसारी, अजहर अंसारी और मजहर अंसारी शामिल हैं, जो सभी आसनापानी के निवासी बताए जा रहे हैं। पुलिस ने तीनों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेजते हुए तेनुघाट जेल रवाना कर दिया। गोमिया पुलिस के अनुसार, मामले में शामिल अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आसनापानी में दबिश देकर तीनों आरोपियों को पकड़ने में सफलता हासिल की।

### नहीं रहे खोरठा साहित्यकार, कवि व कलाकार सुकुमार



**बोकारो** : बोकारो जिले के नावाडीह प्रखंड अंतर्गत भेंडरा निवासी खोरठा साहित्यकार, कवि व कलाकार सुरेश कुमार विश्वकर्मा 'सुकुमार' का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। उन्हें बोन कैंसर हुआ था। झारखंड माटी के इस अनमोल रत्न, खोरठा भाषा आंदोलन (उलगुलान) के अग्रदूत और राज्य के सांस्कृतिक स्तंभ सुकुमार अपनी कमजोर आर्थिक हालात के कारण वेल्लोर से बिना इलाज के लौटने के दौरान गुरुवार रात्रि के 9:30 बजे भुवनेश्वर (उड़ीसा) पास किए ही थे कि उनके प्राण पखेरु उड़ गए।उनकी असामयिक मृत्यु से परिवार सहित पूरे प्रखंड में शोक का माहौल है। उनके पुत्र कुणाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार अहले सुबह तक पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचेंगे उसी दिन जमुनीया नदी स्थित शमशान घाट में दाह संस्कार किया जायेगा। सुकुमार किसी परिचय के मोहताज नहीं थे। वे खोरठा के प्रख्यात साहित्यकार, लेखक, कवि और दूरदर्शन के जाने-माने लोक गायक थे। खोरठा जगत में उन्हें 'स्वर कोकिल' कहा जाता था। स्थानीय स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर के दर्जनों पुरस्कार प्रदान कर चुके थे। इनके द्वारा लिखी गई 12 पुस्तकें (गद्य और पद्य) झारखंड के विश्वविद्यालयों में पढ़ाई जाती है। इन्होंने अपनी सुरीली आवाज और कलम से झारखंड की संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई हैं।

### कलेक्ट्रेट परिसर में 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान आयोजित



**हजारीबाग** : झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हजारीबाग के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर में 90 दिवसीय कानूनी जागरूकता अभियान के तहत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को घरेलू हिंसा, डायन-भूत प्रतिषेध अधिनियम, नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, यौन शोषण, पोक्सो एक्ट, मोटर वाहन कानून, बाल श्रम निषेध अधिनियम एवं अन्य महत्वपूर्ण विधिक प्रावधानों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर बताया गया कि छोटे-छोटे आपसी विवादों का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से आपसी बातचीत एवं समन्वय द्वारा नि:शुल्क कराया जा सकता है। साथ ही जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को नि:शुल्क विधिक सहायता तथा अधिवक्ता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत एवं मासिक लोक अदालत के माध्यम से मामलों के त्वरित एवं सुलभ निष्पादन के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सुविधाओं, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 15100 तथा साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों के लिए साइबर हेल्पलाइन 1930 के बारे में लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे। इस दौरान पीएलवी राजेश कुमार, सनी कुमार, रंजीत राणा, वसीम अंसारी, मो. आरिफ सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विभावि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर कार्यशाला आज

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग द्वारा उच्च शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की बढ़ती भूमिका एवं भविष्य की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए "भविष्य का विश्वविद्यालय: कृत्रिम बुद्धिमत्ता का सामरिक उपयोग" विषय पर एक विशेष इंटरैक्टिव कार्यशाला का आयोजन शनिवार 30 मई को निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित होगा। कार्यशाला का आयोजन पीएम ऊषा के "Multidisciplinary Education and Research University" घटक के अंतर्गत किया जा रहा है तथा इसमें विश्व के चार शीर्षस्थ अकाउंटिंग फर्मों में से एक, लंदन का डेलॉइट्ट के वरिष्ठ विशेषज्ञ सहभागिता करेंगे। इसकी जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के पीएम-उषा के निदेशक डॉ अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि विभावि के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा की पहल पर आयोजित इस कार्यशाला का उद्देश्य विश्वविद्यालय को कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित भविष्य की शिक्षा व्यवस्था के लिए तैयार करना है। शिक्षकों एवं शैक्षणिक प्रशासकों के लिए पूर्वाह्न 9:30 से अपराह्न 1:00 तक का सत्र निर्धारित किया गया है। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अपराह्न एक से चार बजे तक का समय निर्धारित हुआ है।

## संक्षिप्त डायरी

### सीवान में आंधी-बारिश में थमी ट्रेनों की रफ्तार, कई ट्रेनों का परिचालन बाधित

**पटना (एजेंसी)** सीवान में शुक्रवार सुबह आई तेज आंधी और बारिश ने रेल परिचालन को पूरी तरह प्रभावित कर दिया. गोरखपुर-सीवान रेलखंड के गौरी बाजार के पास रेलवे ट्रैक पर पेड़ गिरने से ओएचई वायर टूट गया, जिसके बाद कई ट्रेनों का परिचालन बाधित हो गया. अचानक हुए इस घटनाक्रम से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. कई ट्रेनों का बदला गया रूट रेल प्रशासन के अनुसार तकनीकी बाधा उत्पन्न होने के बाद कई महत्वपूर्ण ट्रेनों को डायवर्ट करना पड़ा. 15708 आम्रपाली एक्सप्रेस, 15652 लोहित एक्सप्रेस, 02570 नई दिल्ली-दरभंगा स्पेशल और 02564 नई दिल्ली-बरौनी स्पेशल को कप्तानगंज-थावे होते हुए सीवान मार्ग से चलाया गया. घंटों अलग-अलग स्टेशनों पर खड़ी रहीं ट्रेनें तेज आंधी और ओएचई वायर टूटने के कारण कई ट्रेनों को रास्ते में ही रोकना पड़ा. 15028 मौर्य एक्सप्रेस करीब साढ़े तीन घंटे विलंब से चली, जबकि गोरखपुर-छपरा सवारी गाड़ी करीब डेढ़ घंटे लेट रही. इसके अलावा 15034 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस और 15566 वैशाली एक्सप्रेस भी लगभग एक घंटे की देरी से रवाना हुईं. रेल प्रशासन ने शुरू कराया मरम्मत कार्य आंधी थमने के बाद रेल अधिकारियों ने ट्रैक और ओएचई लाइन की जांच शुरू कर दी. रेलवे की तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य में जुट गई है. अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही क्षतिग्रस्त वायर को ठीक कर रेल परिचालन सामान्य कर दिया जाएगा. ट्रेनों के लेट होने और रूट बदलने से यात्रियों को घंटों स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा. कई यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा. मौसम की खराबी के कारण पूरे दिन रेल परिचालन प्रभावित रहा.

### गोपालगंज में बड़ा हादसाः नाव पलटी, तीन किशोरियां नदी में डूबीं

**पटना (एजेंसी)** डुमरिया घाट पर मूंग तोड़ने जा रही थीं लड़कियां, नाव पलटी, तीन किशोरियां नदी में डूबीं, स्थानीय गोताखोरों ने शुरू की तलाश, एसडीआरएफ टीम का इंतजार झमाझम बारिश और तेज हवा के बीच महमदपुर थाना क्षेत्र के गंडक नदी स्थित डुमरिया घाट पर नाव पलटने से तीन किशोरियां नदी में डूब गईं. तेज बारिश और आंधी के कारण कई घंटों तक रेस्क्यू अभियान शुरू नहीं हो सका. बाद में स्थानीय गोताखोरों की मदद से लापता किशोरियों की तलाश शुरू की गई. समाचार लिखे जाने तक तीनों का कोई सुराग नहीं मिल सका था. घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि डुमरिया के टडसपुर गांव निवासी चंदन यादव की सात वर्षीय पुत्री कृति एवं नौ वर्षीय पुत्री रिया तथा मजीस्टर यादव की आठ वर्षीय पुत्री अनन्या अपनी दादी और एक अन्य बहन के साथ गंडक नदी के बीच खाली जमीन पर की गई मूंग की खेती में मूंग तोड़ने जा रही थीं. तेज हवा में अचानक पलट गई नाव शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे अचानक तेज हवा और बारिश शुरू हो गई. इसी दौरान नाव असंतुलित होकर पलट गई. नाव पलटने के बाद बच्चों की दादी, एक अन्य बहन तथा नाविक किसी तरह तैरकर बाहर निकल आए, लेकिन तीनों किशोरियां नदी की गहराई में समा गईं. घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने तत्काल महमदपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार को घटना की जानकारी दी. इसके बाद प्रशासन की ओर से एसडीआरएफ टीम को बुलाया गया. घंटों बाद शुरू हो सका रेस्क्यू तेज आंधी और बारिश के कारण लंबे समय तक बचाव कार्य शुरू नहीं हो सका. मौसम सामान्य होने के बाद स्थानीय गोताखोरों ने साहस दिखाते हुए नदी में उतरकर तलाश अभियान शुरू किया. घटना के बाद नदी घाट पर लोगों की भारी भीड़ जुट गई है. परिजन गहरे सदमे में हैं, जबकि ग्रामीण लगातार तीनों किशोरियों के सकुशल मिलने की दुआ कर रहे हैं.

### सिंगापुर जायेंगे लालू प्रसाद, कोर्ट से मिला परमिशन, 2022 में हुआ था किडनी ट्रांसप्लांट

**पटना (एजेंसी)** आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद आज सिंगापुर रवाना हो सकते हैं. कोर्ट से परमिशन मिलने के बाद वह रूटीन मेडिकल चेकअप के लिए जायेंगे. 2022 के दिसंबर में लालू प्रसाद का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था. राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद सिंगापुर जाने वाले हैं. बताया जा रहा है कि लालू प्रसाद आज (शुक्रवार) ही सिंगापुर जा सकते हैं. सिंगापुर में लालू प्रसाद का पोस्ट किडनी ट्रांसप्लांट हेल्थ चेकअप और अन्य जरूरी मेडिकल जांच होगी. दिल्ली की कोर्ट से परमिशन मिलने के बाद लालू प्रसाद अब विदेश जा सकते हैं. ऐसे में रूटीन चेकअप के लिए वे सिंगापुर जायेंगे. हर तीन महीने में रूटीन चेकअप की मिली थी सलाह जानकारी के मुताबिक, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एके तिवारी की अदालत ने पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया था. इसके अलावा नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने भी यह बताया था कि डॉक्टर ने किडनी ट्रांसप्लांट के बाद उन्हें हर तीन महीने में रूटीन चेकअप की सलाह दी थी. करीब एक साल से जांच रूकी हुई थी. साथ ही लालू प्रसाद के आंख में भी परेशानी है. पिछली बार उनका ऑपरेशन भी हुआ था, जिसका भी इलाज हो सकता है.
2022 में लालू प्रसाद का हुआ था किडनी ट्रांसप्लांट दिसंबर 2022 में लालू प्रसाद का किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था. लालू प्रसाद की बेटी रोहिणी आचार्य ने उन्हें किडनी दिया था. लालू प्रसाद चारा घोटाला मामले में सजायाफ्ता हैं, लेकिन वह जमानत पर बाहर हैं. ऐसे में कोर्ट से उन्हें विदेश जानी की अनुमति मिल गई है. 27 मई को उन्होंने अपने पोते इराज का पहला जन्मदिन गाजियाबाद के रागिनी विला में धूमधाम से सेलिब्रेट किया था. रोहिणी आचार्य को मनाने की चर्चा तेज लालू प्रसाद के सिंगापुर जाने को लेकर चर्चा यह भी हो रही है कि वे अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को मना सकते हैं. 27 मई को इराज के जन्मदिन पर माना जा रहा था कि तेज प्रताप यादव के साथ रोहिणी आचार्य भी शामिल होंगी. लेकिन उस पार्टी में तेज प्रताप तो पहुंचे लेकिन रोहिणी आचार्य नहीं शामिल हुईं थी. ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि लालू प्रसाद सिंगापुर जाने के बाद अपनी बेटी रोहिणी आचार्य को मना सकते हैं.

# बिहार में स्टार्टअप्स को 4.41 करोड़ की मदद, युवाओं को मिलेंगे रोजगार के अवसर



**पटना (एजेंसी)** स्टार्टअप बिहार पहल के तहत 77 स्टार्टअप्स को 4.41 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की अनुशंसा की गई है. सरकार का कहना है कि इससे राज्य में नवाचार, रोजगार और युवा उद्यमिता को नई रफ्तार मिलेगी.
बिहार में स्टार्टअप कल्चर को तेजी से बढ़ावा मिल रहा है. राज्य सरकार की स्टार्टअप बिहार पहल के तहत 77 स्टार्टअप्स को कुल 4.41 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता देने की अनुशंसा की गई है. इससे राज्य में नवाचार, रोजगार और उद्यमिता को नया बल मिलने की उम्मीद है. पटना में हुआ पिचिंग राउंड 20 से 25 मई के बीच विकास भवन, पटना में पर्सनल इंटरैक्शन मीटिंग यानी पिचिंग राउंड आयोजित किया गया. इसमें विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े स्टार्टअप्स ने अपने आइडिया और प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए. उद्योग विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रक्रिया के बाद 77 स्टार्टअप्स को अलग-अलग वित्तीय सहायता योजनाओं के लिए चुना गया. 26 स्टार्टअप्स को पहली किस्त की मंजूरी रिपोर्ट के मुताबिक 26 स्टार्टअप्स को पहली किस्त के रूप में चार-चार लाख रुपये की सहायता देने की अनुशंसा की गई है. वहीं 46 स्टार्टअप्स को दूसरी किस्त के तहत छह-छह लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी चार स्टार्टअप्स को मिलेगा पोस्ट-सीड फंड राज्य सरकार ने चार स्टार्टअप्स को पोस्ट-सीड फंड सपोर्ट योजना के तहत चुना है. इन स्टार्टअप्स को 15-15 लाख रुपये की सहायता राशि दी जाएगी. इसके अलावा एक स्टार्टअप को पेटेंट के लिए आईपीआर यानी इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स प्रतिपूर्ति का लाभ देने की भी अनुशंसा की गई है. सिर्फ फंड नहीं, पूरा सपोर्ट सिस्टम स्टार्टअप बिहार के तहत उद्यमियों को केवल आर्थिक सहायता ही नहीं दी जा रही है. सरकार की ओर से मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन, आधारभूत सुविधाएं और इनोवेशन आधारित इकोसिस्टम का भी समर्थन दिया जा रहा है. सरकार का उद्देश्य युवाओं को नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि नौकरी देने वाला उद्यमी बनाना है. बिहार बन रहा उभरता स्टार्टअप हब पिछले कुछ वर्षों में बिहार में स्टार्टअप्स की संख्या लगातार बढ़ी है. निवेशकों की रुचि भी राज्य की ओर तेजी से बढ़ रही है. उद्योग विभाग का मानना है कि मजबूत नीतियों, संस्थागत सहयोग और युवाओं की भागीदारी की वजह से बिहार अब देश के उभरते स्टार्टअप हब के रूप में अपनी पहचान बना रहा है. बिहार है तैयार अभियान को मिल रही मजबूती राज्य सरकार बिहार है तैयार अभियान के तहत उद्योग, नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा देने पर लगातार काम कर रही है. सरकार का दावा है कि आने वाले समय में बिहार स्टार्टअप और इनोवेशन के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छुएगा.

### कैमूर के कुल्हड़िया धाम के महंत पर जानलेवा हमला, गंभीर रूप से घायल; वारदात के बाद आरोपी फरार

**पटना (एजेंसी)** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र अंतर्गत कुल्हड़िया स्थित कुलेश्वरी देवी धाम में शुक्रवार की अहले सुबह महंत ललन गिरी पर एक व्यक्ति ने टांगी से हमला कर दिया. हमले में वे गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि आरोपी घटना के बाद फरार हो गया. कैमूर के दुर्गावती थाना क्षेत्र में स्थित शक्ति पीठ कुलेश्वरी देवी धाम कुल्हड़िया में शुक्रवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब मंदिर के महंत ललन गिरी पर जानलेवा हमला कर दिया गया. जानकारी के अनुसार, लगभग 62 वर्षीय महंत ललन गिरी सुबह मंदिर परिसर के पास दातून कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति बोरे में छिपाकर लाई गई टांगी लेकर वहां पहुंचा और अचानक उन पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया. सिर, जांघ और बांह पर गंभीर चोटें हमले में महंत ललन गिरी के सिर, जांघ और बांह पर गंभीर चोटें आई हैं। घटना के बाद मंदिर परिसर में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोग मौके पर जुट गए. परिजनों और ग्रामीणों की मदद से घायल महंत को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया. डॉक्टरों ने बताया स्थिति गंभीर, इलाज जारी इलाज कर रहे चिकित्सकों के अनुसार घायल को गहरे जख्म आए हैं। प्राथमिक उपचार के बाद उनका एक्स-रे किया गया है, जिसके आधार पर आगे की स्थिति का आकलन किया जाएगा. डॉक्टरों ने बताया कि फिलहाल उनकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है. हमलावर फरार, पहचान की पुष्टि घटना को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। हालांकि, प्रारंभिक जानकारी के आधार पर उसकी पहचान कर ली गई है. पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और हमले के पीछे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है. इलाके में दहशत का माहौल इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत और तनाव का माहौल है. मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्रों में लोगों की भीड़ जुट गई. स्थानीय लोग इस तरह की घटना से आक्रोशित हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठा रहे हैं. देवी धाम कुल्हड़िया में हुए इस जानलेवा हमले ने धार्मिक स्थल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. पुलिस जांच के बाद ही हमले के वास्तविक कारण और पूरी साजिश का खुलासा हो सकेगा

### फुलवारी शरीफ : बकरी चराने गई दो मासूम बच्चियों पर गिरा ठनका, मौके पर ही मौत

**पटना (एजेंसी)** मृतक बच्चियों की पहचान सकरैचा गांव निवासी गोपाली पासवान की 12 वर्षीय पुत्री शिमरन कुमारी और रिपु पासवान की 10 वर्षीय पुत्री स्वीटी कुमारी के रूप में की गई है. (अजीत कुमार) पटना के फुलवारी प्रखंड अंतर्गत सकरैचा गांव में शुक्रवार सुबह एक बेहद दर्दनाक और हृदयविदारक हादसा सामने आया है. सुबह करीब 8:00 बजे अचानक बदले मौसम के बीच आकाशीय बिजली (वज्रपात) गिरने से बकरी चराने गई दो मासूम बच्चियों की मौके पर ही मौत हो गई. इस भयावह घटना की खबर जैसे ही गांव में फैली, पूरे इलाके में कोहराम मच गया. मृत बच्चियों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है. आकाशीय बिजली की चपेट में आने से तोड़ा दम मृतक बच्चियों की पहचान सकरैचा गांव निवासी गोपाली पासवान की 12 वर्षीय पुत्री शिमरन कुमारी और रिपु पासवान की 10 वर्षीय पुत्री स्वीटी कुमारी के रूप में की गई है. ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह दोनों बच्चियां रोज की तरह घर के पास ही मैदान में बकरी चराने गई थीं. इसी बीच अचानक आसमान में काले बादल घिर आए और मौसम खराब हो गया. इससे पहले कि बच्चियां संभल पातीं या किसी सुरक्षित स्थान पर छिप पातीं, तेज गर्जना के साथ उनके ऊपर काल बनकर ठनका गिर गया. वज्रपात की तीव्रता इतनी अधिक थी कि दोनों बच्चियों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया. दो मासूम जिंदगियों के इस तरह अचानक चले जाने से हर आंख नम थी. घटना की जानकारी मिलने पर भाकपा माले के प्रखंड सचिव गुरुदेव रविदास पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे. उन्होंने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि दो मासूम बच्चियों की असमय मौत से पूरा क्षेत्र स्तब्ध है. मुआवजे की मांग गुरुदेव रविदास ने पटना जिला प्रशासन से मांग की है

# कड़ी सुरक्षा के बीच सासाराम में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव संपन्न, एसडीएम ने संभाली कमान



**पटना (एजेंसी)** रोहतास के सासाराम प्रखंड स्थित सद्भावना भवन में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ. चुनाव प्रक्रिया सदर एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी की निगरानी में पूरी की गई. :(डॉ प्रमोद कुमार श्रीवास्तव) रोहतास जिले के सासाराम प्रखंड स्थित सद्भावना भवन में शुक्रवार को सशक्त स्थायी समिति के चुनाव को लेकर सुबह से ही हलचल तेज रही. विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे जनप्रतिनिधियों और उनके समर्थकों की मौजूदगी से प्रखंड कार्यालय परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा. चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन द्वारा सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। परिसर में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी. एसडीएम की निगरानी में पूरी हुई चुनाव प्रक्रिया चुनाव प्रक्रिया सदर एसडीएम डॉ. नेहा कुमारी की देखरेख में शुरू हुई। अधिकारियों की उपस्थिति में सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन करते हुए मतदान और निर्वाचन की कार्रवाई पूरी की गई. जानकारी के अनुसार, सशक्त स्थायी समिति के तीन पदों के लिए निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ. निर्विरोध चुने गए प्रतिनिधियों के समर्थकों में खुशी का माहौल देखा गया. शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ पूरा कार्यक्रम चुनाव समाप्त होने के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने पूरे कार्यक्रम को शांतिपूर्ण और सफल बताया. अधिकारियों के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के दौरान कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की सूचना नहीं मिली. प्रखंड कार्यालय परिसर में अंत तक सुरक्षा व्यवस्था कायम रही और प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया. समर्थकों में खुशी का माहौल निर्विरोध निर्वाचन के बाद विजयी प्रतिनिधियों के समर्थकों में उत्साह और खुशी देखी गई. समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई दी और शांतिपूर्ण तरीके से खुशी जाहिर की. सासाराम प्रखंड में सशक्त स्थायी समिति का चुनाव प्रशासनिक सतर्कता और सुरक्षा व्यवस्था के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। शांतिपूर्ण चुनाव ने प्रशासन की तैयारी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग को भी दर्शाया.

### पटना समेत 17 जिलों में अगले दो से तीन घंटे में होगी भारी बारिश, 60-70 KMPH की स्पीड से चलेगी हवा

**पटना (एजेंसी)** बिहार के 17 जिलों में मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है. इन जिलों में अगले दो से तीन घंटे में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है. साथ ही 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है. बिहार में मौसम का मिजाज बदल गया है. लोगों को प्रचंड गर्मी से राहत मिली है. इस बीच मौसम विभाग ने आज पूरे बिहार में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. सीमांचल के जिले पूर्णिया और कटिहार में आज भारी बारिश हो सकती है. इसके साथ ही मौसम विभाग ने पटना समेत 17 जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में रेड अलर्ट जारी मौसम विभाग ने जिन जिलों में रेड अलर्ट जारी किया है, उनमें अररिया, अरवल, औरंगाबाद, बांका, बेगूसराय, भभुआ, भागलपुर, भोजपुर, पूर्वी चंपारण, गया, जहानाबाद, मुजफ्फरपुर, नालंदा, पटना, शिवहर, सीतामढ़ी और



वैशाली शामिल है. विभाग ने इन जिलों में अगले दो से तीन घंटे में 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने और भारी बारिश की चेतावनी जारी की है. तापमान में कितनी होगी गिरावट? मौसम विभाग की माने तो, अगले तीन दिनों तक दिन के तापमान में दो-तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होगी. गुरुवार को सबसे अधिक तापमान भभुआ में 39.9 डिग्री रहा. पटना में अधिकतम पारा 34.7 और न्यूनतम पारा 26.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया. इस तरह से आज से बारिश का दौर शुरू होने के बाद लोगों को गर्मी से राहत मिल सकेगी. लेकिन बिगड़े मौसम में विभाग ने लोगों से सावधान रहने की अपील की है. बिहार में कब तक आएगा मॉनसून? हार में मॉनसून की एंट्री को लेकर मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सीएन प्रभु ने बताया कि बिहार में मॉनसून प्रवेश करने का समय 10 से 12 जून है, लेकिन 2025 में मॉनसून नौ दिन देर से पहुंचा था. किशनगंज के ठीक ऊपरी इलाके में पश्चिम बंगाल में ही लगभग 11 दिनों तक मॉनसून ठहरा रहा था. 2006 में मॉनसून सबसे जल्दी 6 जून को पहुंचा था. इस बार मॉनसून समय से पहुंचने की संभावना है. केरल में मानसून आने के बाद कभी-कभी उमस रहेगा, लेकिन लू नहीं रहेगा. अभी से लेकर मॉनसून प्रवेश करने तक बिहार में मेघ गर्जन, वज्रपाज और बारिश की स्थिति रहेगी.

### गया में भारी बारिश से रेलवे ट्रैक पर बढ़ी फिसलन, दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन फेल, मालगाड़ी भी अटकी

**पटना (एजेंसी)** धनबाद रेल मंडल के गुरपा-दिलवा रेलखंड में ट्रैक पर फिसलन बढ़ने से कई ट्रेनें प्रभावित हो गईं. पहले दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन फेल हुआ, फिर मालगाड़ी भी बीच ट्रैक पर अटक गई. बिहार में शुक्रवार को मौसम बदलने के साथ हुई बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत दी, वहीं रेलवे परिचालन की रफ्तार थाम दी. धनबाद रेल मंडल के गुरपा-दिलवा रेलखंड में ट्रैक पर फिसलन बढ़ने से कई ट्रेनें प्रभावित हो गईं. पहले दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन फेल हुआ, फिर मालगाड़ी भी बीच ट्रैक पर अटक गई, जिससे डाउन लाइन पर घंटों अफरा-तफरी का माहौल बना रहा. दुरंतो एक्सप्रेस बीच रास्ते में फंसी रेल सूत्रों के अनुसार शुक्रवार सुबह करीब 8:20 बजे डाउन लाइन के बसकटवा होम सिग्नल के पास दुरंतो एक्सप्रेस का इंजन जवाब दे गया. लगातार बारिश के कारण रेलवे ट्रैक पर अत्यधिक फिसलन हो गई थी, जिससे इंजन ट्रेन को आगे नहीं खींच पा रहा था. घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल ने सुरक्षा के मद्देनजर डाउन लाइन पर परिचालन रोक दिया. दूसरा इंजन भेजकर आगे बढ़ाई गई ट्रेन दुरंतो एक्सप्रेस के फंसने के बाद गझंडी स्टेशन से अतिरिक्त इंजन भेजा गया. काफी मशक्कत के बाद दूसरे इंजन को ट्रेन में जोड़कर दुरंतो एक्सप्रेस को आगे बढ़ाया जा सका. रेलवे प्रशासन दुरंतो को हटाने में जुटा ही था कि कुछ देर बाद बसकटवा के पास पोल संख्या 416/26 के समीप एक लोडेड मालगाड़ी का इंजन भी फेल हो गया. इसके बाद हालात और बिगड़ गए. करीब दो घंटे बाद गुरपा स्टेशन



से दूसरा इंजन भेजा गया, जिसके जरिए मालगाड़ी को ट्रैक से हटाने की प्रक्रिया शुरू की गई. कई प्रमुख ट्रेनें रास्ते में रुकीं रेल परिचालन बाधित होने के कारण कई महत्वपूर्ण ट्रेनें अलग-अलग स्टेशनों पर घंटों खड़ी रहीं. गुरपा स्टेशन पर अजमेर-सियालदह एक्सप्रेस, पहाड़पुर स्टेशन पर पटना-रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस और टनकुप्पा स्टेशन पर वंदे भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों को रोकना पड़ा. इससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा. रेलवे ने जारी की एडवाइजरी गुरपा स्टेशन अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि बारिश के दौरान रेलवे ट्रैक पर फिसलन बढ़ जाती है. गुरपा-गझंडी घाट सेक्शन पहाड़ी और चढ़ाई वाला इलाका है, इसलिए इंजन को ट्रेन खींचने में ज्यादा दिक्कत होती है. उन्होंने बताया कि रेल प्रशासन ने घाट सेक्शन में सुरक्षित परिचालन को लेकर विशेष एडवाइजरी जारी की है

# बिहार में सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री पर सख्ती, नया सिस्टम फजीर्वाड़े पर लगाएगा रोक

**पटना (एजेंसी)** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग बिहार के खास महल और सरकारी जमीन को लेकर गंभीर हो गया है. इसकी खरीद-बिक्री में होने वाले फडीर्वाड़े पर जल्द रोक लगेगी. इसके लिए नई व्यवस्था तैयार की जा रही है. निबंधन विभाग को जल्द ही लेटर भी लिखा जाएगा. (पटना से कृष्ण कुमार की रिपोर्ट) खास महल और सरकारी जमीन की खरीद-बिक्री में होने वाले फजीर्वाड़े पर जल्द रोक लगने वाली है. राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग इसके लिए नई व्यवस्था तैयार कर रहा है. इसके तहत खास महल और अन्य सरकारी जमीनों का निबंधन पूरी तरह प्रतिबंधित किया जा सकेगा.



विभागीय स्तर पर इसके लिए उत्पाद एवं निबंधन विभाग की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की समीक्षा की जा रही है. समीक्षा पूरी होने के बाद निबंधन विभाग को आवश्यक दिशा-निर्देशों के साथ लेटर भेजा जाएगा. फडीर्वाड़े को लेकर कई मामले आए जानकारी के अनुसार, राज्य में पिछले कुछ सालों के दौरान सरकारी जमीनों की फर्जी तरीके से खरीद-बिक्री और निबंधन के कई मामले सामने आए हैं. कई जगहों पर भू-माफियाओं ने दस्तावेजों में हेराफेरी कर खास महल और सरकारी भूमि को निजी जमीन दिखाकर उसका निबंधन करा लिया. इससे सरकार को राजस्व का नुकसान होने के साथ-साथ कानूनी विवाद भी बढ़े हैं. इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग अब ऐसी व्यवस्था लागू करने जा रहा है, जिससे सरकारी जमीन का निबंधन तकनीकी स्तर पर ही रोका जा सके. क्या होगी नई व्यवस्था? विभागीय सूत्रों के मुताबिक, नई व्यवस्था के तहत जमीन की प्रकृति और स्वामित्व की जानकारी को डिजिटल रिकॉर्ड से जोड़ा जाएगा. निबंधन से पहले संबंधित जमीन का ऑनलाइन सत्यापन किया जाएगा. इसके लिए एआई का इस्तेमाल किया जायेगा. इसके माध्यम से यदि जमीन सरकारी, खास महल या विवादित श्रेणी में पाई जाती है तो उसका निबंधन अपने आप ही रुक जाएगा. इससे फर्जी दस्तावेजों के आधार पर होने वाले रजिस्ट्रेशन पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा. तय होगी अधिकारियों की जवाबदेही अधिकारियों का कहना है कि एसओपी में सुधार के साथ-साथ जिला स्तर पर निबंधन पदाधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी. किसी सरकारी जमीन का गलत तरीके से निबंधन होने पर संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई का प्रावधान भी किया जा सकता है. विभाग यह सुनिश्चित करना चाहता है कि भविष्य में किसी भी सरकारी जमीन की अवैध रजिस्ट्री नहीं हो सके. आम लोगों को मिल सकेगी जमीन की जानकारी नई व्यवस्था लागू होने के बाद आम लोगों को भी जमीन खरीदने से पहले उसकी वास्तविक स्थिति की जानकारी आसानी से मिल सकेगी. इससे जमीन से जुड़े विवादों में कमी आने और पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है. विभाग जल्द ही इस संबंध में अंतिम निर्णय लेकर सभी जिलों को निर्देश जारी कर सकता है.



# जल्द ही बड़े पर्दे पर डांस का जलवा दिखाएंगे अहान

अहान पांडे की रोमांटिक ड्रामा हिट फिल्म 'सैयारा' के बाद से ही फैंस उनकी आगामी फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अहान जल्द ही पहली बार बड़े पर्दे पर एक अलग तरह के किरदार में नजर आएंगे। इस फिल्म का निर्देशन अली अब्बास जफर करेंगे।

अहान पांडे ने अपनी पहली ही फिल्म 'सैयारा' से बॉलीवुड में एक रोमांटिक हीरो के रूप में अपनी खास पहचान बना ली है। आज की युवा पीढ़ी उनकी दीवानी हो चुकी है। इस फिल्म से पहले अहान का एक वेडिंग डांस वीडियो यूट्यूब पर काफी वायरल हुआ था, जिसे 46 मिलियन (4.6 करोड़) से ज्यादा बार देखा गया। इस वीडियो में वह अलाना पांडे की शादी में अनन्या पांडे के साथ 'सात समुंदर पार' और अकेले 'आई एम द बेस्ट' गाने पर नाचते हुए दिखे थे। फैंस को उम्मीद थी कि निर्देशक मोहित सूरी अपनी फिल्म 'सैयारा' में अहान का कोई डांस नंबर रखेंगे, लेकिन फिल्म की कहानी के कारण ऐसा नहीं हो सका। लेकिन अब फैंस की यह ख्वाहिश जल्द ही पूरी हो सकता है। अहान के फैंस का इंतजार अब खत्म होने वाला है। इस समय वे निर्देशक अली अब्बास जफर की एक रोमांटिक-एक्शन फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं, जिसमें उनके साथ अभिनेत्री शरवरी भी हैं। इस फिल्म में अहान का पहला ऑन-स्क्रीन डांस नंबर होने जा रहा है। इस गाने की शूटिंग यूके के मैनचेस्टर शहर में होगी। गाने को फिल्माने के लिए 4 दिनों का समय तय किया गया है। अहान इसमें पुराने दिग्गज सितारों की तरह क्लासिक बॉलीवुड अंदाज में नाचते और गाते हुए नजर आएंगे। अहान शूटिंग के बचे हुए दिनों में अपने डांस स्टेप्स को और बेहतर करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। यश राज फिल्म्स इस गाने के लिए देश के एक बड़े कोरियोग्राफर को चुनने की तैयारी में है। मेकर्स का मकसद एक ऐसा गाना बनाना है, जिसके डांस स्टेप्स हर कोई कॉपी करना चाहे और जो सोशल मीडिया पर वायरल हो जाए।



# सोनाक्षी सिन्हा ने रिवर्स नेपोटिज्म पर की बात

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'सिस्टम' को लेकर चर्चाओ में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज होने वाली है। यह एक कोर्टरूम ड्रामा फिल्म है, जिसमें सोनाक्षी एक वकील के किरदार में नजर आएंगी। सोनाक्षी ने इससे पहले फिल्म और अपने किरदार को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने बताया कि इसमें रिवर्स नेपोटिज्म पर कमेंट भी है।

## संघर्ष कर रही महिलाओं से प्रेरित है किरदार

सोनाक्षी ने फिल्म को लेकर कहा कि फिल्म में कई ऐसे मुद्दों को उठाया गया है, जिनके बारे में हम शायद सोचते भी नहीं। ये वास्तविक लोगों, वास्तविक घटनाओं और हमारे आसपास घटने वाली चीजों से प्रेरित है। कई जगहों पर फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देती है। कोई भी फिल्म जो आपको सोचने पर मजबूर कर दे, वह अच्छी फिल्म होती है। अपने किरदार नेहा राजवंश को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि वह अपने पेशे की वजह से नहीं बल्कि अपने व्यक्तित्व की वजह से लोगों से जुड़ाव महसूस कराता है। वह कई खामियों से भरी, बहुआयामी और अपनी गलतियों से जूझने वाली महिला है, जिसके अपने अंदरूनी संघर्ष हैं। ये सभी बातें मुझसे और निश्चित रूप से उन कई और महिलाओं से भी जुड़ी हुई हैं, जो खुद को साबित करने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन जिन्हें आसानी से सफलता नहीं मिलती।




फिल्म में सोनाक्षी का किरदार नेहा वकीलों के परिवार से आता है। उसके पिता देश के बड़े डिफेंस लॉयर में से एक हैं। लेकिन वो चाहते हैं कि उनकी बेटी फैमिली बिजनेस में शामिल होने से पहले एक वीकल के रूप में काम करके खुद को साबित करे। इस बात पर नेहा अपने पिता से पूछती है, 'यह किस तरह का रिवर्स नेपोटिज्म है?' फिल्म की इस लाइन और कहानी को लेकर सोनाक्षी ने कहा कि यह कहानी कुछ हद तक मेरी अपनी जिंदगी से मिलती-जुलती है। उन्होंने कहा कि सच कहूं तो मेरे साथ भी ऐसा ही हुआ है। मेरे पिता हमेशा मुझसे कहते रहे हैं, 'तुम्हें खुद को साबित करना होगा।' क्योंकि वो खुद भी ऐसे ही थे। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि तुम कौन हो; जीवन में आगे बढ़ने के लिए तुम्हें खुद को साबित करना होगा। इसी तरह तुम्हें वह मिलता है, जिसके तुम हकदार हो। इसलिए यह बात भी मेरे लिए बहुत मायने रखती है।



# पैन-इंडिया की पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में नजर आएंगी सई मांजरेकर

अभिनेत्री सई मांजरेकर फिल्ममेकर महेश मांजरेकर की बेटी हैं और धीरे-धीरे इंडस्ट्री में अपना नाम बना रही हैं। सई का मानना है कि भले ही उनके पिता इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं, लेकिन आने वाले समय में केवल अनुशासन, काम के प्रति लगन और कड़ी मेहनत ही उनकी सफलता की पूंजी होगी। अपनी यात्रा को लेकर अभिनेत्री ने कहा, 'मैं हमेशा से अपने फिल्मी बैकग्राउंड के आराम से बाहर निकलकर अपनी खुद की पहचान बनाना चाहती थी। मेरे लिए, विकास लगातार सीखने, अपने काम के जरिए खुद को साबित करने और इन सबके बीच जमीन से जुड़े रहने से आता है।' अभिनेत्री ने आगे बताया कि हर किसी की यात्रा चुनौतियों के साथ आती है और उसकी तुलना करने के बजाय हमें अपने विकास पर ध्यान देना चाहिए। अभिनेत्री सई मांजरेकर बचपन से ही डांस के प्रति गहरी रुचि रखती थीं और अभिनय की दुनिया में आने से पहले उन्होंने अपने पिता की फिल्म 'अस्तित्व' (2018) में एक सहायक निर्देशक के रूप में भी काम किया था। इसके बाद साल 2019 में दबंग-3 में 'खुशी चौटाला' की भूमिका से बॉलीवुड में डेब्यू किया और अपनी पहली ही फिल्म से दर्शकों का ध्यान खींचा। अभिनेत्री जल्द ही पैन-इंडिया पीरियड ड्रामा फिल्म 'इंडिया हाउस' में नजर आएंगी। यह फिल्म 1905 के लंदन में स्वतंत्रता-पूर्व काल की वास्तविक घटनाओं पर आधारित एक पीरियड ड्रामा है, जो प्रेम और क्रांति की भावना को दर्शाती है, जिसकी शूटिंग हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में हुई है। सई मांजरेकर इसमें 'सती' नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। उनका लुक काफी पारंपरिक है।



# ...क्या पिता जितेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर नहीं करना चाहते तुषार कपूर

दिग्गज सितारों के बेटे जब अभिनय जगत में आते तो दर्शकों के मन में दोनों को पर्दे पर एक साथ देखने की ख्वाहिश भी आ जाती है। इंडस्ट्री में पिता-पुत्र की जोड़ी के कई ऐसे उदाहरण भी हैं, जब दोनों ने फिल्मों में साथ काम किया है। हालांकि, इसे लेकर अभिनेता तुषार कपूर थोड़ा अलग विचार रखते हैं। हाल ही में उन्होंने इसे लेकर चुप्पी तोड़ी। तुषार कपूर का मानना है कि बेहतर होगा कि वे और उनके पिता अपना रिश्ता ऑफ कैमरा ही बनाए रखें। बातचीत के दौरान तुषार कपूर ने इस बारे में बात की। इस दौरान अभिनेता ने अपने पिता जितेंद्र के साथ स्क्रीन शेयर करने के बारे में कहा, 'अगर मुझे अपने पिता के साथ काम करना पड़ा, तो मैं बहुत ज्यादा सचेत रहूंगा। मुझे लगता है कि बेहतर यही है कि हम अपने रिश्ते को कैमरे से दूर ही रखें'। तुषार कपूर ने और किरदार एक्सप्लोर करने की बात भी कही। उन्होंने कहा, 'मेरे आक्रामक, रफ एंड टफ साइड को और ज्यादा एक्सप्लोर किए जाने की जरूरत है। लोगों ने ज्यादातर मेरा फनी और सॉफ्ट साइड ही देखा है'।



# क्या वेदांग की जिंदगी में प्यार की हुई दस्तक?



वेदांग रैना काफी समय से सिंगल हैं। खुशी कपूर से उनका ब्रेकअप हो चुका है। दोनों ने कभी ना अपने रिश्ते को स्वीकार किया था, ना ही कभी ब्रेक की घोषणा की। लेकिन उनके करीबी इस बात को स्वीकार कर चुके हैं कि दोनों का ब्रेक हो चुका है। अब वेदांग रैना को न्योमिका सरन के साथ देखा गया है। वायरल वीडियो में दोनों के बीच अच्छी केमिस्ट्री नजर आ रही थी। न्योमिका की बात करें तो वह अक्षय कुमार की रिश्तेदार हैं। न्योमिका अक्षय कुमार की साली रिंकी खन्ना की बेटी हैं। पिछले दिनों वह सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में रहीं, उनके लुक और स्टाइल को काफी पसंद किया गया।

## फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में वेदांग आएंगे नजर

इम्तियाज अली निर्देशित फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' 12 जून 2026 को देश भर के सिनेमाघरों में रिलीज हो जाएगी। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, नसीरुद्दीन शाह, वेदांग रैना और शरवरी अहम किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म का संगीत एआर रहमान ने दिया है, गीत इरशाद कामिल ने लिखे हैं। फिल्म के हालिया रिलीज ट्रेलर की भी खूब चर्चा है, इसमें वेदांग की एक्टिंग को पसंद किया जा रहा है।



# सोशल मीडिया के पागलपन पर रोक लगाना जरूरी

**आहिस्ता-आहिस्ता ही सही पंजाबी फिल्मों की हीरोइन रही वामिका गब्बी ने बॉलिवुड में जगह बना ही ली। एक समय में छोटी-छोटी भूमिकाएं करने वाली वामिका ने मुख्यधारा की नायिका बनने के लिए लंबा इंतजार किया। ग्रहण जैसी वेब सीरीज से चमकी वामिका ने जुबली और खुफिया जैसे ओटीटी प्रोजेक्ट्स से अपनी जमीन पुख्ता की। आज उन्हें अक्षय कुमार, राजकुमार राव और आयुष्मान खुराना जैसे इंडस्ट्री के टॉप हीरोज की हीरोइन बनने का मौका मिल रहा है।**

एक समय इंडस्ट्री से निराश होकर बोरिया -बिस्तर समेटने का मन बना चुकी वामिका अपने मुकाम को इंजॉय कर रही हैं। इन दिनों वे चर्चा में हैं अपनी हालिया फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' से।

सोशल मीडिया के दौर में वामिका गब्बी को कभी तारीफ मिलती है, तो कई बार वे ट्रोल भी जाती हैं। हाल ही में वे उस वक्त ट्रोल हो गई थीं, जब वे साथी कलाकार राजपाल यादव को तवज्जो नहीं दे पाई थी। सोशल मीडिया की ट्रोलिंग को लेकर वामिका दो टूक कहती हैं, 'मैं समझती हूं कि सोशल मीडिया पर निश्चित रूप से रेगुलेशन होनी चाहिए, क्योंकि यहां पर कोई भी मुंह उठाकर आता है और कुछ भी बोलकर चला जाता है। सोशल मीडिया पर कुछ भी बोलने की कोई अकाउंटेबिलिटी नहीं होती। एक तो सिर्फ एक्टर्स के वेरिफाइड अकाउंट होते हैं। मुझे लगता है हर किसी का वेरिफाइड अकाउंट होना चाहिए। सोशल मीडिया के इस पागलपन पर रोक लगनी जरूरी है। वरना लोग तो पहले से ही पागल हो रहे हैं।'

वामिका से जब पूछा जाता है कि उन्हें किस तरह के हज्बैंड की ख्वाहिश है? तो वे तपाक से हंसते हुए कहती हैं, 'ये आप कैसा सवाल पूछ रही हैं? इसका जवाब तो बहुत मुश्किल है। (सोचते हुए) मेरा होने वाला पति जानवरों से प्यार करने वाला हो। वो फ्रीडम में विश्वास रखे। उसमें बदलाव को स्वीकार करने का गुण हो। कई लोग खुद को बदलने में यकीन नहीं करते, तब बहुत मुश्किल आती है। देखिए, कंपैटिबिलिटी जरूरी है, मगर मेरे होने वाले जीवनसाथी में ये बातें बहुत जरूरी हैं। और भी पॉइंटस हैं, जिन्हें मैं जल्द ही फिगर आउट करूंगी।

कैट फाइट्स ही क्यों, डॉग फाइट्स भी तो होती हैं इंडस्ट्री में कैट फाइट्स जैसा टर्म बहुत मशहूर रहा है। इस पर उस वक्त और ज्यादा चर्चा होती है, जब एक फिल्म में कई एक्ट्रेसेस हों। वामिका की हालिया फिल्म में उनके साथ सारा अली खान के साथ - साथ रकुल प्रीत भी हैं। मगर वामिका कैट फाइट्स टर्म का बचाव करते हुए कहते हैं, 'कैट फाइट्स ही क्यों डॉग फाइट्स भी तो होती हैं। हर जगह हर तरह की फाइट्स होती हैं, ये तो निर्भर करता है कि आप किन लोगों के साथ काम कर रहे हैं। हमारी फिल्म की शूटिंग के दौरान हम सभी ने बहुत ही मजेदार वक्त बिताया। क्लाइमैक्स की शूटिंग के दौरान तो पूरी कास्ट साथ थी और शूटिंग की लोकेशन होटल से एक घंटे की दूरी पर थी, तो हम सभी एक साथ शूट पर जाया करते थे। पंजाबी म्यूजिक के साथ - साथ हम लोग खाना भी साथ खाते। हमने तो एक साथ जिमिंग और स्विमिंग भी की।'

## मैं कॉमिडी जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहती हूं

अब तक कई गंभीर भूमिकाएं कर चुकी वामिका कॉमिडी के बारे में कहती हैं, 'कॉमिडी करना आसान नहीं था, मगर इसे करते हुए मुझे बहुत मजा आया। मुझे लगा कि मुझे यही करना था। मैं तो इस जॉनर को एक्सप्लोर करना चाहती हूं। इस फिल्म की शूटिंग के दौरान भी मैं मुदस्सर सर (निर्देशक मुदस्सर अजीज) के पास कई कॉमिक आइडियाज लेकर जाया करती थी। मेरे अंदर का कॉमिडी वाला जो जानवर है, उसे मुझे निकालने की बहुत जरूरत है। कॉमिक रोल को करते हुए लगा कि मैं इसमें बहुत कुछ कर सकती हूं। मैंने कॉमिडी को हद से ज्यादा इंजॉय किया। मैं मानती हूं कि एक्टिंग के क्राफ्ट में कॉमिडी सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण होती है, मगर एक बार आप जब इस दुनिया में प्रवेश करते हैं और उस हंसी के माहौल और किरदार की नस पकड़ लेते हैं, तो फिर आप उसके साथ आपको बहुत कुछ खेलने को मिलता है।




## बीसीसीआई ने खिलाड़ियों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में स्मार्ट ग्लासेस पहनने पर रोक लगायी

मुम्बई ।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने खिलाड़ियों के प्रतिबंधित क्षेत्रों में स्मार्ट ग्लासेस पहनने पर रोक लगा दी है। बोर्ड ने ये कदम इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अत्याधुनिक संचार उपकरणों के बढ़ते चलन और उनके संभावित दुरुपयोग को रोकने के लिए उठाया है। ऐसे में अब सहयोगी स्टाफ के लिए एक नई एडवाइजरी जारी की गयी है। इसके तहत अब खिलाड़ी ड्रेसिंग रूम, डगआउट और मैदान के आसपास के प्रतिबंधित क्षेत्रों में स्मार्ट ग्लासेस, सनग्लासेस और गॉगल्स नहीं पहन सकेंगे। यह कदम लीग की अखंडता और निष्पक्षता बनाए रखने की दिशा में एक बड़ा प्रयास माना जा रहा है। बीसीसीआई की भ्रष्टाचार-रोधी और सुरक्षा इकाई से बोर्ड को जानकारी दी गयी थी कि कुछ कंपनियां टी20 लीग में शामिल खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों को ऐसे विशेष उपकरण बेचने का प्रयास कर रही हैं। साथ ही कहा गया कि स्मार्ट आईवियर प्रोडक्ट्स लाइव स्ट्रीमिंग करने, टेक्स्ट मैसेज भेजने और वाई-फाई या मोबाइल डेटा के जरिए ऑडियो-वीडियो कॉल करने में सक्षम हैं।

# एमपीएल के नए सीजन में इतिहास रचने के इरादे से उतरेगी जबलपुर रॉयल लायंस

### राहुल बाथम बोले- शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीतेंगे

इंदौर ।




मध्य प्रदेश लीग (एमपीएल) के बहुप्रतीक्षित नए सीजन का काउंटडाउन शुरू होते ही क्रिकेट प्रेमियों का उत्साह चरम पर पहुँच गया है। इस खिताबी महासमर में जबलपुर रॉयल लायंस (जेआरएल) नए आत्मविश्वास, अभेद्य रणनीतियों और विजय के एक दृढ़ संकल्प के साथ मैदान पर उतरने के लिए पूरी तरह तैयार है। संतुलित टीम संयोजन, अनुभवी सहयोगी स्टाफ और निडर खेल शैली के बल पर फ्रेंचाइजी को पूर्ण विश्वास है कि यह अभियान उनके इतिहास का सबसे स्वर्णिम अध्याय सिद्ध होगा।सीजन से पहले टीम की तैयारियों और खिलाड़ियों की मानसिक सुदृढ़ता पर विश्वास जताते हुए हुए वरिष्ठ ऑलराउंडर राहुल बाथम ने कहा, ÷दल के भीतर इस समय सकारात्मकता और ऊर्जा का प्रवाह अपने चरम पर है। हमने एक ऐसी संतुलित टीम का गठन किया है जिसमें विलक्षण प्रतिभा, कड़ा अनुशासन और विजय की तीव्र आकांक्षा साफ परिलक्षित होती है। हमारा ध्येय केवल इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनना नहीं, अपितु मैदान पर अपनी अमिट छाप छोड़ना और उत्कृष्ट क्रिकेट से खेलप्रेमियों का दिल जीतना है।÷ उन्होंने पूरे आत्मविश्वास के साथ जोड़ा, ÷यह जबलपुर रॉयल लायंस का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा, क्योंकि हम हम शेरों की तरह खेलेंगे और चैंपियंस की तरह जीत दर्ज करेंगे।÷अनुभव और युवा ऊर्जा का अद्भुत संगम मुख्य कोचइस वर्ष जबलपुर की टीम में अनुभवी दिग्गजों और उभरती हुई युवा प्रतिभाओं का एक अनूठा संगम देखने को मिलेगा। टीम के मुख्य कोच आनंद राजन का मानना है कि यही जुगलबंदी टीम की सफलता का मुख्य आधार बनेगी। राजन ने अपनी रणनीति साझा करते हुए कहा, ÷हमने टीम के भीतर एक ऐसी सुदृढ़ खेल संस्कृति विकसित की है, जहाँ अनुशासन, सूक्ष्म तैयारी और मैदान पर उसका सटीक क्रियान्वयन सर्वोपरि है। अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने जो समर्पण और प्रतिबद्धता दिखाई है, वह अनुकरणीय है। हम एक ऐसे दल के रूप में उभर रहे हैं जो पूरे आत्मविश्वास के साथ प्रतिद्वंद्वियों को कड़ी चुनौती देगा। हमारा एकमात्र लक्ष्य सकारात्मक क्रिकेट खेलना और अपने प्रशंसकों को गौरव के क्षण उपहार में देना है।÷ इतिहास रचने का सामर्थ्य रखती है ।

## प्रणति नायक को राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल 2026 के लिए साई और टीओपीएस का मिल रहा सहयोग

नई दिल्ली।

भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक की 2026 के राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेलों की तैयारी को युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण (साई), और टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना (टीओपीएस) के निरंतर सहयोग से बल मिल रहा है। सरकार द्वारा उन्हें और जिमनास्टिक्स टीम को अंतरराष्ट्रीय अनुभव, विदेशी प्रशिक्षण, राष्ट्रीय कोचिंग शिविर, और अन्य निरंतर सहायता प्रदान की जा रही है। टोक्यो 2020 ओलंपियन प्रणति वर्तमान में सीनियर और जूनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स राष्ट्रीय कोचिंग शिविर का हिस्सा हैं, जो 22 मई से 20 जून, 2026 तक भुवनेश्वर के हाई परफॉर्मेंस सेंटर में चल रही है। यह शिविर 25 से 28 जून, 2026 तक चीन के जुनी में आयोजित होने वाली 13वीं सीनियर एशियाई चैंपियनशिप की तैयारी के लिए आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में प्रणति भारतीय सीनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स टीम का हिस्सा हैं। भुवनेश्वर में आयोजित इस शिविर के लिए कुल 23.52 लाख की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें सीनियर और जूनियर जिमनास्ट, कोच और सहायक कर्मचारियों सहित कुल 21 प्रतिभागी शामिल हैं। अगले महीने चीन में होने वाली महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए, सरकार ने भारतीय सीनियर और जूनियर महिला आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स दल की भागीदारी हेतु 36.59 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की है। इस दल में खिलाड़ी, कोच और सहायक कर्मचारियों सहित कुल 17 सदस्य



शामिल हैं। प्रणति को टॉप्स के तहत व्यक्तिगत रूप से भी महत्वपूर्ण सहायता प्राप्त हुई है। 19 से 25 मई, 2026 तक उज्बेकिस्तान के ताशकंद में आयोजित एफआईजी आर्टिस्टिक जिमनास्टिक्स विश्व चैलेंज कप में भागीदारी के लिए प्रणति नायक, उनके कोच अशोक कुमार मिश्रा और फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. श्वेता अत्तिली के लिए 5.89 लाख की वित्तीय सहायता स्वीकृत की गई थी। इस प्रतियोगिता में प्रणति ने रजत पदक जीता था।

## ललित मोदी का खुलासा, 2005 के बीसीसीआई चुनाव में बोर्ड सदस्यों को होटलों में बंद रखा था

लंदन ।



आईपीएल के पहले कमिश्नर रहे ललित मोदी ने खुलासा किया है कि साल 2005 के बीसीसीआई चुनाव में प्रतिद्वंद्वी पक्षों ने बोर्ड मेंबरों को होटलों में बंद रखा। वहीं दूसरे पक्ष के समर्थक मेंबरों की उड़ानों का ठिकाना ही बदलवा दिया। दोनों पक्ष इन प्रकार से एक दूसरे के समर्थक सदस्यों को बैठक में पहुंचने से ही रोकने के प्रयास कर रहे थे। भ्रष्टाचार के आरोपों में फंसे ललित मोदी आज भारत से भागकर ब्रिटेन में रह रहे हैं। हालांकि देश में आईपीएल की शुरुआत का श्रेय उन्हें ही जाता है। आज बीसीसीआई का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में प्रभाव हैउसमें आईपीएल की भूमिका सबसे अहम है। ललित मोदी के अनुसार शरद पवार बीसीसीआई अध्यक्ष के चुनाव में जगमोहन डालमिया से सिर्फ एक वोट से हार गए थे। ललित मोदी के लिए ये झटका था क्योंकि पवार को चुनाव लड़ने के लिए राजी करने वालों में वह भी थे। उन्होंने ने यह भी बताया कि कैसे उसके बाद अगले चुनाव में शरद पवार ने जीत हासिल की और उसके बाद के वर्षों में आईपीएल की शुरुआत हुई। ललित मोदी नेकहा, हमने शरद पवार को चुनाव लड़ने के लिए राजी किया। हम चुनाव में गए, हम जीत के प्रति आश्वस्त थे और एक वोट से हार गए। वजह थी हमारे अपने ही लोगों के बीच लड़ाई। पुणे क्रिकेट एसोसिएशन में अजीत शिरके और दयानेश्वर अगाशे की लड़ाई। अगाशे डालमिया गुट से जा मिले।

# आईपीएल फाइनल को देखते हुए हवाई टिकट के साथ ही होटल भी हुए महेंगे

अहमदाबाद ।

आईपीएल के 19 सत्र का खिताबी मुकाबला रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा। इस मुकाबले को लेकर प्रशंसकों में जबरदस्त आकर्षण है। फाइनल देखना हालांकि प्रशंसकों की जेब पर भारी पड़ेगा। फाइनल के लिए पहले ही मैच के लगभग सभी टिकट बिक चुके हैं।

वहीं होटल की बुकिंग और हवाई किराए में भी भारी तेजी आयी है। प्रशंसक मैच में पहुंचने के लिए तीन से चार गुना ज्यादा किराया देने को भी तैयार दिख रहे हैं। इसी कारण दिल्ली-अहमदाबाद और बेंगलुरु-अहमदाबाद जैसे मुख्य रूटों पर हवाई किराए दोगुने हो गए हैं। मैच के समय के आस-पास की उड़ानों में प्रीमियम इकॉनमी और बिजनेस क्लास की सीटें कई रूटों पर पहले ही बिक चुकी हैं। बेंगलुरु से कुछ उड़ानो का एक तरफ का किराया ही 22,800 रुपए से भी ज़्यादा हो गया है, जबकि आम तौर पर यह 6,000 से 8,000 रुपए के बीच रहता है। इसके अलावा अहमदाबाद और गांधीनगर के होटलों में भी भारी मांग देखने को मिल रही है। होटल के कमरों का किराया जो आम तौर पर 6,000 से 16,000 रुपए (टैक्स के अलावा) के बीच रहता है, भारी मांग के चलते बढ़ गया है। अधिकारियों ने बताया कि फाइनल मैच से दो दिन पहले ही गांधीनगर स्थित एक पंच सितारा होटलों में दाम कई गुना बढ़ गये हैं। ट्रैवल




ऑपरेटर्स को यह भी उम्मीद है कि हवाई जहाज के टिकट महंगे होने या उपलब्ध न होने की वजह से सड़क के रास्ते आने वाले फैन्स की भारी भीड़ उमड़ेगी। मैच के तुरंत बाद वापसी की यात्रा की मांग आमतौर पर ट्रांसपोर्ट के खर्च को सामान्य रेट से लगभग डेढ़ गुना तक बढ़ा देती है। इस बीच आईपीएल फाइनल के टिकट, जिनकी शुरुआती कीमत ऊपरी-स्तरीय स्टैंड्स के लिए 2500 रुपए है और जो प्रेसिडेंट्स गैलरी के लिए 25000 रुएप तक जाती है, आधिकारिक वेबसाइट पर लगभग बिक चुके हैं। ऑनलाइन टिकट पाना अभी भी मुश्किल बना हुआ है।

**संक्षिप्त समाचार**

## आईसीसी ने महिला टी20 विश्व के लिए मैच अधिकारी घोषित किये

ICC

दुबई ।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने अगले माह जून में होने वाले महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए मैच अधिकारियों की घोषणा कर दी है। इसके लिए घोषित सभी मैच अधिकारी महिलाएं हैं। यह लगातार तीसरा अवसर है जब टूर्नामेंट में पूरी तरह से महिला मैच अधिकारियों को रखा गया है। इस पैनल में चार अधिकारी कैंडेस ला बोर्डे, गायत्री वेणुगोपालन, केरिन क्लास्टे और शतिरा जाकिर जेसी हो पहली बार पैनल में शामिल किया गया है। यह टूर्नामेंट 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में खेला जाएगा। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजोग गुप्ता ने बताया कि महिला मैच अधिकारियों यह पैनल खेल के सभी पहलुओं में प्रतिनिधित्व बढ़ाने और महिला अधिकारियों की प्रगति के प्रति आईसीसी की प्रतिबद्धता को दिखाता है। इसमें 33 मैचों के लिए कुल 14 अंपायर और चार मैच रेफरी रखे गये हैं। जिनमें से 9 अधिकारी 2024 एडिशन से वापस लौटेंगे। ऑस्ट्रेलियाई अधिकारी क्लेयर पोलोसाक सबसे अनुभवी हैं, जो अपनी छठी उपस्थिति दर्ज करेंगी और उन्होंने पहले 22 मैचों में अंपायरिंग की है। वहीं जैकलीन विलियम्स और किम कॉटन भी 19-19 मैचों के अनुभव के साथ पांच टी20 विश्व कप के मील के पत्थर तक पहुंचेंगी। मैच रेफरी में शैंड्रे फ्रिट्ज, जीएस लक्ष्मी और मिशेल परेरा 2024 एडिशन से लौट रही हैं, जबकि न्यूजीलैंड की ट्रुडी एंडरसन भी इस समूह में शामिल हैं।

# सुप्रीम कोर्ट ने विनेश को एशियन गेम्स के ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दी

### डब्ल्यूएफआई की याचिका खारिज

नई दिल्ली ।

सुप्रीम कोर्ट ने महिला पहलवान विनेश फोगाफ को राहत देते हुए एशियन गेम्स के ट्रायल में हिस्सा लेने की अनुमति दे दी है। इससे पहले दिल्ली हाई कोर्ट ने भी विनेश के पक्ष में फैसला सुनाया था पर रेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया(डब्ल्यूएफआई) उसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गयी थी। इस मामले में शुक्रवार को हुई सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई की याचिका को खारिज करते हुए दिल्ली हाई कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा। ऐसे में अब विनेश के गेम्स 2026 के ट्रायल्स में भाग लेने का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने कहा कि विनेश ने देश का सिर ऊंचा किया है। साथ ही कहा, अगर कोई और होता तो बात दूसरी होती। उसने देश को गर्व कराया है। सुप्रीम कोर्ट ने हालांकि इस पूरे मामले में हाई कोर्ट ने जिस तरह सुनवाई की, उस पर चिंता भी जताई पर उनके आदेश में हस्तपेक्ष से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि हाई कोर्ट ने जिस तरीके से इस मामले की सुनवाई की, वह ठीक नहीं है। अदालत ने चेताया कि खेल प्रशासन में अदालतों की जरूरत से ज्यादा दखलअंदाजी से स्पोर्टिंग इकोसिस्टम पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। इससे पहले 22 मई को दिल्ली हाई कोर्ट की एक बेंच ने विनेश फोगाट को एशियाई खेलों के चयन ट्रायल में भाग लेने की अनुमति दे दी थी। अपने फैसले में हाई कोर्ट ने डब्ल्यूएफआई को फटकार लगाते हुए कहा था कि फेडरेशन की चयन नीति भेदभावपूर्ण थी क्योंकि मातृत्व अवकाश के बाद वापसी करने वाली उनकी नीति में दिग्गज खिलाड़ी पर विचार करने का उसमें कोई अधिकार नहीं था। हाई कोर्ट के इस फैसले को



डब्ल्यूएफआई ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। हाई कोर्ट ने अपने आदेश दिया था कि फेडरेशन 30 और 31 मई को होने वाले चयन ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग कराये।

## सनराइजर्स टीम गेंदबाजी पर अधिक ध्यान नहीं देने से बाहर हुई : कोच

नई दिल्ली।



सनराइजर्स हैदराबाद के पूर्व मुख्य कोच टॉम मूडी ने आईपीएल से बाहर होने पर कहा कि टीम ने अबतक बल्लेबाजी पर ही ध्यान दिया है और अपने आक्रामक अंदाज से प्रशंसा पायी है पर इस दौरान टीम गेंदबाजी पर अधिक ध्यान नहीं दे पायी। जिसका नुकसान उसे उठाना पड़ा है। कोच के अनुसार टीम का बल्लेबाजी पर जरुरत से ज्यादा देना अच्छी बात है पर जीत के लिए गेंदबाजी पर भी जोर देना होगा। उन्होंने आगे कहा कि टीम में संतुलन बनाने के लिए फ्रेंचाइजी को अपनी गेंदबाज इकाई पर और ज्यादा ध्यान देना होगा। मूडी के अनुसार टीम के एलीमिनेटर मुकाबले में मिली हार से एक बार फिर ये कमजोरी सामने आई है। आईपीएल में टीम अंक तालिका में तीसरी सबसे अच्छी टीम के तौर पर प्लेऑफ में पहुंची थी। उसके बल्लेबाजों हेनरिक क्लासेन ने 624 रन, ईशान किशन ने 602 रन, अभिषेक शर्मा ने 563 रन और ट्रैविस हेड ने 410 रन बनाये। वहीं गेंदबाजी में ईशान मलिंगा ही 20 विकेट और साकिब हुसैन ही 15 विकेट विकेट ले पाये। प्रफुल हिंगे और शिवांग कुमार ने काफी उम्मीदें थीं पर वे उसके अनुसार सफल नहीं हुए। मूडी के अनुसार टीम के पासा पैट कमिंस के अलावा कोई स्टार गेंदाबाज नहीं था। मूडी ने कहा, यह एक तारीफ के काबिल तरीका है पर इसकी एक कीमत चुकानी पड़ती है। इस तरीके से वे अभी तक ट्रॉफी नहीं जीत पाए हैं। हां, वे अपने को अवसर देने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन इसकी कीमत यह भी है कि आपको उस तरीके में निवेश करना पड़ता है। जब गेंदबाज की बात आती है, तो वह निवेश नहीं हो पाता। इसलिए आप गेंदबाज इकाई के तौर पर खेलने के तरीके पर बहुत सारा पैसा खर्च कर रहे हैं। आपके पास एक मजबूत गेंदबाज ईकाई बनाने के लिए जरूरी पैसे कम पड़ जाते हैं, जो स्कोर का बचाव कर सकें। उन्होंने कहा, यह सब कुछ संतुलन बनाने की कोशिश के बारे में है और मुझे लगता है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इसमें सफल रही है।

## वैभव सूर्यवंशी ने अपने निडर होकर खेलने का राज बताया

नई दिल्ली।

आईपीएल में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के कारण छाये वैभव सूर्यवंशी ने अपने निडर होकर खेलने का राज खोला है। वैभन ने कहा कि अगर वह तेजी से खेलने के प्रयास में शतक के पास पहुंचकर भी आउट भी होते हैं तो उन्हें कोई निराशा नहीं होती। इस उभरते हुए क्रिकेटर ने कहा, बचपन से, मेरे पापा हमेशा मुझसे कहते आए हैं कि अगर तुम तिहरा शतक भी लगा देते पर टीम नहीं जीतती है तो उसका कोई लाभ नहीं है। वे सिर्फ तुम्हारे निजी रिकॉर्ड के लिए हो सकते हैं पर उनसे टीम को कोई लाभ नहीं होता। क्रिकेट, आखिर में, एक टीम गेम है। इसलिए, अगर मैं शतक की जगह पर 80 रन बनाता हूं और मेरी टीम जीत जाती है, और अगर मेरे सेंचुरी बनाने के बाद भी हम नहीं जीतते, तो वह 80 रन मेरे लिए शतक से अधिक बढ़कर हैं। वैभव के अनुसार मुझे रोमी भिंडर सर का पहला कॉल आया, जो टीम मैनेजर हैं। मैं दुबई में था, और नीलामी भी वहीं हो रहा था। ट्रायल्स के बाद, मैंने उनसे बात की थी और उन्होंने मुझे बताया था कि वे मुझे लेंगे, और फिर हमने कॉल पर दो से तीन मिनट बात की, जबकि उन्होंने मुझे बधाई दी। अपने डेब्यू मैच में, मैंने पहली गेंद पर छक्का मारा, इसलिए यह एक बहुत ही खास पल और एक शानदार याद थी। फिर, मैंने उसी सीजन में शतक बनाया, जो मेरे परिवार और मेरे लिए बहुत गर्व का पल था। यह मेरा सिर्फ तीसरा मैच था, इसलिए अपने आईपीएल करियर की इतनी अच्छी शुरुआत करके बहुत अच्छा लगा, और मैं अब बस उसी लय को आगे बढ़ा रहा हूं।

## पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ ने वैभव की तुलना शाहिद अफरीद से की

### भारतीय प्रशंसक भड़के

लाहौर ।

पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद यूसुफ भी आईपीएल में धमाकेदार बल्लेबाजी कर रहे वैभव सूर्यवंशी के मुरीद हो गये हैं। वैभव ने जिस प्रकार आईपीएल के 19 वें सत्र में बल्लेबाजी की है उसकी तारीफ करते हुए यूसुफ ने कहा कि उनकी बल्लेबाजी देखकर उन्हें पूर्व विस्फोटक ऑलराउंडर शाहिद अफरीदी के शुरुआती दिनों की याद आती हे। उन्होंने वैभव को अफरीदी की तरह बेखौफ, आक्रामक और ऊर्जा से भरपूर बताते हुए क्रिकेट का भविष्य कहा है। । वहीं मोहम्मद यूसुफ की इस तुलना से भारतीय क्रिकेट प्रशंसक भड़क गये।

# आइस हॉकी वर्ल्ड चैंपियशिप 2027 में तीन टीमों के साथ उतरेगा भारत

कुआलालंपुर।

भारत की अंडर-20 पुरुष टीम को एशियन कप 2027 क्वालीफायर्स के ग्रुप बी में रखा गया है। भारतीय टीम उज्बेकिस्तान, सीरिया और बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। इसकी घोषणा एफसी हाउस में हुए ड्रॉ के बाद की गई। उज्बेकिस्तान 25 अगस्त से 6 सितंबर, 2026 के बीच अपनी राजधानी ताशकंद में एक सेंट्रलाइज्ड एकल राउंड-रॉबिन फॉर्मेट में ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। इस साल की शुरुआत में घोषित एएफसी युवा प्रतियोगिताओं के नए फॉर्मेट के अनुसार, एएफसी अंडर-20 एशियन कप क्वालीफायर्स में एक दो-चरण वाली प्रणाली शुरू की गई है, जिसमें प्रमोशन और रेलिगेशन का तंत्र शामिल है। क्वालिफिकेशन चरण में, 32 टीमों को चार-चार टीमों के आठ ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से ग्रुप विजेता और सात सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर रहने वाली टीमें एएफसी अंडर-20 एशियन कप के 43वें संस्करण के लिए आगे बढ़ेंगी। वहीं, प्रत्येक ग्रुप की सबसे नीचे रहने वाली टीम को अगले संस्करण के डेवलपमेंट चरण में भेज दिया जाएगा। आगामी क्वालीफायर्स के डेवलपमेंट चरण के लिए, 12 टीमों को चार-चार टीमों के तीन ग्रुप में बांटा गया है। इनमें से तीन ग्रुप विजेता और प्रत्येक ग्रुप की दूसरे स्थान पर रहने वाली तीन टीमों को अगले संस्करण के क्वालिफिकेशन चरण में प्रमोट किया जाएगा। टीमों का वरीयता क्रम पिछले तीन संस्करणों (2018, 2023, 2025) में उनके प्रदर्शन और प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों की संख्या के आधार पर तय किया गया था। 20वें स्थान पर मौजूद भारत को क्वालिफिकेशन चरण में पॉट 3 में रखा गया था। भारत का लक्ष्य 2006 के बाद पहली बार एएफसी अंडर-20 एशियन कप के लिए क्वालीफाई करना होगा। 2006 में भारत ने ही इस टूर्नामेंट की मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में भारत का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 1974 में ईरान के साथ संयुक्त विजेता बनना रहा है। पिछले संस्करण (2025) में, भारतीय टीम गोल



अंतर के आधार पर क्वालीफाई करने से मामूली अंतर से चूक गई थी। क्वालिफिकेशन चरण के ग्रुप ए में, 12 बार के चैंपियन कोरिया गणराज्य का मुकाबला मेजबान किर्गिज गणराज्य, फिलीपींस और लेबनान से होगा। वहीं ग्रुप बी में मेजबान उज्बेकिस्तान के सामने सीरिया, भारत और बांग्लादेश की टीमें होंगी।

## हरभजन के सवाल पर सहवाग और चोपड़ा बोले, वैभव को नीलामी में मिल सकते है 30 करोड़ रुपये

मुम्बई ।

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 19 वें सत्र में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से उभरते हुए बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी छाये हुए हैं। वैभव ने जिस प्रकार एक एक के बाद एक नये रिकार्ड बनाये हैं। उससे भी उनकी कीमतें बढ़ीं है। अब कहा जा रहा है कि वैभव पर अगली नीलामी में 30 करोड़ रुपये तक की बोली लग सकती है। वैभव ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ एलिमिनेटर मुकाबले में केवल 16 गेंदों में ही तेजी से अर्धशतक लगा दिया था। उनकी 29 गेंदों में 97 रनों की विस्फोटक देखकर सभी हैरान हैं। इस पारी के साथ ही सूर्यवंशी ने एक सीजन में सर्वाधिक छक्के लगाने का वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल का वैभव की इसी आक्रामक बल्लेबाजी को देखकर पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कमेंट्री के दौरान वीरेंद्र सहवाग से पूछा कि अगर यह युवा खिलाड़ी नीलामी में आता है तो वह कितनी रकम देंगे। सहवाग ने बिना देर किये कहा कि वह 30 करोड़ रुपये देंगे। वहीं पूर्व भारतीय बल्लेबाज आकाश चोपड़ा ने भी इतनी ही रकम देने की बात कही। वहीं अभी राजस्थान रॉयल्स ने वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल नीलामी में केवल 1.10 करोड़ रुपये में खरीदा था, जो उसके प्रदर्शन को देखते हुए काफी कम है। 15 साल के वैभव ने आईपीएल 2026 में अब तक 15 मैचों में कुल 680 रन बनाए हैं। उनका औसत 45.33 का रहा है और सबसे हैरानी की बात है कि उनका 242.86 का अविश्वसनीय स्ट्राइक रेट है। इस सीजन में वह सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और ऑरेंज कैप पर कब्जा जमाए हुए हैं, जो किसी भी युवा खिलाड़ी के लिए एक असाधारण उपलब्धि है।

## महिला वॉशरूम में मिला सीक्रेट कैमरा, सरकारी दफ्तर में मचा हड़कंप

जगतसिंहपुर ( (एजेंसी) ।ओडिशा के जगतसिंहपुर जिले में स्थित जिला ग्रामीण विकास एजेंसी कार्यालय में महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। यहां महिला वॉशरूम में संदिग्ध सीक्रेट कैमरा मिलने से सरकारी दफ्तर में हड़कंप मच गया। घटना सामने आने के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई है। बताया जा रहा है कि वित्त विभाग में कार्यरत महिला कर्मचारी मधुस्मिता सामंतराय जब वॉशरूम में पहुंचीं, तभी उन्हें एक संदिग्ध इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस दिखाई दिया। डिवाइस नीचे गिरा हुआ था, जिससे शक होने पर उन्होंने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी जानकारी दी।इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर संदिग्ध कैमरे को जब्त कर लिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। तिरतोल के उप पुलिस अधीक्षक अजय कुमार दास ने बताया कि मामले की जांच के लिए विशेष टीम बनाई गई है। कार्यालय परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि कैमरा किसने और कब लगाया। डिजिटल फॉरेंसिक टीम यह जांच कर रही है कि कैमरे में कोई रिकॉर्डिंग मौजूद है या नहीं और कहीं डेटा किसी अन्य डिवाइस में ट्रांसफर तो नहीं किया गया। घटना के बाद महिला कर्मचारियों में डर और नाराजगी का माहौल है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## कमजोर पड़ सकता है मानसून, अल नीनो बढ़ा रहा चिंता

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में मानसून की दस्तक को लेकर जहां अच्छी खबर सामने आ रही है, वहीं मौसम विभाग की चेतावनी ने चिंता भी बढ़ा दी है। भारतीय मौसम विभाग के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून तेजी से केरल तट की ओर बढ़ रहा है और समय से पहले पहुंचने की संभावना जताई गई है। लेकिन इसके साथ ही इस वर्ष देश के कई हिस्सों में सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान भी लगाया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रशांत महासागर में विकसित हो रही 'अल नीनो' स्थिति भारत के मानसून को कमजोर कर सकती है। अल नीनो के प्रभाव से बारिश कम होने और गर्मी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। भारतीय मौसम विभाग ने अनुमान लगाया है कि इस बार मानसूनी बारिश दीर्घकालिक औसत से नीचे रह सकती है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और मध्य भारत के कई इलाकों में बारिश सामान्य से कम रह सकती है, जबकि कुछ क्षेत्रों में अचानक भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति भी बन सकती है। मौसम विभाग ने जून से कई राज्यों में लू के बढ़ते खतरे की चेतावनी भी दी है। कमजोर मानसून का सबसे बड़ा असर खेती, जल संकट और महंगाई पर पड़ सकता है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और कम बारिश से फसलों के उत्पादन पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है।

## नाबालिग से गैंगरेप का आरोपी दरोगा अरेस्ट

कानपुर(एजेंसी) ।कानपुर में नाबालिग लडकी से गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे आरोपी दरोगा अमित कुमार मौर्या को पुलिस 144 दिन बाद गिरफ्तार कर सकी। आरोपी दरोगा पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था। आरोप है कि 5 जनवरी को दरोगा ने यूट्यूबर शिवबरन सिंह के साथ मिलकर सचेंडी क्षेत्र निवासी 14 साल की लडकी के साथ गैंगरेप किया। इसके बाद पुलिस ने यूट्यूबर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि आरोपी दरोगा फरार चल रहा था। पीड़ित लडकी के मुताबिक, 5 जनवरी की रात करीब 9.30 बजे वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी ।इसी दौरान भीमसेन चौकी में तैनात दरोगा अमित कुमार मौर्या और यूट्यूबर शिवबरन यादव ने उसके साथ गैंगरेप किया। करीब 45 मिनट तक उसके साथ दरिंदगी हुई। मामले में किशोरी की शिकायत पर दोनों आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

## पूर्व सपा नेता नवाब सिंह को 8 साल की सजा

कन्नौज (एजेंसी) ।नाबालिग से रेप के आरोपी और पूर्व सपा नेता नवाब सिंह यादव और उसके भाई नीलू को गैंगस्टर मामले में 8-8 साल की सजा हुई है। कन्नौज कोर्ट ने शुक्रवार को इसी मामले में सहआरोपी पूजा तोमर को भी 6 साल की सजा सुनाई। कोर्ट ने नवाब और नीलू पर 10-10 लाख रुपए और पूजा तोमर पर 5 लाख का जुर्माना लगाया है। नवाब सिंह यादव को दो साल पहले 15 साल की नाबालिग से रेप के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पीड़ित को पूजा तोमर नवाब सिंह के पास लेकर पहुंची थी, जिसके बाद पुलिस ने उसे सह-आरोपी बनाया था। जांच में सामने आया कि नवाब सिंह के भाई नीलू ने साक्ष्य मिटाने और जांच को प्रभावित करने की कोशिश की। इसके बाद पुलिस ने नीलू और नाबालिग की रिश्तेदार को भी गिरफ्तार किया। मामले में पुलिस ने तीनों आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की थी।

## बांग्लादेशी घुसपैठियों को लेकर ओडिशा में अलर्ट, सीमावर्ती जिलों में बढ़ाई निगरानी

भुवनेश्वर (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ चल रहे अभियान के बाद अब ओडिशा सरकार भी सतर्क हुई है। ओडिशा सरकार ने पश्चिम बंगाल से सटी सीमाओं वाले जिलों में संभावित घुसपैठ को लेकर अलर्ट जारी कर दिया है। खासतौर पर बालासोर और मयूरभंज जिलों में सुरक्षा एजेंसियों को निगरानी बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश हैं। यह कदम तब उठाया गया, जब उत्तर 24 परगना जिले के बसीरहाट उप-मंडल स्थित हाकिमपुर जांच चौकी पर बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिकों के जुटने की खबर सामने आई। पुलिस उपमहानिरीक्षक (पूर्वी परिक्षेत्र) पिनाक मिश्रा ने कहा कि बंगाल में कार्रवाई के चलते संदिग्ध घुसपैठिए दूसरे राज्यों की ओर रुख कर सकते हैं। इसके बाद उनके ओडिशा में प्रवेश की आशंका को देखकर राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हो गई है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती इलाकों के साथ-साथ जलमार्गों पर भी विशेष नजर रखी जा रही है और संबंधित पुलिस थानों को सतर्क किया गया है। मिश्रा ने कहा कि केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुसार अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें कानून के तहत देश से बाहर भेजने की प्रक्रिया जारी है। बालासोर जिले के भोगराई और जलेश्वर ब्लॉक पश्चिम बंगाल के कई जिलों से जुड़े हुए हैं, जबकि मयूरभंज की सीमा भी पश्चिम मेदिनीपुर से लगती है। इसकारण इन इलाकों में अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है। इस मुद्दे पर ओडिशा की राजनीति भी गरमा गई है। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि घुसपैठियों की पहचान और निर्वासन के लिए अभियान पहले से चलाया जा रहा है।

# भारत के पास सिर्फ 4-5 दिन का रणनीतिक तेल भंडार: पेट्रोल-एलपीजी की कीमतों पर दबाव




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच, कंसल्टेंसी फर्म ने भारत को भविष्य के संकटों से बचने के लिए एक बड़ा रणनीतिक भंडार तैयार करने की चेतावनी दी है। फर्म की मई 2026 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास वर्तमान में केवल 4-5 दिनों की घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए ही कच्चा तेल रणनीतिक भंडार में है, जो आम लोगों की जेब पर पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और खाद की कीमतों में भारी उछाल के रूप में सीधा असर डाल सकता है।

रिपोर्ट में पश्चिम एशिया में जारी संकट को बड़ी वजह माना गया है, जिसने भारत की आयात पर अत्यधिक निर्भरता को उजागर किया है। कंसल्टेंसी फर्म का कहना है कि अगर वैश्विक संकट लंबा खिंचता है, तब ईंधन की बढ़ती कीमतें सिर्फ पेट्रोल पंप तक सीमित नहीं रहेंगी, बल्कि ट्रांसपोर्ट, बिजली, खेती और रोजमर्रा के खर्चों को भी महंगा करेगी। विशेष रूप से, महंगे उर्वरक सीधे तौर पर खाद्य महंगाई को बढ़ावा देने वाले हैं, जिससे आम आदमी का बजट और बिगड़ सकता है।

भारत के सीमित भंडार की तुलना में चीन और जापान जैसे देशों के पास कहीं अधिक बड़े रणनीतिक भंडार मौजूद हैं। इस गंभीर स्थिति को देखकर मोदी सरकार को पांच प्रमुख क्षेत्रों कच्चा तेल, खाद, रेयर अर्थ मटेरियल, जरूरी दवाइयां और मेडिकल इंस्ट्रूमेंट्स में बड़े रिजर्व बनाने की सलाह दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन भंडारों से वैश्विक सप्लाई चेन बाधित होने पर भी देश में जरूरी सामान की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकेगी।

अप्रैल 2026 में वैश्विक कच्चे तेल की औसत कीमत 103.9 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थी, जो जुलाई 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। कंसल्टेंसी फर्म ने चेतावनी दी है कि तेल की कीमतों में लंबे समय तक वृद्धि भारत के चालू खाता घाटे और महंगाई दोनों को बढ़ा सकती है, जिससे रुपये पर दबाव बढ़ सकता है और आर्थिक विकास की रफ्तार धीमी पड़ सकती है। इस चुनौती से निपटने के लिए, रिपोर्ट में भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक कॉरिडोर (आईएमईसी) और इंडो-पैसिफिक रूट्स को मजबूत करने की वकालत की गई है। साथ ही, इलेक्ट्रिक व्हीकल, ग्रीन एनर्जी और घरेलू ऊर्जा उत्पादन को तेजी से बढ़ाने पर जोर दिया गया है, ताकि आयातित तेल पर निर्भरता कम हो सके। कंसल्टेंसी फर्म का स्पष्ट मानना है कि मौजूदा वैश्विक हालात इस बात को पुख्ता करते हैं कि अब केवल आर्थिक विकास ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि आर्थिक सुरक्षा भी उतनी ही महत्वपूर्ण हो गई है। खासकर भारत जैसे विशाल आयात-निर्भर देश के लिए भविष्य के अप्रत्याशित झटकों से निपटने के लिए पहले से तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है।

## केरल विधानसभा में वंदे मातरम के अधूरे गान पर राज्यपाल अर्लेकर ने जाहिर की नाराजगी

तिरुवंतनमपुरम (एजेंसी)। केरल विधानसभा में राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने केरलम सरकार के नीतिगत भाषण के दौरान वंदे मातरम के पूर्ण गायन न होने पर गहरी नाराजगी जाहिर की है। उन्होंने इस उचित प्रोटोकॉल का उल्लंघन बताकर कहा कि राज्यपाल की उपस्थिति में राष्ट्रीय गीत का पूरा गायन अनिवार्य है। विधानसभा सत्र से लौटने के बाद राज्यपाल अर्लेकर ने स्पष्ट किया कि सदन में गीत केवल बजाया गया, गाया नहीं गया, और वह भी अधूरा। उन्होंने बताया कि उन्होंने इसबारे में विधानसभा अध्यक्ष थिरुवनचूर राधाकृष्णन से पहले ही बात कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि इस मुद्दे का उचित समाधान निकलेगा। इस घटना पर भाजपा ने भी कड़ी आपत्ति जाहिर की है। पार्टी के वरिष्ठ नेता और कझाक्कुट्टम विधायक वी. मुरलीधरन ने आरोप लगाया कि यह न केवल राज्यपाल का बल्कि वंदे मातरम और लोकसभा का भी अपमान है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद कि राज्यपाल की उपस्थिति वाले कार्यक्रमों में वंदे मातरम का पूर्ण गायन होना चाहिए, केरल विधानसभा में इसका पालन नहीं किया गया। पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरलीधरन ने इसके लिए वी. डी. सतीशान के नेतृत्व वाली यूडीएफ सरकार को जिम्मेदार मानकर कहा कि यह जमात-ए-इस्लामी और सीपीआई (एम) के दबाव में किया गया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे यह संदेश जाता है कि सरकार वंदे मातरम को धर्मनिरपेक्षता के अनुरूप नहीं मानती। इस घटना ने राज्य की राजनीतिक गलियारों में एक नई बहस छेड़ दी है, जहां राष्ट्रीय गीतों के प्रोटोकॉल और राजनीतिक मंशा पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

## राष्ट्रपति बनने के बाद पहली विदेश यात्रा पर भारत आएंगे मिन आंग ह्लाइंग



**-चीन को छोड़ भारत को दे रहे प्राथमिकता**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मिन आंग ह्लाइंग म्यांमार के राष्ट्रपति बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर भारत आने वाले हैं। रविवार को नई दिल्ली पहुंचने वाले मिन आंग ह्लाइंग की यह यात्रा रणनीतिक और सुरक्षा दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खास बात यह है कि चीन के साथ करीबी संबंधों के बावजूद उन्होंने अपनी पहली आधिकारिक विदेश यात्रा के लिए भारत को चुना है, जिसे बदलते क्षेत्रीय भू-राजनीतिक समीकरणों में अहम संकेत माना जा रहा है।

यहां बताते चलें, कि मिन आंग ह्लाइंग ने 10 अप्रैल 2026 को म्यांमार के राष्ट्रपति का कार्यभार संभाला था। इससे पहले वह सैन्य जुंटा के प्रमुख के रूप में देश का नेतृत्व कर रहे थे। भारत और म्यांमार के बीच 1,600 किलोमीटर से अधिक लंबी सीमा है, जो पूर्वोत्तर भारत की सुरक्षा और उग्रवाद से जुड़ी चुनौतियों के कारण हमेशा संवेदनशील रही है। भारत सरकार की ओर से राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में विदेश राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने हिस्सा लिया था और उसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से उन्हें भारत आने का निमंत्रण दिया गया था। बताया जा रहा है कि इस यात्रा में दोनों देशों के बीच सुरक्षा, व्यापार, विकास और कनेक्टिविटी जैसे कई अहम मुद्दों पर चर्चा होगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि केंद्र सरकार के 'मिशन 2029' में म्यांमार की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस मिशन का उद्देश्य पूर्वोत्तर भारत से उग्रवाद का पूरी तरह खात्मा करना है। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार कई उग्रवादी संगठन वर्षों से म्यांमार के सीमावर्ती क्षेत्रों में पनाह लेते रहे हैं। इनमें एनएससीएन, उल्फा और कई मणिपुरी उग्रवादी समूह शामिल हैं। भारत और म्यांमार के बीच बेहतर तालमेल से सीमा पार हथियारों की तस्करी, नार्को-टेररिज्म और उग्रवाद पर प्रभावी नियंत्रण संभव माना जा रहा है। इससे पहले भारतीय सुरक्षा बल म्यांमार में उग्रवादी ठिकानों के खिलाफ कार्रवाई भी कर चुके हैं। हाल ही में तत्कालीन नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी की म्यांमार यात्रा भी द्विपक्षीय सुरक्षा सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी गई थी।

# भारत में क्रेडिट कार्ड खर्च में रिकॉर्ड बढ़ोतरी, डिजिटल भुगतान बना पहली पसंद

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत में खरीदारी का तौर-तरीका तेजी से बदल रहा है, और लोगों की खर्च करने की आदतें अब ज्यादा बड़े अरमानों वाली लाइफस्टाइल, लेनदेन में डिजिटल साधनों को प्राथमिकता और भुगतान के आसान विकल्पों के बढ़ते चलन को दिखाती हैं। बीते दस सालों में, लोगों की बढ़ती आमदनी, बढ़ते शहरीकरण और तेजी से आगे बढ़ने की चाह रखने वाले मध्यम वर्ग ने इस बात को नया रूप दिया है कि, लोग कहाँ और कैसे पैसा खर्च करते हैं। इस वक्त लगभग 11.86 करोड़ क्रेडिट कार्ड उपयोग में हैं तथा वित्त-वर्ष 2026 के दौरान क्रेडिट कार्ड से 23.62 लाख करोड़ से ज्यादा का खर्च किया गया, जिससे जाहिर है कि यह पूरा इकोसिस्टम अब विस्तार के दौर से निकलकर रोजमर्रा के उपयोग के दौर में कदम रख चुका है। भारत में क्रेडिट कार्ड जारी करने वाली सबसे बड़ी कंपनी, एसबीआई कार्ड के आँकड़ों से पता चलता है कि क्रेडिट कार्ड के ग्राहक अब अपनी जरूरत की चीजों के साथ-साथ बेहतर अनुभव और लाइफस्टाइल पर भी दिल खोलकर खर्च कर रहे हैं, साथ ही डिजिटल प्लेटफॉर्म का भी ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल कर रहे हैं।

**ग्राहकों की बदलती पसंद**

बढ़ती आमदनी और बेहतर जागरूकता के चलते, भारतीय ग्राहक अब अपनी इच्छाओं को पूरा करने और नए-नए अनुभव हासिल करने पर ज्यादा से ज्यादा खर्च कर रहे हैं, जो यह दिखाता है कि ग्राहक अब अपनी मजी से खर्च करने की क्षमता की ओर बढ़ रहे हैं। एसबीआई कार्ड के वित्त-वर्ष 2026 के आँकड़े दशार्ते हैं कि रिटेल खर्च 15% की सालाना बढ़त के साथ 3.54 लाख करोड़ से अधिक के अब तक के सबसे ऊँचे स्तर पर पहुंच गया है। कुल रिटेल खर्च में ऑनलाइन खर्च का हिस्सा लगभग 62.5% रहा, जो दशार्ता है कि लोग अब जरूरी और गैर-जरूरी, दोनों तरह की चीजों पर खर्च करने के मामले में डिजिटल तरीकों से भुगतान को ज्यादा पसंद कर रहे हैं। ग्राहकों की जरूरत को ध्यान में रखकर तैयार की गई सेवाओं, बिना किसी रुकावट के मिलने वाला डिजिटल अनुभव और सेल्फ-सर्विस प्लेटफॉर्म, अब ग्राहकों के साथ जुड़ाव और उनकी सुविधा को बढ़ाने के लिए बहुत जरूरी होते जा रहे हैं। एसबीआई कार्ड के अनुसार, अब लाखों ग्राहक अक्सर अपनी अलग-अलग जरूरतों के लिए एसबीआई कार्ड के अलग-अलग डिजिटल प्लेटफॉर्म, जैसे कि एसबीआई कार्ड मोबाइल ऐप, लाइव चैट वाला आस्क इला चैटबॉट, तथा व्हाट्सएप सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। इन जरूरतों में नया कार्ड बनवाने से लेकर अपने सवालों के जवाब पाने तक सब कुछ शामिल है। ग्राहक अनुभव को बेहतर बनाने पर खास ध्यान देने के कारण, आज एसबीआई कार्ड के मोबाइल ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 4.6 और ऐप स्टोर पर 4.5 की शानदार रेटिंग प्राप्त है।

## पंजाब निकाय चुनाव: दूसरे और तीसरे नहीं चौथे नंबर पर भगवा दल

**-नए अध्यक्ष को कमान मिलते ही लगा करारा झटका**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संगठन में बड़े बदलाव की उम्मीदों पर निकाय चुनाव के नतीजों ने पानी फेर दिया है। केवल सिंह ढिल्लों को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने के महज 24 घंटे के अंदर नगर निकाय चुनाव परिणामों ने भगवा दल को तगड़ा झटका दिया है। भाजपा ने ढिल्लों के रूप में एक नया चेहरा पेश कर कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और विधानसभा चुनाव से पहले सकारात्मक माहौल बनाने की उम्मीद की थी, लेकिन इन नतीजों ने उन उम्मीदों पर ठंडा पानी डाल दिया। पार्टी पूरे राज्य में सिर्फ 52 सीटों पर सिमट गई, जो उसके लिए गंभीर चिंता का विषय है।

इन परिणामों की सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भाजपा न सिर्फ आम आदमी पार्टी (आप), कांग्रेस और शिरोमणि अकाली दल से पीछे रही, बल्कि अन्य उम्मीदवारों और निर्दलियों से भी पिछड़ गई। यह स्पष्ट रूप से दिखाता है कि पंजाब में भाजपा अभी भी अपनी जमीन तलाश रही है और भगवा दल को राजनीतिक रूप से खुद को प्रासंगिक बनाए रखने के लिए लंबा सफर तय करना है। किसान आंदोलन के बाद बनी दूरी, स्थानीय नेतृत्व का अभाव और क्षेत्रीय राजनीतिक मुद्दों की गहरी समझ की कमी पार्टी को लगातार नुकसान पहुंचा रही है। अब नए अध्यक्ष ढिल्लों के सामने सिर्फ संगठन चलाने की नहीं, बल्कि पार्टी को कठिन परिस्थिति से बाहर निकालने और जनता का विश्वास फिर से जीतने की बड़ी चुनौती खड़ी है। नगर निकाय चुनाव के नतीजे भाजपा के लिए केवल हार नहीं, बल्कि एक गहरी चेतावनी की घंटी हैं। पंजाब जैसे राज्य में जहां लोकल और क्षेत्रीय मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श पर हावी रहते हैं, वहां भाजपा अभी तक एक मजबूत जनाधार स्थापित नहीं कर सकी है। इन चुनावों में आम आदमी पार्टी ने फिर अपनी संगठनात्मक शक्ति और लोकल स्तर पर मजबूत पकड़ का प्रदर्शन किया। भगवंत मान सरकार की मुफ्त बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी लोक-लुभावन योजनाओं ने शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में पार्टी को जनसमर्थन दिलाया। वहीं, कांग्रेस अपनी पारंपरिक ताकत बचाने में सफल रही और अकाली दल भी भाजपा से बेहतर प्रदर्शन कर उससे आगे निकलने में कामयाब रहा। इसके बाद भाजपा के सामने सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सिर्फ चेहरा बदलने से पंजाब में उसके हालात बदल जाएंगे? ढिल्लों को अब केवल कार्यकर्ताओं में भरोसा बहाल करने की नहीं, बल्कि बूथ स्तर से लेकर किसान और सिख समुदाय तक पार्टी की स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए भी कड़ी मेहनत करनी होगी। पार्टी को अपनी रणनीति में बदलाव कर केवल हिंदुत्व की राजनीति से आगे बढ़कर लोकल मुद्दों जैसे किसानों की समस्याएं, बेरोजगारी, व्यापार और नशे की समस्या पर ठोस कार्य करना होगा।

## इबोला से निपटने बेंगलुरु और मंगलुरु में विशेष केंद्र तैयार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक सरकार ने इबोला वायरस के संक्रमण की आशंका को देखते हुए निगरानी और स्वास्थ्य तैयारियों को और मजबूत करना शुरू कर दिया है। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य और युगांडा में तेजी से फैल रहे संक्रमण के मद्देनजर भारत में भी एहतियाती कदम तेज कर दिए गए हैं। बेंगलुरु और मंगलुरु में विशेष केंद्र तैयार किए गए हैं ताकि किसी भी संदिग्ध स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। राज्य स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, बेंगलुरु स्थित राजीव गांधी चेस्ट डिजीज इंस्टीट्यूट को आइसोलेशन सेंटर के रूप में विकसित किया गया है। यहां इबोला के कुछ संदिग्ध मामलों के सामने आने के बाद निगरानी बढ़ा दी गई है। संदिग्ध मरीजों के नमूनों की जांच पहले एनआईवी बेंगलुरु में की जाएगी और उसके बाद पुष्टि के लिए एनआईवी पुणे भेजा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि फिलहाल भारत में इबोला संक्रमण का कोई भी पुष्ट मामला सामने नहीं आया है, लेकिन अंतरराष्ट्रीय यात्राओं और व्यापारिक गतिविधियों को देखते हुए सरकार पूरी सतर्कता बरत रही है।

विशेषज्ञों के मुताबिक इबोला एक बेहद गंभीर और जानलेवा वायरल बीमारी है, जिसे इबोला वायरस डिजीज के नाम से भी जाना जाता है। यह संक्रमण संक्रमित व्यक्ति या जानवर के खून, अंगों और शरीर से निकलने वाले तरल पदार्थों के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। संक्रमित कपड़े, बिस्तर, सुई और अन्य वस्तुएं भी संक्रमण फैलाने का माध्यम बन सकती हैं। स्वास्थ्यकर्मियों और संक्रमित मरीजों के करीबी लोगों को सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इबोला के लक्षण आमतौर पर वायरस के संपर्क में आने के दो से इक्कीस दिनों के भीतर दिखाई देने लगते हैं। शुरुआती लक्षणों में तेज बुखार, कमजोरी, सिरदर्द, मांसपेशियों में दर्द और गले में खराश शामिल हैं। इसके बाद मरीज को उल्टी, दस्त, पेट दर्द, आंखों का लाल होना और शरीर पर लाल चकत्ते जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

गंभीर स्थिति में आंतरिक और बाहरी रक्तस्राव भी हो सकता है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को घबराने के बजाय सतर्क रहने की सलाह दी है। संक्रमित व्यक्ति से दूरी बनाए रखने, हाथों को नियमित रूप से साफ करने, मास्क और ग्लव्स का उपयोग करने तथा संक्रमित क्षेत्रों की यात्रा से बचने की अपील की गई है। डॉक्टरों का कहना है कि समय पर जांच, इलाज और आइसोलेशन से संक्रमण को फैलने से काफी हद तक रोका जा सकता है। बता दें कि विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा इबोला वायरस के बढ़ते खतरे को लेकर वैश्विक स्वास्थ्य आपातस्थिति घोषित किए जाने के बाद भारत में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है।

## पुणे शराब कांड : आदित्य ठाकरे का सरकार पर हमला, सिर्फ दिखावे की गिरफ्तारी

**पुणे (एजेंसी)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में जहरीली शराब के सेवन से 18 लोगों की मौत के बाद शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठा दिए हैं। श्री ठाकरे ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र सरकार और पुलिस सिर्फ दिखावे के लिए लोगों को गिरफ्तार करती है है। उन्होंने पुणे के हालिया पोर्श कार हादसे के आरोपी की जेल से रिहाई के बाद जश्न मनाने के वीडियो का भी जिक्र कर कहा, अगर कानून-व्यवस्था की यही हालत है, तब हम और क्या उम्मीद कर सकते हैं।

पिछले 48 घंटों में हुई इन मौतों ने प्रशासन में हड़कंप मचा दिया है। पिंपरी चिंचवाड़ के फुगेवाड़ी और दापोड़ी में 13 लोगों ने जान गंवाई, जबकि पुणे के हडपसर और कालेपदल में पांच लोगों की मौत शराब के सेवन से हुई। पीड़ितों में गंभीर चक्कर आना और पेट दर्द जैसे समान लक्षण दिखाई दिए, जो मेथनॉल विषाक्तता के शुरुआती लक्षण हैं। शुरुआत में पुलिस ने इन मौतों को अलग-अलग बीमारियों से जोड़ने की कोशिश की, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद भारतीय न्याय संहिता और महाराष्ट्र निषेध अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामले दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू की गई।

इस मामले में योगेश वानखेड़े नामक व्यक्ति महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में सामने आया, जिसने पुलिस अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण किया और वानखेड़े को गिरफ्तार किया। पूछताछ में पता चला कि उसने पुणे शहर और पिंपरी चिंचवड क्षेत्रों में रासायनिक पदार्थ युक्त शराब की आपूर्ति की थी। राज्य उत्पाद शुल्क विभाग के पुलिस अधीक्षक अतुल कनाडे ने पुष्टि की कि आरोपी ने शराब में जहरीला रसायन मेथनॉल मिलाया था। अवैध शराब के नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की पहचान के लिए आगे पूछताछ जारी है।

पिंपरी-चिंचवड शहर के पुलिस आयुक्त विनय चौबे ने बताया कि वानखेड़े के अलावा पांच आरोपी फिलहाल पुलिस हिरासत में हैं, जबकि दो अन्य उत्पाद शुल्क विभाग की हिरासत में हैं। जांच को बाद में क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। लोगों का आरोप है कि दापोड़ी, फुगेवाड़ी और हडपसर जैसे इलाकों में अवैध देसी शराब की बिक्री बेरोकटोक जारी थी और पुलिस व उत्पाद शुल्क अधिकारी इस पर आंखें मूंदे हुए थे। पीड़ितों के परिजनों ने बताया कि शराब पीने के कुछ ही मिनटों बाद उन्हें उल्टी और पेट में तेज दर्द होने लगा था।

# भारत-फ्रांस राफेल डील: यूक्रेन की चिंता और सोर्स कोड पर विवाद



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत सैन्य इतिहास का सबसे बड़ा रक्षा सौदा करने की तैयारी में है, इसके तहत वह फ्रांस से 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदेगा। यह सौदा करीब 35 से 40 अरब डॉलर का हो सकता है। भारत ने लेटर ऑफ़ रिक्वेस्ट (एलओआर) को मंजूरी दे दी है, इस जल्द ही पेरिस भेजा जाएगा। इस समझौते की एक खास शर्त यह है कि 114 विमानों में से 90 का निर्माण स्थानीय शर्तों के तहत भारत में ही होगा, जिसके लिए 50 प्रतिशत पुर्ज़ों का उत्पादन देश में ही होना अनिवार्य है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जून के अंत में प्रस्तावित फ्रांस यात्रा से पहले भारतीय वायु सेना प्रमुख अगले महीने फ्रांस का दौरा कर रहे है। इस साल के अंत तक इस अनुबंध पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। भारत राफेल के वेपन कंट्रोल सिस्टम इंटरफ़ेस तक पहुँच बनाकर अपने स्वयं के हथियार, जैसे अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल और ब्रह्मोस एंटी-शिप मिसाइल को एकीकृत करने पर भी बातचीत कर रहा है।

हालांकि, भारत और फ्रांस के बीच होने वाले बड़े सौदे से यूक्रेन की चिंताएँ बढ़ी हैं। दरअसल, यूक्रेन की वायु सेना ने स्वयं 100 राफेल जेट खरीदने की योजना की घोषणा की थी, लेकिन अब ये योजनाएँ अनिश्चित नज़र आ रही हैं, मुख्यतः फंडिंग के मुद्दे के कारण। भारतीय महाडील के तहत भारत में ही राफेल की उत्पादन लाइन का निर्माण होगा, जिससे फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन पर मौजूदा ऑर्डर का बोझ और बढ़ जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक, डसॉल्ट एविएशन के पास पहले से ही करीब 220 राफेल विमानों का ऑर्डर लंबित है, और कंपनी सालाना करीब 26-30 विमान ही बना पाती है। यदि भारत का यह विशाल ऑर्डर भी जुड़ता है, तब डसॉल्ट का बैकलॉग 50 प्रतिशत से अधिक बढ़ जाएगा। इससे फ्रांस के अपने रक्षा बेड़े और यूक्रेन या अन्य यूरोपीय सहयोगियों को हथियारों की डिलीवरी में भारी देरी हो सकती है।

इन चिंताओं के बीच, यूक्रेनी अख़बार ने एक प्रोपेगेंडा फैलाकर आरोप लगाया है कि भारत फ्रांस पर राफेल के सॉफ्टवेयर इंटरफेस यानी सोर्स कोड तक पहुँच देने का दबाव बना रहा है। इसका उद्देश्य भारतीय इंजीनियरों को ब्रह्मोस और अस्त्र मिसाइलों को विमान में सीधे जोड़ने में सक्षम बनाना है। अख़बार ने दावा किया है कि फ्रांस और पश्चिमी देशों को डर है कि चूंकि ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस का संयुक्त प्रोजेक्ट है, यदि भारत को राफेल के गुप्त सॉफ्टवेयर कोड मिल जाते हैं, तब ब्रह्मोस एकीकरण के बहाने रूसी इंजीनियर फ्रांस के सबसे उन्नत राफेल एफ4/एफ5 विमानों के कॉम्बैट एल्गोरिदम और रडार तकनीक को डीकोड या लीक कर सकते हैं, जिसका सीधा फायदा यूक्रेन युद्ध में रूस को मिलेगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** ( *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**